{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
शनिवार 25 अक्टूबर 2025
कार्तिक शुक्ल 04 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 32
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 84,211.88 |
| निफ्टी | ~ | 25,795.15 |
| सोना | ~ | 1,24,370 |
| चांदी | ~ | 155000 |
| डॉलर | ~ | 87.82 |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## न्यूज़ डायरी

### ईडी ने तमिल अभिनेता के. श्रीकांत और कृष्ण कुमार को पूछताछ के लिए बुलाया

चेन्नई, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने तमिल फिल्मों के अभिनेता के. श्रीकांत और कृष्ण कुमार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए बुलाया है। मामला कोकीन तस्करी से जुड़ा हुआ है। ईडी के जोनल ऑफिस ने श्रीकांत को 27 और कृष्ण कुमार को 28 अक्टूबर को हाजिर होने का नोटिस दिया है। दोनों के बयान प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत दर्ज किए जाएंगे। यह जांच चेन्नई पुलिस द्वारा जून में दर्ज की गई एफआईआर के बाद शुरू हुई थी। पुलिस ने कुछ अन्य लोगों के साथ इन दोनों अभिनेताओं को भी गिरफ्तार किया था। हालांकि जुलाई में मद्रास हाईकोर्ट से दोनों को कंडीशनल बेल मिल गई थी।

### गुजरात के राजकोट में महसूस किए गए भूकंप के झटके

राजकोट, एजेंसी। गुजरात के राजकोट जिले के गोंडल शहर और आस-पास के इलाकों में दोपहर 12:37 बजे भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। खबरों में तीव्रता 3.6 (नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी -एनसीएस और अन्य स्रोतों के अनुसार) और 3.4 (एनसीएस के एक अन्य उल्लेख के अनुसार) बताई गई है। गांधीनगर स्थित भूकंप विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) के अनुसार, केंद्र गोंडल से 24 किमी दूर पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में एक खेत में दर्ज किया गया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर दर्ज किया गया। भूकंप के झटके राजकोट जिले के गोंडल शहर, जेतपुर और सौराष्ट्र के विभिन्न इलाकों में महसूस किए गए। इन झटकों से किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप का एहसास होते ही लोग घरों और दुकानों से बाहर निकल आए, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता और दहशत का माहौल बन गया।

### ज्ञानवापी विवाद : सीलिंग कपड़ा बदलने पर जिला अदालत ले सकती है फैसला

वाराणसी, एजेंसी। वाराणसी जिला न्यायालय ज्ञानवापी स्थल के संबंध में एक अहम फैसला सुना सकती है, जहां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सर्वेक्षण के दौरान कथित तौर पर एक शिवलिंग पाया गया था। इस सुनवाई में यह तय होने की उम्मीद है कि विवादित क्षेत्र को ढकने वाले खराब हो चुके सीलिंग कपड़े को बदला जाना चाहिए या नहीं। ज्ञानवापी परिसर में कोर्ट के आदेश पर हुई सर्वेक्षण में शिवलिंग मिलने के बाद उस क्षेत्र को सील कर दिया गया था।

## कुछ ना कहना




# बस में लगी आग, 22 की मौत

हैदराबाद, एजेंसी। आंध्र प्रदेश के कर्नूल जिले के चिन्ना टेकुरु गांव में शुक्रवार तड़के नेशनल हाईवे 44 पर एक भीषण हादसे में कम से कम 22 लोगों के जिंदा जलने की खबर है। यह संख्या और बढ़ सकती है। कावेरी ट्रैवल्स की एक प्राइवेट बस, जो हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही थी, एक मोटरसाइकिल से टकरा गई, जिसके बाद बस में आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मिनटों में बस आग की लपटों में घिर गई। बस में 44 यात्री सवार थे, जिनमें से 12 किसी तरह बाहर निकल पाए, जबकि शेष आग में फंस गए।

हादसे का विवरण घटना सुबह करीब 3:30 बजे कुर्नूल शहर के बाहरी इलाके में हुई। पुलिस के अनुसार, मोटरसाइकिल बस के नीचे फंस गई और फ्यूल टैंक से टकराने से धमाका हुआ, जिससे आग तेजी से फैली। उस समय अधिकांश यात्री सो रहे थे। कुछ यात्रियों ने आग देखकर खिड़कियां तोड़कर बाहर कूदने की कोशिश की, लेकिन कई लोग आग की चपेट में आ गए। चश्मदीदों ने बताया कि बस के पूरे तरह जलने से पहले चीखें सुनाई दीं। स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए पहुंचे और फायर ब्रिगेड के आने से पहले घायलों को बचाने का प्रयास किया। बचाव और राहत कार्य दमकल और बचाव टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य शुरू किया, लेकिन मृतकों की आधिकारिक संख्या अभी तक स्पष्ट नहीं है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है, जिसमें प्रारंभिक तौर पर फ्यूल टैंक टकराव को आग का कारण माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर गहरा दुख जताया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने प्रशासन को घायलों को तुरंत चिकित्सा सहायता देने और राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए। पिछला हादसा हाल ही में 14 अक्टूबर को राजस्थान के जैसलमेर-जोधपुर मार्ग पर एक बस में आग लगने से 22 लोगों की मौत हुई थी। उस हादसे में एसी यूनिट में शॉर्ट सर्किट और गैस रिसाव को कारण बताया गया था। यह त्रासदी सड़क सुरक्षा और निजी बसों की रखरखाव व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।



### कुरनूल बस हादसा पर कांग्रेस के कई नेताओं ने जताया दुख

आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में हैदराबाद-बेंगलुरु हाईवे पर एक निजी बस में भीषण आग की घटना ने देश को झकझोर दिया है। इस दुखद हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। हादसे पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक समेत कई नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### राहुल गांधी ने जताया शोक

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि आंध्र प्रदेश के कुरनूल में हैदराबाद-बेंगलुरु हाईवे पर बस में आग लगने के भीषण हादसे में कई निर्दोष लोगों की मौत अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है।



इस त्रासदी में जान गंवाने वाले सभी यात्रियों के शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। उन्होंने कहा कि बार-बार हो रही ऐसी दुर्घटनाएं हमारे सार्वजनिक परिवहन की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके लिए वाहनों के रख-रखाव की जिम्मेदारी के साथ-साथ इन हादसों पर जवाबदेही तय करना अनिवार्य है।

## पीएम मोदी का राहुल और तेजस्वी पर तंज, चोरी की आदत ऐसी... जननायक की उपाधि चुराने लगे

समस्तीपुर, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए एकदिवसीय यात्रा पर बिहार पहुंचे। इस मौके पर रैली को संबोधित कर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, लोकतंत्र के महापर्व का बिगुल बज चुका है। पूरा बिहार कह रहा है कि फिर एक बार एनडीए सरकार, फिर एक बार सुशासन सरकार...जंगलराज वालों को दूर रखेगा बिहार।

पीएम मोदी ने कहा, राजद और कांग्रेस वाले क्या कह रहे हैं और क्या कह रहे हैं ये आपको मुझसे ज्यादा पता है। हजारों करोड़ रुपए के घोटालों में ये जमानत पर चल रहे लोग हैं। जो जमानत पर हैं, वे चोरी के मामले में जमानत पर हैं। अब चोरी की आदत इनकी ऐसी है कि अब कर्पूरी ठाकुर की जननायक की उपाधि को चोरी में जुटे हैं। बिहार के लोग जननायक कर्पूरी ठाकुर का ऐसा अपमान कभी नहीं सहने वाले हैं। पीएम मोदी ने कहा आप सभी को जीएसटी बचत उत्सव का लाभ मिल रहा है और कल से छठ पूजा का महापर्व शुरू होगा। मैं बड़ी संख्या में यहां आने के लिए आप सभी का धन्यवाद देता हूं...नई रफ्तार से चलेगा बिहार जब फिर आएगी एनडीए सरकार। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कर्पूरी ठाकुर के दिखाए सामाजिक न्याय के रास्ते को एनडीए ने सुशासन का आधार बनाया है...डॉक्टर की पढ़ाई के लिए अखिल भारतीय कोटे में पहले पिछड़ों को, गरीबों को आरक्षण नहीं था। ये संविधान लेकर जो गुमराह करते हैं तब ये हक नहीं मिलता था। एनडीए सरकार ने ही ये प्रावधान किया। वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा, जब से बिहार में एनडीए की सरकार बनी थी तभी से हम बिहार के विकास में जी-जान से लगे हैं। बिहार में हमेशा ही कानून राज रहा है। सभी क्षेत्रों में विकास का काम हो रहा है... फरवरी 2025 के बजट में बिहार में मखाना बोर्ड, एयरपोर्ट की स्थापना और वित्तीय सहायता की घोषणा की गई है... केंद्र ने देश के कुछ राज्यों में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन किया था। इस वर्ष खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन बिहार में भी हुआ है।



## नेशनल कॉन्फ्रेंस को तीन तो बीजेपी को एक सीट पर मिली सफलता

नई दिल्ली, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा की चार सीटों पर हुए चुनाव के नतीजे शुक्रवार को घोषित कर दिए गए। इन नतीजों में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन सीटों पर जीत हासिल की है, जबकि भारतीय जनता पार्टी को एक सीट पर विजय हासिल हुई है।

जानकारी अनुसार नेशनल कॉन्फ्रेंस के चौधरी मोहम्मद रमजान, सज्जाद अहमद किचलू और शमी ओबेरॉय विजयी उम्मीदवार बने हैं। वहीं चौथी सीट पर भाजपा के सत शर्मा ने जीत दर्ज की है। सत शर्मा को कुल 32 वोट मिले हैं। चुनाव के दौरान मतदान शुक्रवार को हुआ था



और इसी दिन देर शाम मतगणना पूरी कर ली गई।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, चौधरी मोहम्मद रमजान को 58 वोट मिले, जबकि एनसी के अन्य उम्मीदवारों ने भी स्पष्ट बढ़त के साथ जीत दर्ज की। राज्यसभा चुनाव के नतीजों के ऐलान के बाद फारुख अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला विधानसभा परिसर में मौजूद रहे और विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी। एनसी की इस जीत के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इन नतीजों से जम्मू-कश्मीर की मौजूदा सियासी तस्वीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस का प्रभाव और मजबूत हुआ है, वहीं बीजेपी ने एक सीट जीतकर अपने जनाधार को मजबूती प्रदान करने का काम किया है।

## 1956 से पहले पिता की मृत्यु हुई तो बेटी को संपत्ति में हिस्सा नहीं- छग हाईकोर्ट

रायपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने कहा कि यदि पिता की मृत्यु 1956 से पहले हुई है, तो बेटी को उनकी पैतृक संपत्ति में हिस्सा नहीं मिलेगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 से पहले मिताक्षरा कानून लागू होगा। यह फैसला सरगुजा जिले की रघमनीया के मामले में आया, जिन्होंने 2005 में अपने पिता की संपत्ति में हिस्सा मांगा था। उनके पिता सुधिन की मृत्यु 1950-51 में हुई थी। निचली और अपील अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी। 13 अक्टूबर को जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास ने फैसला बरकरार रखा। कोर्ट ने कहा कि 1956 से पहले मिताक्षरा कानून के तहत केवल बेटे को संपत्ति मिलती थी। बेटी को अधिकार तभी मिलता, जब कोई बेटा न हो। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के दो फैसलों का हवाला दिया, जिसमें कहा गया कि 1956 से पहले की संपत्ति पुरुष उत्तराधिकारियों को मिलती थी।



चूंकि रघमनीया के पिता की मृत्यु 1956 से पहले हुई और उनके एक बेटे थे, इसलिए रघमनीया को हिस्सा नहीं मिलेगा। यह फैसला पुरानी संपत्ति पर बेटियों के दावों को स्पष्ट करता है।

यह मामला सरगुजा जिले की रहने वाली रघमनीया का है, जिन्होंने 2005 में अपने पिता की पैतृक संपत्ति में हिस्सा मांगते हुए दीवानी वाद दायर किया था। उनके पिता, सुधिन की मौत करीब 1950-51 में हुई थी। उन्होंने कहा कि वह अपने पिता की संपत्ति की कानूनी उत्तराधिकारी हैं, लेकिन निचली अदालत और अपील अदालत दोनों ने उनकी याचिका खारिज कर दी। 13 अक्टूबर को जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की बेंच ने इन फैसलों को बरकरार रखते हुए कहा कि अगर कोई हिंदू पुरुष, जो मिथाक्षरा कानून के अधीन है, 1956 से पहले मरता है, तो उसकी संपत्ति केवल पुत्र को मिलेगी। बेटी को अधिकार तभी मिलेगा जब कोई बेटा न हो। कोर्ट ने इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के दो बड़े फैसलों का हवाला भी दिया अर्शनुर बनाम हरपाल कौर 2020 और एक अन्य केस, जिनमें कहा गया था कि 1956 से पहले विरासत में मिली संपत्ति का हक़ केवल पुरुष उत्तराधिकारियों को ही मिलेगा। चूंकि रघमनीया के पिता की मौत 1956 से पहले हुई थी और वह अपने पीछे एक बेटा छोड़ गए थे, इसलिए अदालत ने कहा कि रघमनीया को संपत्ति में कोई हिस्सा नहीं बनता। हाईकोर्ट ने निचली अदालतों के फैसलों को सही ठहराते हुए कहा कि उन्होंने 卐कानून का सही अनुप्रयोग卐 किया है। यह फैसला उन तमाम मामलों पर रोशनी डालता है जहाँ बेटियाँ अपने पिता की पुरानी संपत्ति पर दावा करती हैं। अब साफ है 1956 से पहले हुई मौतों के मामलों में बेटी का हक़ लागू नहीं होगा।

### जोधपुर की एकलपीठ ने भरण-पोषण संबंधी मामले में फैमिली कोर्ट बीकानेर का आदेश रद्द किया

जोधपुर, एजेंसी। राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर की एकलपीठ ने भरण-पोषण (मेंटेनेंस) संबंधी मामले में फैमिली कोर्ट बीकानेर का आदेश रद्द किया है। एकलपीठ ने पूरा मामला नए सिरे से सुनने के लिए वापस फैमिली कोर्ट भेज दिया है। जस्टिस संदीप शाह ने महिला की ओर से दायर आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर यह फैसला सुनाया। शाह ने कहा कि फैमिली कोर्ट मामले के समस्त साक्ष्यों व सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों के अनुरूप मेंटेनेंस पर निर्णय दे। राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर ने फैमिली कोर्ट से 3 माह में फैसले की अपेक्षा की गई है। याचिकाकर्ता महिला और उसके पुत्र की ओर से 31 मई 2017 को भरण-पोषण के लिए अर्जी दी गई थी।

## नवंबर से देशभर में शुरू होगा मतदाता सूचियों की गहन पुनरीक्षण का काम

नई दिल्ली, एजेंसी। निर्वाचन आयोग ने नवंबर से देशभर में मतदाता सूचियों की गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारी पूरी कर ली है। एसआईआर का कार्यक्रम इस तरह से बनाया जाएगा कि अगले साल मई में चुनाव वाले राज्यों में भी यह काम पूरा हो जाए।

मार्च 2026 तक सभी राज्यों में नई मतदाता सूची तैयार करने की योजना बनाई गई है। सभी राज्यों के चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में स्वीकार करें।

चुनाव आयोग का दावा है कि उनका पूरा ध्यान केरल, तमिलनाडु, प.बंगाल, असम और पुडुचेरी पर है, जहां मई 2026 तक विधानसभा चुनाव होने हैं। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूचियों में दोहरे मतदाताओं को हटाना और यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता भारतीय नागरिक होना चाहिए है।

ऐसी समीक्षा 2 दशक बाद हो रही है, क्योंकि शहरीकरण और माइग्रेशन बढ़ने से चुनाव आयोग को इसकी जरूरत महसूस हुई। यहां हालात इसतरह आंध्र प्रदेश में 2003-2004 5.5 करोड़ मतदाता थे, अब 6.6 करोड़ हैं। उत्तर प्रदेश में 2003 में 11.5 करोड़ थे, अब 15.9 करोड़ हैं। दिल्ली में 2008 में 1.1 करोड़ थे, अब 1.5 करोड़ हैं।

### जनसेवा एक्सप्रेस मे भीषण आग, एक बोगी जलकर खाक, सभी यात्री सुरक्षित

अमृतसर, एजेंसी। अमृतसर से बिहार के सहरसा जा रही जनसेवा एक्सप्रेस की एक बोगी में सोनवर्षा कचहरी स्टेशन के पास अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही ट्रेन में सवार यात्रियों में अफरातफरी मच गई। रेल प्रशासन और स्थानीय कर्मचारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। फायर सुरक्षा दल की मदद से आग को नियंत्रित कर लिया गया, हालांकि इस दौरान एक बोगी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। राहत की बात यह रही कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया और स्थिति सामान्य होने के बाद ट्रेन को आगे रवाना किया गया। ट्रेन बाद में सुरक्षित रूप से सहरसा स्टेशन पहुंच गई। रेल प्रशासन के अनुसार, आग लगने का कारण प्रारंभिक जांच में इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी माना जा रहा है। हालांकि, वास्तविक कारणों की पुष्टि के लिए विस्तृत जांच की जा रही है। घटना के बाद रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों को सुरक्षा निर्देश दिए और क्षतिग्रस्त बोगी का निरीक्षण कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## भारत की धर्मनिरपेक्षता का ध्यान रखें-कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तर प्रदेश में लागू धर्मांतरण विरोधी कानून को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने सवाल उठाए। न्यायालय ने कहा कि इस कानून के जरिए धर्म बदलने की इच्छा रखने वालों के लिए प्रक्रिया को जटिल किया गया है। इन सबके बाद भी हमें ये ख्याल रखना होगा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया में सरकारी अधिकारियों की भागीदारी और हस्तक्षेप पर चिंता जताई। पीठ ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह कानून धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया में सरकारी मशीनरी की दखलअंदाजी बढ़ाने के लिए बनाया गया है। हालांकि, न्यायालय ने स्पष्ट किया कि इस कानून की वैधता पर अभी विचार नहीं किया जा सकता। पीठ ने याद दिलाया कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और कोई भी व्यक्ति अपनी इच्छा से धर्म परिवर्तन कर सकता है। पीठ ने कहा कि इस मामले में उत्तर प्रदेश धर्मांतरण अधिनियम के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता पर विचार करना हमारे क्षेत्र में नहीं है। फिर भी, हम यह मानने से खुद को रोक नहीं सकते कि धर्म परिवर्तन से पहले और बाद में घोषणा से संबंधित नियम व्यक्ति के लिए धर्म परिवर्तन की औपचारिकता को जटिल करते हैं। यह स्पष्ट है कि इन नियमों के जरिए धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया में अधिकारियों का हस्तक्षेप बढ़ाया गया है। यहां तक कि जिला मजिस्ट्रेट को प्रत्येक धर्म परिवर्तन मामले में पुलिस जांच का निर्देश देने के लिए बाध्य किया गया है। न्यायालय ने धर्म परिवर्तन के बाद घोषणा की अनिवार्यता पर भी सवाल उठाए। कोई व्यक्ति किस धर्म को अपनाता है, यह उसका निजी मामला है। इस संबंध में घोषणा की बाध्यता निजता के खिलाफ है। यह विचारणीय है कि किसी को यह बताने की क्या जरूरत है कि उसने धर्म परिवर्तन किया और अब वह किस धर्म को मानता है। इस पर विचार करना होगा कि क्या यह नियम निजता के प्रावधान का उल्लंघन करता है।

राज्य में धर्म परिवर्तन की जटिल प्रक्रिया को लेकर पीठ ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना और धर्मनिरपेक्ष प्रकृति पर ध्यान देना जरूरी है। न्यायालय ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे इसकी महान और दिव्य दृष्टि के आधार पर पढ़ा जाना चाहिए। न्यायालय ने यह भी रेखांकित किया कि हालांकि 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द 1976 में संशोधन के माध्यम से संविधान में जोड़ा गया, फिर भी धर्मनिरपेक्षता संविधान के मूल ढांचे का अभिन्न हिस्सा है, जैसा कि 1973 के केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य के फैसले में कहा गया था।

## विज्ञापन की दुनिया में रंग भरने वाले पियूष पांडे नहीं रहेजपर काम बोलता रहेगा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय विज्ञापन जगत के महान रचनात्मकता के लिए, पहचान बना चुके दिग्गज पियूष पांडे का बीते रोज 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से भारतीय विज्ञापन की अनोखी और भावपूर्ण शैली का एक युग समाप्त हो गया।पांडे ने हर विज्ञापन में जीवंतता, संवेदनशीलता और लोगों के जीवन की झलक भरी। पांडे ने एक विज्ञापन एजेंसी में चार दशकों से अधिक समय तक काम करते हुए भारतीय विज्ञापन को नई पहचान और आवाज दी। अपने अनोखे अंदाज, हंसमुख स्वभाव और गहरी समझ के साथ उन्होंने विज्ञापन को केवल उत्पाद प्रचार नहीं, बल्कि आम लोगों के जीवन से जुड़े अनुभव के रूप में प्रस्तुत किया। उनके नेतृत्व में एजेंसी दुनिया की सबसे पुरस्कार विजेता एजेंसियों में से एक बन गई और कई पीढ़ियों के रचनात्मक प्रतिभाओं को निखारने में मदद की।

जयपुर में जन्मे पांडे ने अपने करियर की शुरुआत बचपन में ही की, जब उन्होंने अपने भाई



प्रसून पांडे के साथ मिलकर घरेलू उत्पादों के रेडियो जिंगल्स में आवाज दी। इससे पहले उन्होंने क्रिकेट, चाय की टेस्टिंग और निर्माण कार्य जैसे कई पेशों का अनुभव लिया। लेकिन 27 वर्ष की आयु में उन्होंने विज्ञापन उद्योग में कदम रखा और उस समय के अंग्रेजी और अभिजात वर्ग केंद्रित विज्ञापन जगत को पूरी तरह बदल दिया। पांडे द्वारा बनाए गए अभियान जैसे रंगों का एक ब्रांड, चॉकलेट का एक ब्रांड, एक चिपकने वाला उत्पाद और एक दूरसंचार कंपनी आज भी भारतीय विज्ञापन जगत के यादगार उदाहरण हैं। उन्होंने हिंदी और देशी बोलचाल की भाषा को विज्ञापनों में लाकर उसे आम जनता के करीब किया। उनके काम में हास्य, गर्मजोशी और मानवता का संगम दिखाई देता था। एक सहयोगी ने कहा कि उन्होंने सिर्फ भाषा नहीं बदली, बल्कि भारतीय विज्ञापन की संरचना और भाव ही बदल दिए। अपनी बड़ी सफलता के बावजूद पांडे हमेशा विनम्र रहे। वे खुद को टीम का हिस्सा मानते थे, न कि अकेले सितारा। क्रिकेट के अपने शौक के चलते उन्होंने विज्ञापन को टीम खेल से जोड़ा। 2018 में पियूष और उनके भाई प्रसून पांडे एशियाई कलाकारों में पहले बने, जिन्हें एक प्रतिष्ठित विज्ञापन समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके भारतीय रचनात्मकता को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के योगदान के लिए दिया गया। पियूष पांडे का निधन न केवल विज्ञापन जगत के लिए, बल्कि उन लाखों लोगों के लिए भी बड़ी क्षति है, जिन्होंने उनके विज्ञापनों में अपनी जिंदगी के रंग और भाव देखे।

# एनजीटी और इफको की संयुक्त टीम पहुंची बालाघाट देवी तालाब का निरीक्षण कर बनाया पंचनामा

## अतिक्रमण, वैध, अवैध निर्माण,तालाब का क्षेत्रफल का किया निरीक्षण





**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**
नगर के हृद्रय स्थल में स्थित देवी तालाब एक ऐतिहासिक और प्राचीन तालाब है। हालांकि यह जगह विवादास्पद भी है, जिसके क्षेत्रफल में हो रहे लगातार अतिक्रमण, और जल में हो रहे प्रदूषण को रोकने सहित अन्य बिंदुओं को लेकर याचिकाकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में याचिका दायर की गई थी ।जिसकी सुनवाई के दौरान पूर्व में एनजीटी ने, तालाब के जल को संरक्षित करने के निर्देश जारी किए थे, लेकिन प्रशासन ने इस पर कोई कदम नहीं उठाया। इसके उलट देवी तालाब में कचरा डालकर जल को प्रदूषित करने के साथ साथ, तालाब को पूरने का कार्य किया गया ।जिसपर एतराज जताते हुए शिकायतकर्ताओं द्वारा पुन: एक और याचिका दायर की गई थी ।जिसकी सुनवाई में एनजीटी द्वारा 23 सितंबर को एक आदेश जारी कर 3 सदस्यों की राज्य स्तरीय टीम बनाकर देवी तालाब का निरीक्षण करने और सभी पहलुओं की बारीकी से जांच करने के आदेश दिए गए थे। जहां एनजीटी के इस आदेश के परिपालन में टीम ने देवी तालाब का बारीकी से निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट तैयार की ,इसमें ईफको भोपाल के मनोज विश्वकर्मा, प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी कैलाश प्रसाद सोनी और कलेक्टर के प्रतिनिधि एसडीएम गोपाल सोनी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे तो ।निरीक्षण के दौरान नगर पालिका, प्रशासनिक अधिकारी, राजस्व के अधिकारी, पटवारी सहित अन्य अमले ने मौके पर पहुंचकर शिकायत कर्ताओं द्वारा की गई शिकायत पर तालाब के चारों ओर घूम कर निरीक्षण किया। जिसके आधार पर इस टीम ने अपनी जांच रिपोर्ट तैयार कर पंचनामा बनाया है। जिसको न्यायालय में पेश किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इसी मामले पर अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी।

### 16 एकड़ 14 डिसमिल का तालाब है

याचिकाकर्ताओं ने बताया था कि 16 एकड़ 14 डिसमिल रकबे में फैले इस देवी तालाब के क्षेत्रफल में से 8 से 9 एकड़ भूमि पर दूषित पानी भरा हुआ है, जबकि 6 से एकड़ से अधिक भूमि पर दबंगों द्वारा कब्जे करके अवैध पक्के अवैध निर्माण कर दिए गए हैं। तो वहीं करीब 2 एकड़ भूमि में मलमा डालकर नगर पालिका द्वारा तालाब को लगातार बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने तालाब की भूमि से अतिक्रमण हटाने, तालाब का मूलस्वरूप लौटाने, तालाब के पानी को प्रदूषित कर रहे नाले व नालियों को बंद कराने, 1914 के सरकारी रिकार्ड के आधार पर तालाब का संरक्षण व संवर्धन किए जाने मांग की है।

### टीम ने तालाब का निरीक्षण कर, वस्तु स्थिति का लिया जाएजा

एनजीटी भोपाल में लगाई गई याचिका पर सुनवाई करते हुए एनजीटी ने 23 सितंबर को आदेश देते हुए जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय टीम का गठन किया था जिन्हें चार व 6 सप्ताह में देवी तालाब का निरीक्षण की वस्तुस्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा था। जिसके चलते इस टीम ने शुक्रवार को यहां का निरीक्षण कर पंचनामा सहित अपनी रिपोर्ट तैयार की है। यह रिपोर्ट एनजीटी को सौंपेगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी, हालांकि टीम के द्वारा बारीकी से निरीक्षण करने व पंचनामा तैयार करने से देवी तालाब को बचाने की लड़ाई लड़ने वालों के बीच उम्मीद की किरण भी जागी है। बता दें कि टीम ने सबसे पहले गणेश मंदिर के तरफ से पूरे जा रहे देवी तालाब के हिस्से का निरीक्षण किया, जहां नाला के माध्यम से गंदा पानी तालाब में आता है। जिसके बाद देवी तालाब चौक, दुर्गा माता मंदिर चौक, माल के पहले का नाला और फिर महावीर चौक के बाद आगे के स्थान का निरीक्षण किया है और वस्तुस्थिति को जाना हैं।

### लंबे समय से लड़ रहे कानूनी लड़ाई, अब जागी उम्मीद

देवी तालाब के संरक्षण और संवर्धन के लिए एनजीटी में लगाई गई याचिका में लंबे समय से कानूनी लड़ाई लड़ रहे याचिकाकर्ताओ को अब उम्मीद की किरण नजर आने लगी है ।याचिकाकर्ता द्वारकानाथ चौधरी और ओमकारलाल पण्डेल ने संयुक्त रूप से बताया कि 1914 के रिकॉर्ड में यह तालाब निस्तार तालाब है उसी में कुछ लोग गंदगी फैला रहे हैं, कुछ दबंग लोगों ने अतिक्रमण कर दुकान मकान बना लिए है ,नगर पालिका और जिला प्रशासन इस पर भी मौन बने रहे। उन्होंने अवैध निर्माण कर लिया उस निर्माण की कोई अनुमति नहीं ली, तो फिर ऐसे निर्माण को तत्काल तोड़ना चाहिए, हमने इसकी लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक लड़ी है लेकिन हमें सफलता हाथ नहीं लगी ।अब एनजीटी के माध्यम से हमें सफलता मिलती दिख रही है ।उन्होंने बताया कि तालाब के संरक्षण और संवर्धन के लिए एनजीटी में याचिका लगाई गई थी जिसकी सुनवाई के दौरान एक टीम का गठन कर यहां का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे, उसी को लेकर आज टीम ने यहां का निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा तालाब में मलमा डालकर तालाब को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है वही 8- 9 एकड़ में दूषित पानी भरा हुआ है, तो वही 6 एकड़ में अवैध कब्जा कर लिया गया है. यह सब जानकारी इस टीम को दे दी गई है, उन्होंने पंचनामा तैयार किया है, जिसे एनजीटी में प्रस्तुत किया जाएगा जिसकी अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी ।उसके बाद जो भी आदेश आएगा उस पर प्रशासन को अमल करना हीं पड़ेगा।

# शराब के नशे में किया, कीटनाशक का सेवन जिला अस्पताल के रास्ते में मौत

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम पौनी में इसी ग्राम के एक व्यक्ति धर्मेंद्र पिता ढालचंद गौतम 32 वर्ष ने शराब के नशे में कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। जिसकी जिला अस्पताल बालाघाट लाते समय रास्ते में मौत हो गई। जिला अस्पताल पुलिस ने इस व्यक्ति की लाश जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिया गया है ।जिसका पोस्टमार्टम 25 अक्टूबर को किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र गौतम खेती किसानी करता था जिसके परिवार में माता-पिता के अलावा वे दो भाई है। दोनों भाई की शादी हो चुकी है और सभी लोग सामूहिक परिवार में रहते हैं। बताया गया है कि 23 अक्टूबर को ग्राम पौनी की मंडई थी। रात्रि में कार्यक्रम के दौरान धर्मेंद्र गौतम ने शराब पी लिया था और 24 अक्टूबर को भी सुबह धर्मेंद्र गौतम ने शराब पी ली थी और शराब के नशे में ही उसने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। 9ः30 बजे धर्मेंद्र गौतम को उसके परिवार वालों ने कटंगी के अस्पताल में भर्ती किए थे। शाम 5ः30 बजे करीब धर्मेंद्र गौतम को कटंगी के अस्पताल से जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था। 6ः30 बजे करीब जब धर्मेंद्र गौतम को जिला अस्पताल लाया गया। जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिए ।धर्मेंद्र गौतम की कटंगी के शासकीय अस्पताल से जिला अस्पताल बालाघाट लाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल पुलिस ने मृतक धर्मेंद्र गौतम का शव जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दी है। जिसका पोस्टमार्टम 25 अक्टूबर को किया जाएगा।



मोक्ष बिसेन
आपको
जन्मदिवस पर
शुभाशीर्वाद



शुभेच्छु- गौरीशंकर बिसेन(पापा)
अनिता बिसेन(मम्मी)
घनश्याम बिसेन(दादा)
नेताण बाई बिसेन(दादी)
एवं समस्त बिसेन परिवार
ग्राम सुंदर(नांदी

## न्यायालय तहसीलदार किरनापुर, जिला बालाघाट म.प्र.

रा.प्र.क्र. / 0027/ड-154/ वर्ष 2024-25
साकिन:- मोहगांवखुर्द प.ह.नं. 25
रा.नि.म. माते तहसील किरनापुर

**समाचार पत्र प्रकाशन**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपलाल पिता साहेबलाल जाति पंवार निवासी ग्राम मोहगांवखुर्द तहसील किरनापुर जिला बालाघाट म.प्र. द्वारा अपने बडे पिताजी भैयालाल पिता भोला की मृत्यु दिनांक 07/08/2000 को मृत्यु के 1 वर्ष पश्चात पंजीयन की अनुमति मिलने हेतु लोकसेवा केन्द्र किरनापुर के माध्यम से आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त के संबंध में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि वे निश्चित दिनांक 29/10/2025 को या तो स्वयं, किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधी द्वारा उपस्थित होकर कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेंगा। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांक 14/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार
किरनापुर जिला बालाघाट(म.प्र.)

## न्यायालय तहसीलदार तहसील व जिला बालाघाट म.प्र.

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संगीता पति डिलेन्द्र सहारे निवासी ग्राम मेंढकी, तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट म.प्र. द्वारा मौजा बालाघाट स्थित भूमि ख.नं. 247/8ग/7 रकबा 0.018 हे. भूमि के खातेदार राधेश्याम पिता शिवप्रसाद की मृत्यु दिनांक 21/04/2021 को हो जाने से विधिक वारसान का नाम वसीयत के आधार पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि पर वसीयतग्रहीता संगीता पति डिलेन्द्र सहारे, कविता पति जीतू कोहरे, मनीषा पति निलकमल कोहरे एवं महेश कुमार पिता राधेश्याम नेवारे का नाम दर्ज किये जाने हेतु किसी व्यक्ति या संस्था किसी प्रकार की दावा या आपत्ति है तो नियत दिनांक 24/10/2025 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है इसके पशचात प्राप्त किसी भी दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

स्थान-बालाघाट

तहसीलदार
तहसील बालाघाट म.प्र.

# बंगाली समाज ने किया मां काली प्रतिमा का विसर्जन

### नगर में निकाली शोभायात्रा, बैंड बाजे की धुन पर थिरके श्राद्धालू

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**
वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी दीपावली पर्व पर बंगाली समाज द्वारा मां काली की मनोहर प्रतिमा की स्थापना की गई थी ।नगर मुख्यालय में स्थापित की गई इस प्रतिमा का शुक्रवार को भक्ति भाव के साथ विसर्जन किया गया ।देर शाम



विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में बंगाली समाज के बच्चे, युवा, महिलाएं, पुरूष और बुजुर्ग मौजूद रहे। नगर के अग्रणी महाविद्यालय पीजी कॉलेज के बाजू से मां काली प्रतिमा की विसर्जन शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। इस दौरान मां को भक्तों ने विदाई दी।

### नगर में 62 वर्षों से चली आ रही यह परंपरा

आपको बताएं कि बंगाली संस्कृति और परंपरानुसार, विगत 62 वर्षो से मुख्यालय में निवासरत बंगाली समाज हर वर्ष दीपावली पर मां काली की प्रतिमा की स्थापना करता है और उसकी भक्तिभाव से पूजा अर्चना करने के बाद उसका विसर्जन, किया जाता है। जिले में मां दुर्गा पूजा के बाद बंगाली समाज द्वारा मां काली की स्थापना की जाती है। मुख्यालय में निवासरत बंगाली समाज अपनी संस्कृति और परंपरा का निर्वहन करते हुए साल में दो बार, दुर्गा पूजा और दीपावली पर मां काली की पूजा करते है। दीपावली पर बंगाल में वृहद रूप से मां की प्रतिमा स्थापना की जाती है और उसका पूजन किया जाता है। उसी तर्ज पर बंगाली समाज द्वारा दीपावली पर्व पर मां काली की प्रतिमा की स्थापना कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। जिसके उपरांत शुक्रवार को भक्ति भाव के साथ नगर में विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई। जहां बैंड बाजे की धुन पर श्रद्धालु भक्त भक्ति गानों में झूमते नाचते नजर आए। और उन्होंने मां काली की प्रतिमा का भक्ति भाव के साथ विसर्जन किया।

### सिंदूर खेला कर, माँ को दी गई बिदाई

बताया गया कि गत 20 अक्टूबर की रात तकरीबन 11 बजे बंगाली समाज ने मां काली की 12 फीट प्रतिमा, मंडप बंधन और मां के आह्वान के बाद प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। जिसके पांचवे दिन आज शुक्रवार 24 अक्टूबर को सिंदूर खेला के साथ मां को विदाई गई। ज्ञात हो कि बालाघाट का बंगाली समाज, 62 सालों से दीपावली के दिन मां काली की प्रतिमा विराजित करता आ रहा है और पांच दिवसीय काली उत्सव के बाद, सिंदूर खेला के साथ उसका विसर्जन होता है। दीपावली पर मां काली की पूजा को लेकर बंगाली समाज यह मानता है कि मां काली की पूजा से पारिवारिक सुख-समृद्धि के साथ आत्मविश्वास बढ़ता तथा बुराईयों का नाश होता है।

### 5 दिनों तक होती है विशेष आराधना- मुनमुन सामंत

औपचारिक चर्चा में महिला मुनमुन सामंत ने बताया कि बंगाली समाज में दीपावली में मां काली की पूजा का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि पांच दिनों तक मां की आराधना और उपासना की जाती और पांचवे दिन आज 24 अक्टूबर को मां की प्रतिमा का विसर्जन किया जा रहा है।

# झुके हुए खंभों और लटकते तारों को दुरूस्त नहीं करने पर कलेक्टर नाराज

## कलेक्टर ने की विद्युत विभाग के कार्यो एवं योजनाओं की समीक्षा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**
कलेक्टर मृणाल मीना ने 24 अक्टूबर को मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों की बैठक लेकर विद्युत से संबंधित योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अधीक्षण यंत्री अमित कुमार, संभागीय यंत्री बीएल बैना, रवि कुम्भरे एवं तीनों संभाग के सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित थे।



बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, आरडीएसएस योजना, धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत विद्युत वितरण कार्य, नक्सल प्रभावित क्षेत्र में प्रस्तावित विभागीय कार्य, विद्युत दुर्घटना रोकने के लिए सुधार कार्य की समीक्षा की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना का अधिक से अधिक एवं व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए और लोगो को इससे होने वाले लाभ की जानकारी दी जाए। सोलर कनेक्शन के लिए शिविर लगाकर अधिक संख्या में आवेदन लिये जाए। जिन क्षेत्रों में बिजली की समस्या है या जहां पर बिजली की लाईन नही है उन क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ सोलर कनेक्शन देने की कार्यवाही की जाए। इस दौरान बताया गया कि जिले में 07 हजार सोलर कनेक्शन स्थापना का लक्ष्य दिया गया है। इसके विरूद्ध अब तक जिले में 530 सोलर कनेक्शन स्थापित किये जा चुके है। जिले के 78 शासकीय भवनों की छतों पर 20 किलोवॉट या उससे अधिक क्षमता के सोलर पैनल लगाने के लिए सर्वे किया जा चुका है। ग्राम कोसमी को आदर्श सौर ग्राम के रूप में चयनित किया गया है।

कलेक्टर श्री मीना ने शासन की योजना के अंतर्गत 90 प्रतिशत अनुदान पर अधिक से अधिक पात्र किसानों को सोलर पम्प दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्थायी विद्युत कनेक्शन वाले एवं जिन गावों में बिजली नही है वहां के किसानों को प्राथमिकता से सोलर पम्प दिलाने के प्रकरण तैयार किये जाए। इसके लिए कृषि विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर पात्र किसानों से आवेदन भरवाने कहा गया।

कलेक्टर श्री मीना ने जिले में झुके हुए बिजली के खम्बों एवं उन पर लटकते तारों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए त्वरित कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने लांजी एवं परसवाड़ा क्षेत्र में हुई दुर्घटनाओं के बाद भी अब तक लटकते तारों को ठीक नही किये जाने पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि भविष्य में कोई दुर्घटना होगी तो उसके लिए संबंधित संभागीय यंत्री को जिम्मेदार माना जाएगा और उसके विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सख्त निर्देश दिये कि झुके हुए खम्बों एवं लटकते तारों का सुधार कार्य 15 नवम्बर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। कलेक्टर श्री मीना ने किरनापुर विकासखंड के अंतर्गत बक्कर पंचायत के ग्राम बोरवन से बोदाझोला की बीच की विद्युत लाईन को शीघ्र ठीक करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि आरडीएसएस योजना के अंतर्गत जिले में लगभग 409 करोड़ रुपए के कार्य प्रस्तावित है। वर्तमान में 284 करोड़ लागत के 07 नवीन उपकेंद्र स्थापना, 11 केव्ही के 106 फीडरों के विभक्तिकरण और 33 केव्ही लाईन के 17 कार्य शामिल है। इनमें से 130 करोड़ के कार्य पूर्ण हो चुके है। बैहर तहसील के भंडेरी एवं वारासिवनी तहसील के अंसेरा में विद्युत उपकेंद्र के लिए जमीन आवंटन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत चिन्हित 200 ग्रामों के अनुसूचित जनजाति वर्ग के 1022 हितग्राहियों को नि:शुल्क कनेक्शन देने का कार्य प्रगति पर है। अब तक 413 कनेक्शन जारी किये जा चुके है। जिले के जनजाति क्षेत्रों के अविद्युतीकृत ग्रामों का पुन: सर्वे कराया गया है, जिसमें 1552 घरों में विद्युत कनेक्शन देने के लिए 07 करोड़ 64 लाख का प्रस्ताव जबलपुर भेजा गया है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 14 वन ग्रामों में वोल्टेज की समस्या के निदान के लिए लाईन सुधार का कार्य किया जा रहा है और यह कार्य 31 दिसम्बर 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

# सांसद श्रीमती भारती पारधी का दौरा कार्यक्रम



पद्मेश न्यूज। बालाघाट। बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी 25 अक्टूबर प्रात: 09 बजे बालाघाट से सिवनी के लिए प्रस्थान करेगी और प्रात: 10:30 बजे सिवनी के सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज के स्वर्ण जयंती समारोह में सम्मिलित होने के पश्चात बालाघाट के लिए प्रस्थान करेंगी।

आवश्यकता है
कम्प्युटर ऑपरेटर
की आवश्यकता है
अनुभवी को प्राथमिकता
- संपर्क करें -
पद्मेश सिटी केबल
कालीपुतली चौक, बालाघाट

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# साढ़े पांच करोड़ से ज्यादा मूल्य के 23 हजार क्विंटल धान की अफरातफरी

## धान की कस्टम मिलिंग में गड़बड़ी का मामला; 3 राईस मिलर्स के विरूद्ध प्रकरण दर्ज

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**
कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर धान की कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंधित राईस मिलर्स के स्टॉक का सत्यापन किये जाने पर 03 राईस मिलों में धान का स्टॉक नही पाए जाने पर उनके संचालकों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अंतर्गत थाने में एफआईआर दर्ज करायी गई है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंधित राईस मिलर्स को धान की मिलिंग कर शासन के निर्धारित अनुपात में चावल शासन को उपलब्ध कराना था। लेकिन इन मिलर्स द्वारा चावल उपलब्ध नही कराया जा रहा था। जिसके कारण इन मिलर्स के स्टॉक का सत्यापन कराया गया था। इन 03 राईस मिलों के भौतिक सत्यापन में 05 करोड़ 47 लाख 58 हजार 331 रुपए मूल्य का 23 हजार 808 क्विंटल धान नही पाया गया है।



कलेक्टर श्री मीना के आदेश पर अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे के निर्देशन में जिले में विभिन्न राईस मिलों के धान/चावल के स्टॉक के भौतिक सत्यापन की जॉच खाद्य विभाग, राजस्व विभाग के तहसीलदार/नायब तहसीलदार एवं कृषि उपज मंडी के मंडी निरीक्षक/उप निरीक्षक के द्वारा कराई गई। जिसमें तहसील खैरलॉजी में स्थित श्री मातारानी राईस मिल की जॉच में लगभग 01 करोड़ 49 लाख 22 हजार 331 रुपए के 6488 क्विंटल धान का स्टॉक नहीं होना पाया गया। इसी प्रकार तहसील लॉजी स्थित मॉ पूर्णा राईस मिल की जॉच में 01 करोड़ 29 लाख 46 हजार 700 रुपए के 5629 क्विंटल धान का स्टॉक नहीं होना पाया गया। तहसील लालबर्रा स्थित मॉ कमला देवी राईस मिल, गर्रा की जॉच में 02 करोड़ 68 लाख 89 हजार 300 रुपए के 11691 क्विंटल धान का स्टॉक नहीं होना पाया गया।

जिला आपूर्ति अधिकारी आरके ठाकुर ने बताया कि राईस मिलर्स के भौतिक सत्यापन में पाया गया कि इन तीन राईस मिलर्स द्वारा शासकीय धान की अफरा तफरी कर शासन को क्षति पहुँचाने का कार्य किया गया है। जिस पर श्री मातारानी राईस मिल खैरलॉजी के प्रोपराईटर विवेक मिश्रा निवासी खैरलॉजी के विरूध्द कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी खैरलॉजी अश्विनी देशमुख द्वारा 19 अक्टूबर को थाना खैरलांजी में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसी प्रकार 23 अक्टूबर को मॉ पूर्णा राईस मिल चिचोली (लॉजी) के प्रोपराईटर विवेक मस्करे निवासी तह.लॉजी के विरूध्द कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी लॉजी गेंदलाल सनोडिया द्वारा थाना बहेला तह.लॉजी में एवं मॉ कमला देवी राईस मिल, गर्रा के प्रोपराईटर सुधीर तिवारी एवं प्रतिनिधि विशाल गंगवानी निवासी बालाघाट के विरूद्ध कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनिल किरार द्वारा पुलिस थाना कोतवाली बालाघाट में भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# कंजई-बालाघाट रोड में मेंटनेंस की गड़बड़ी पर ठेकेदार के खिलाफ पेनाल्टी के आदेश

### कलेक्टर ने ली निर्माण विभागों के अधिकारियों की बैठक, निर्माण विभागों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की हुई समीक्षा



**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**
कलेक्टर मृणाल मीना ने 24 अक्टूबर को निर्माण विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बनाये जा रहे भवन, सड़क, पुल, पुलिया के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जायें।

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में निर्माण विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन निर्माण कार्यों में राशि के अभाव में कार्य रूका हुआ है या शेष रह गया है उन कार्यों के लिए राशि प्राप्त करने का प्रस्ताव शीघ्रता से वरिष्ठ कार्यालय को भेजें। इस दौरान उन्होंने जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चल रहे आरसीपीएलडब्यू एवं एससीए योजना के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिन कार्यों के लिए प्रशासकीय मंजूरी दी जा चुकी है उन कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने कहा गया। जिन कार्यों के लिए भूमि एवं वन विभाग की अनुमति की आवश्यकता हो उसके लिए प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण कराने कहा गया। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा नक्सल क्षेत्र के कार्य की राशि का उपयोग समय सीमा में नहीं करने पर कार्यपालन यंत्री एवं एसडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। नक्सल क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों एवं पुल-पुलियों के सुधार व मरम्मत का कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिये गये।

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में निर्देशित किया कि भवन निर्माण के जो कार्य पूर्ण हो गये हैं उनके पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जायें और उन्हें संबंधित विभाग को हस्तांतरित किया जाये। रबी सीजन में किसानों को सुगमता से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने, नहरों के सुधार व मरम्मत का कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिये गये। जिन विभागों के लिए भवन आदि के कार्य कराये जा रहे हैं, उन विभागों के अधिकारी समय समय पर निर्माण कार्य का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि भवन उनके विभाग की आवश्यकता के अनुसार बन रहा है या नहीं। कलेक्टर श्री मीना ने बालाघाट-सिवनी रोड के कंजई से बालाघाट वाले हिस्से में मेंटेनेंस का कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर ठेकेदार के विरूद्ध पेनाल्टी लगाने एवं कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने बालाघाट-गायखुरी-नवेगांव रोड का सुधार एवं मरम्मत कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिये।

बैठक में लोक निर्माण विभाग भवन संभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा बताया गया कि लालबर्रा के कालेज भवन का कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। तिरोड़ी एवं मलाजखंड में कालेज भवन का कार्य पूर्ण हो गया है। गढ़ी के छात्रावास भवन का कार्य 30 सितम्बर को पूर्ण कर लिया गया है। वारासिवनी में 100 बेड के अस्पताल भवन का कार्य प्रगति पर है। परसवाड़ा एवं बैहर में एसडीएम कार्यालय भवन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और कटंगी में एसडीएम कार्यालय भवन का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जायेगा। धापेवाड़ा में 60 बेड के आयुष औषधालय भवन का कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण हो जायेगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री अड़मे ने बताया कि जिले की 40 सड़कों के सुधार एवं मजबूतीकरण के प्रस्ताव तैयार किये गये हैं। इनमें उकवा से बिठली, बालाघाट-गायखुरी-नवेगांव सड़क भी शामिल है। कोसमी से देवटोला-भटेरा रोड का कार्य चल रहा है। बनेरा से कोड़मी सड़क का 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है नंदोरा से टेकाड़ी सड़क का कार्य नवंबर माह में पूर्ण कर लिया जायेगा।

बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल, पुलिस हाउसिंग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क ईकाई, जनजातीय कार्य विभाग एवं मध्यप्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा विभिन्न विभागों के विभिन्न योजनाओं एवं जिला खनिज निधि से बनाये जा रहे भवन, सड़क, शाला भवन, नहर एवं अन्य निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

# मोटरसाइकिल पेड़ से टकराई एक युवक की मौके पर मौत- दो घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**
जिले के बिरसा थाने की सालेटेकरी पुलिस चौकी क्षेत्र में आने वाले आगरवाड़ा रोड पर मोटरसाइकिल रोड किनारे जामुन के पेड़ से टकराने से एक युवक की मौत हो गई वहीं दो युवक घायल हो गए। 23 अक्टूबर की शाम 7:00 बजे करीब यह सड़क दुर्घटना उस समय हुई जब तीन युवक दो अलग-अलग मोटरसाइकिल में छत्तीसगढ़ राज्य के गोपाल टोला में आयोजित नाच देखकर लौट रहे थे। मृतक लेखराम पिता रमेश खैरवार 23 वर्ष कन्हारीटोला ग्राम माटे थाना बिरसा निवासी है। जिसकी लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लेखराम दो भाई बड़ा भाई जलेश्वर खैरवार 25 वर्ष का है। लेखराम अपने बड़े भाई जलेश्वर के साथ खेती मजदूरी करता था। 23 अक्टूबर को लेखराम मोटरसाइकिल में अपने घर से ग्राम कोपेभाटा अपनी छोटी बहन टिकेश्वरी के घर गया था। और वहीं से लेखराम अपने साथी धनेश मानेश्वर और पवन मानेश्वर के साथ दो अलग-अलग मोटरसाइकिल में गोपाल टोला छत्तीसगढ़ राउत नाचा देखने के लिए गए थे। शाम 7:00 बजे करीब गोपालटोला में राउत नाचा देखने के बाद तीनों युवक दो अलग-अलग मोटरसाइकिल में गोपाल टोला से कोपेभाटा लौट रहे थे। एक मोटरसाइकिल को लेखराम चल रहा था और उसके पीछे धनेश मानेश्वर बैठा था और दूसरी मोटरसाइकिल को पवन मानेश्वर चल रहा था। तीनों युवक दोनों मोटरसाइकिल में आगे पीछे चल रहे थे। लेखराम आगे चल रहा था। तभी सालेटेकरी एवं कोपेभाटा के बीच जामुन के पेड़ के पास पहुंचे ही थे कि पवन मानेश्वर ने अपनी मोटरसाइकिल को तेजी से चलाकर लेखराम की मोटरसाइकिल को पीछे ठोस मार दिया। जिससे लेखराम की मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर के रोड किनारे जामुन के पेड़ से टकरा गई। जिससे लेखराम सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं पवन मानेश्वर और धनेश मानेश्वर को मामूली चोंटे आई। इसके बाद इन दोनों युवकों ने गंभीर रूप से घायल लेखराम को निजी वाहन से बिरसा अस्पताल लाये। जहां डॉक्टर ने लेखराम को मृत घोषित कर दिया। सम्भवत: लेखराम की बिरसा अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। जिसकी लाश बिरसा के अस्पताल में सुरक्षित रख दी गई ।24 अक्टूबर को उप निरीक्षक शिवलाल परते ने मृतक लेखराम की लाश पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## एनएच 543 पर नही थम रहीं दुर्घटनाऐं

# देर रात दुर्घटना में चार घायल

### गोंदिया रोड़ पर कन्हड़गांव के समीप हुआ हादसा, मोटरसाईकिलें आपस में टकराई

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**
ग्रामीण थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कन्हड़ गांव, समीप बीती रात एक सड़क हादसा हो गया। जहां दो मोटरसाइकिल के बीच हुई आपकी भिढ़ंत में मोटरसाइकिल में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें से लूना सवार घायल को स्थानीय लोगों ने उसके घर पहुंचा दिया, तो वही दूसरी बाइक में सवार मामा भांजा सहित एक अन्य सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए देर रात जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। जिसमें से दो घायलों कि गंभीर हालत को देखते हुए, प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए उन्हें तत्काल रिफर किया गया है, तो वही एक युवक का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।



### घायलों में इनका शमावेश

बीती रात कन्हड़गांव गोंदिया मार्ग पर हुए इस सड़क हादसे लूना से आ रहे व्यक्ति का नाम और उसका पता फिलहाल नहीं लग पाया है, लेकिन इस हादसे में एक मोटसाइकिल में सवार होकर किरनापुर की तरफ जा रहे थाना वारासिवनी ग्राम चिल्लौद निवासी 40 वर्षीय विश्वराज पिता किसनलाल घरडे, ग्रामीण थाना नवेगांव, ग्राम मगरदर्रा निवासी 22 वर्षीय पंकज पिता वीरेंद्र पटले, और आमगांव (समनापुर) निवासी 24 वर्षीय प्रदीप पिता नंदलाल डोंगरे घायल हो गए। जिसमें से पंकज पटले का जिला अस्पताल में उपचार जारी है, जबकि विश्वराज घरड़े और प्रदीप डोंगरे की हालत नाजुक बनी हुई है ।जिनका प्राथमिक उपचार पर उनकी गंभीर हालत को देखते हुए, बेहतर उपचार के लिए उन्हें तत्काल रिफर किया गया है।

### बड़े पिताजी के घर किरनापुर जा रहे थे मामा भांजे

प्राप्त जानकारी के अनुसार चिल्लौद निवासी विश्वराज घरडे राजमिस्त्री का काम करते है,जबकि ग्राम मगरदर्रा निवासी उनका भांजा पंकज कॉलेज का छात्र है। मामा भांजे अपने साथ प्रदीप डोंगरे को लेकर पंकज के बड़े पिता के घर किरनापुर जा रहे थे।जो एक ही मोटरसाइकिल में सवार होकर अभी गोंदिया हाईवे रोड पर स्थित कन्नड़ गांव के समीप पहुँचे ही थे कि सामने से लूना में सवार व्यक्ति और उनकी मोटरसाइकिल के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। जहां हुई इस भिढ़ंत में दोनों मोटरसाइकिल में सवार चारों लोग मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर कर घायल हो गए। जहां स्थानिय व्यक्ति को ज्यादा चोट नहीं आई जिस पर स्थानीय लोगों ने उसे उसके घर पहुंचा दिया। तो वही इस घटना में घायल मामा, भांजे सहित तीन लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां की चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर पंकज को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कर लिया, तो वहीं प्रदीप डोंगरे और पंकज के मामा विश्वराज घरडे की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल से रिफर किया कर दिया है।

# देव उठनी ग्यारस पर बाल विवाह नही होंगे

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** प्रदेश में देव उठनी ग्यारस के अवसर पर बाल विवाह होने की संभावना अधिक होती है, इसलिए प्रतिवर्ष इस दौरान बाल विवाह के विरुद्ध बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए एक राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत की गई जिसका उद्देश्य 2025 तक बाल विवाह को 23.3 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करना तथा 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाना है। इस वर्ष 02 नवंबर 2025 को देवउठनी पर्व मनाया जाएगा। वन स्टॉप सेंटर बालाघाट की प्रशासक सुश्री रचना चौधरी ने समस्त जिलेवासियों से अपील की है कि बाल विवाह रोकने में मदद करें। उन्होंने महिलाओं को नेतृत्वकर्ता के रूप में सशक्त बनाने वाले जनप्रतिनिधि, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं एवं गणमान्य नागरिकों से अपने क्षेत्रों से बाल विवाह को समाप्त करने में सहयोग प्रदान करने कहा है। बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है जो लडकियों की शिक्षा, सुरक्षा व स्वास्थ्य में बड़ी बाधा है और उन्हे उनके सपनों को साकार करने से रोकती है। बाल विवाह के दुष्परिणामों में कम उम्र मे गर्भधारण, मातृ व नवजात मृत्यु, बाल स्वास्थ्य समस्या, शिक्षा में बाधा, रोजगार व आजीविकाओं के अवसरों में कमी तथा हिंसा और दुर्व्यवहार के खतरे शामिल है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत बाल विवाह कराना दण्डनीय अपराध है ऐसा करने पर 2 वर्ष तक के कठिन कारावास एवं 01 लाख रुपये तक के जुर्माने से दण्डित किया जाएगा।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464






# लवादा-चिल्लौद मार्ग में वैनगंगा बड़ी नहर का पुलिया बना खतरनाक

## पुलिया क्षतिग्रस्त होने से आने-जाने में हो रही परेशानी, जिम्मेदार मौन

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। वैनगंगा नदी के ढूटी बांध से निकली ढूटी वीयर वैनगंगा बड़ी नहर का अंग्रेजों के शासनकाल में निर्माण किया गया है। जो नगर मुख्यालय के विभिन्न ग्रामों से होकर गुजरी है और इस वैनगंगा बड़ी नहर का पानी खैरलांजी तक नहर के माध्यम से पहुंचता है। जिससे क्षेत्रीय किसान फसल में सिंचाई कर फसल उत्पादन करते है। साथ ही विगत वर्ष पूर्व करोड़ों रूपयों की लागत से ढूटी वीयर वैनगंगा बड़ी नहर का सीमेन्टीकरण किया गया है और जगह-जगह ग्रामीणजनों के आने-जाने के लिए नहर के बीच से पुलिया का भी निर्माण किया गया है परन्तु नहर का सीमेन्टीकरण के साथ में कुछ स्थानों पर नवीन पुलिया का निर्माण नही किया गया है जिसके कारण देखरेख के अभाव में उक्त पुलिया जीर्णशीर्ण व क्षतिग्रस्त होने लगे है। ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लवादा एवं चिल्लौद पहुंच मार्ग के बीच से गुजरी ढूटी वीयर वैनगंगा बड़ी नहर का पुलिया का है जो करीब एक से डेढ़ वर्ष पूर्व क्षतिग्रस्त हुआ है। लेकिन अब तक उसका मरम्मत कार्य नही करवाया गया है। वहीं जल संसाधन विभाग के द्वारा पुलिया क्षतिग्रस्त है भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध है का बोर्ड एक साईड में लगा दिया गया है। बावजूद उसके भारी वाहनों का आवागमन निरंतर जारी है। ऐसी स्थिति में पुलिया कमजोर हो चुका है एवं जिस स्थान से पुलिया क्षतिग्रस्त हुआ है वह मोड़ाई वाला भाग है। जिसके कारण आने-जाने वालों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि यह मार्ग लवादा से वारासिवनी की ओर जाती है और इस मार्ग से रोजाना बड़े-छोटे वाहनों का भी आवागमन होता है। वाहनों के गुजरते समय अगर चौपहिया एवं दुपहिया वाहन तेज गति में रहते है एवं अनियंत्रित होती है तो वे सीधे नहर के नीचे गिर सकते है। जिससे बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है और पूर्व में हादसे भी घटित हो चुके है। लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे ग्रामीणजन एवं राहगीरों में शासन-प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण एवं राहगीरों ने शासन प्रशासन से क्षतिग्रस्त पुलिया का जल्द मरम्मत या नवीन पुलिया निर्माण करवाने की मांग की






### ग्रामीणजन एवं राहगीरों में प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त

आपकों ग्राम पंचायत लवादा एवं चिल्लौद के बीच से ढूटी वीयर वैनगंगा बड़ी नहर गुजरी है जो खैरलांजी तक जाती है। इस नहर के पानी से क्षेत्रीय किसान फसल में सिंचाई करते है। लेकिन जिस समय नहर का सीमेन्टीकरण किया गया उस समय निर्माण कंपनी के द्वारा कार्य में अनियमितता बरतते हुए नवीन पुलिया का निर्माण नही किया गया है और पुराने पुलिया से ही सीमेन्टीकरण नहर बना दी गई है। जिसके कारण पुराना पुलिया कमजोर होने लगा है। साथ ही करीब एक वर्ष पूर्व लवादा से चिल्लौद पहुंच मार्ग वैनगंगा बड़ी नहर की पुलिया एक साईड से क्षतिग्रस्त हो चुकी है एवं पुलिया के दोनों साईड में सड़क में गड्डे भी बन गये है और उस स्थान पर मोड़ाई भी है। अगर आमने-सामने से कोई बड़ा वाहन एवं छोटा वाहन तेज गति से गुजरते है एवं मोड़ाई दिखाई नही देने पर वे अनियंत्रित होकर सीधे नहर के नीचे गिर सकते है जिससे बड़ा हादसा घटित हो सकता है। जबकि इस समस्या से कई बार ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा जिम्मेदारों को अवगत करवा दिया गया है लेकिन उनके द्वारा भी कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे ऐसा लग रहा है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। वहीं इस मामले में जब जल संसाधन विभाग के एसडीओं दिलीप परते से दूरभाष पर लवादा से चिल्लौद पहुंच मार्ग के बीच से गुजरे वैनगंगा बड़ी नहर पर बने क्षतिग्रस्त पुलिया का मरम्मत कार्य करवाने के संबंध में चर्चा करने का प्रयास किया गया किन्तु संपर्क नही हो पाया।

### क्षतिग्रस्त पुलिया दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण - दिलीप

बेहरई पूर्व सरपंच दिलीप टेंभरे ने बताया कि लवादा से चिल्लौद पहुंच मार्ग के बीच से ढूटीवीयर वैनगंगा बड़ी नहर गुजरी है, लेकिन नहर के ऊपर बना पुलिया क्षतिग्रस्त हो चुका है। जबकि उक्त पुलिया के ऊपर से रोजाना बड़े वाहनों का आवागमन हो रहा है एवं क्षेत्रीयजन आना-जाना करते है जिससे बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। श्री टेंभरे ने बताया कि क्षतिग्रस्त पुलिया दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है इसलिए जल संसाधन विभाग एवं प्रशासन को इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए नवीन पुलिया का निर्माण करवाना चाहिए।



### पुलिया का जल्द निर्माण करवाये प्रशासन - नेतलाल

कृषि उपज मंडी लालबर्रा पूर्व उपाध्यक्ष नेतलाल ठाकरे ने बताया कि नहर के ऊपर बना पुलिया क्षतिग्रस्त हो चुका है उसके बावजूद ओवरलोड वाहनों का आवागमन जारी है। जबकि इस मार्ग से लवादा होते हुए वारासिवनी की ओर लोग आवागमन करते है एवं कुछ दिनों बाद समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुरू हो जायेगी, जिसके बाद ट्रक भी चलेगे। ऐसी स्थिति में पुलिया पुरी तरह से ढह सकता है। श्री ठाकरे ने बताया कि नहर की पुलिया के समीप मोड़ाई है एवं वाहन चालक अगर तेज गति से गुजर रहे है और सामने वाला दिखाई नही देने पर वह अनियंत्रित होकर नहर के नीचे गिर सकता है। जबकि नहर से पानी बह रहा है। ऐसी स्थिति में बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। प्रशासन से मांग है लवादा से चिल्लौद पहुंच मार्ग के बीच से गुजरने वैनगंगा बड़ी नहर के ऊपर बने क्षतिग्रस्त पुलिया का जल्द नवीन निर्माण या फिर मरम्मत कार्य करवाये।



# बम्हनी में 'धरोहर' छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम आज

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय से 4 किमी दूर ग्राम पंचायत बम्हनी के देवी मंदिर परिसर में सार्वजनिक मंडई उत्सव समिति के तत्वाधान में 25 अक्टूबर को दिन-रात की मंडई का आयोजन किया गया हैं। चर्चा में ग्राम सरपंच बीआर ढबाले, सार्वजनिक मंडई उत्सव समिति बम्हनी सचिव डॉ. ललित लानगे ने बताया कि बताया कि प्रतिर्षानुसार इस वर्ष भी 25 अक्टूबर को दिन-रात की मंडई के अवसर पर रात 9 बजे से सांस्कृतिक एवं पारम्परिक मनोरंजन के लिए एक शानदार कार्यक्रम ग्रामीणों और समस्त क्षेत्रीयजनों के स्वच्छ एवं स्वस्थ मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ की सुप्रसिध्द संस्था महादेव हिरवानी कृत 'धरोहर' पारंपरिक छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य संस्था कन्हारपुरी राजनांदगांव का आयोजन किया गया है। जिसके कलाकार अपने मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। आगे यह भी बताया कि यह आयोजन बम्हनी के सर्वसमाज की एकता और संस्कृति प्रेम को दर्शाता है। यह चौथी मंडई है जिसका आयोजन बम्हनी में हर वर्ष कि तरह इस भी सभी लोगों के सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील सार्वजनिक मंडई उत्सव समिति बम्हनी अध्यक्ष चैतराम अंगुरे, डी सी ढबाले उपाध्यक्ष, फागुराम बाहेश्वर कोषाध्यक्ष, ललित लानगे सचिव, बसंत सोनबिरसे सहसचिव, सदस्य अशोक पंचबुध्दे, तुलाराम मारवाड़ें, युवराज अंगुरे, भोजराज ढबाले, लोकराम लुटे,मोहन मर्सकोले, दीपक लानगे, कपिल ढबाले, अरूण भोयर, दुर्योधन गजामे, मनीराम तुमसरे, गजानंद दौने, देवराम राजुरकर, अशोक गाड़ेश्वर, वाय के सहारे, श्रीराम तुमसरे, निरज पंचेश्वर, बबन लुटे, उमाशंकर बाहेश्वर, राजेश मानेश्वर, नरबद समनपुरे, लक्ष्मण वैघ, ओमकार हरिनखेड़े, दशरथ पंचेश्वर, उमेश अंगुरे, गगन अंगुरे, मेखराम अंगुरे, फागुराम तुमसरे सहित ग्रामीणजनों ने की है।

## सेन (नाई) समाज का दीपावली मिलन समारोह आज

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय के सिवनी मार्ग मजार के समीप स्थित काम्पलेक्स परिसर में ब्लाक सेन (नाई) समाज का 25 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए सेन (नाई) समाज लालबर्रा के पदाधिकारियों ने बताया कि यह दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम पांढरवानी सरपंच अनीस खान के मुख्य आतिथ्य, जनपद सदस्य दीपक कावरे के विशिष्ट आतिथ्य, ब्लाक अध्यक्ष दिलीप सेन, नगराध्यक्ष अमित श्रीवास की अध्यक्षता और जिला सेन समाज अध्यक्ष सत्यनारायण श्रीवास, उपाध्यक्ष डॉ. डी.आर. शिवांकर के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ होगी। आगे बताया कि इस दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिकजनों के बीच परस्पर प्रेम, सहयोग और मेल-जोल को मजबूत करने का प्रयास है। साथ ही यह भी बताया कि माह का अंतिम शनिवार होने के कारण सभी के सैलून दुकानें बंद रहेगी इसलिए स्वजातीय बंधु अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर समाज की एकजुटता को बल देने के साथ ही समाज की एकता, संस्कृति और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने का संदेश दिया जायेगा। इस अवसर पर सेन (नाई) समाज के स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील समाज के पदाधिकारियों ने की है।

# अधिवक्ता संघ का दीपावली मिलन समारोह संपन्न



पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय में गुरूवार को अधिवक्ता संघ लालबर्रा का दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम तहसीलदार (आईएएस) आकाश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, अधिवक्ता संघ लालबर्रा अध्यक्ष अधि. बाबूलाल सर्राटे की अध्यक्षता एवं तहसीलदार कन्हैयालाल टेकाम के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं एवं अधिकारियों ने एक-दुसरे को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दिये। साथ ही आपसी सौहार्द, एकता एवं सहयोग की भावना को और सशक्त करने का संकल्प लिया। अधिवक्ता संघ लालबर्रा अध्यक्ष अधि. बाबूलाल सर्राटे ने बताया कि गुरूवार को तहसील कार्यालय में अधिवक्ता संघ का दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी एवं अधिवक्ताओं ने एक-दुसरे को दीपावली पर्व की बधाई दी और सभी से कहा गया कि अपना कार्य ईमानदारी से कर लोगों को न्याय दिलवाने के क्षेत्र में काम करें। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी, अधिवक्तागण एवं राजस्व कर्मचारी-अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बेलगांव में ग्वालवंशियों ने गाय खिलाकर लिया गोवर्धन भगवान का आशीर्वाद

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय से लगभग 4 किमी. दूर ग्राम पंचायत बेलगांव में खिल्या मुठिया देव स्थान आखर चौक में बुधवार को धार्मिक आस्था एवं धूमधाम से गाय खिलावन की रस्म अदा की गई। इस अवसर पर ग्राम के सभी ग्रामीणजन अपने-अपने मवेशियों के साथ खिल्या मुठिया चौक पहुंचे जहां अहिर व गोवारी समाज के स्वजातीय बंधुओं ने विधि-विधान से पूजा अर्चन कर विभिन्न व्यंजनों से तैयार भोज को गौमाता को भोग लगाया। तत्पश्चात गाय खिलावन की रस्म अदा की गई और नौनिहालों को सुपे में लिटाकर गोबर का तिलकवंदन कर गोवर्धन भगवान का आशिर्वाद दिलवाया गया। जिसके बाद से मंडई का दौर शुरू हो चुका है। चर्चा में सरपंच अरविंद पंचेश्वर ने बताया कि गोवर्धन पर्व के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने इन्द्रदेव के प्रकोप से बचाने के लिए संपूर्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी एक अंगुली में उठाकर संपूर्ण ग्वालवंशों व गायों की रक्षा की थी। तभी से प्रतिवर्ष दीपावली पर्व के 5 वें दिन गोवर्धन भगवान की पूजा अर्चना कर गाय खिलावन की रस्म अदा की जाती है। उसी परंपरा का निर्वहन करते हुए बेलगांव के खिल्या मुठिया चौक में धार्मिक मान्यतानुसार गाय खिलावन की रस्म अदा की गई और गांव की खुशहाली व सुख-समृध्दि हेतु प्रतिवर्ष यह पूजा की जाती है। इस अवसर पर सरपंच अरविंद पंचेश्वर सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# कटंगटोला ( टेकाड़ी ला. ) में कबड्डी प्रतियोगिता आज

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय से लगभग 8 किमी. दूर ग्राम पंचायत टेकाड़ी ला. के अंतर्गत आने वाली ग्राम कटंगटोला में जय माँ बम्लेश्वरी समिति के तत्वाधान में मंडई के अवसर पर 25 अक्टूबर से एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के उपसचिव देवेन्द्र तेकाम ने बताया कि ग्राम कटंगटोला (टेकाड़ी ला.) में मंडई के अवसर पर 25 अक्टूबर को शाम 7 बजे से एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 10001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5001 रूपये एवं प्रवेश शुल्क 301 रूपये निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर जिलेभर के कबड्डी टीमों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपील आयोजन समिति के अध्यक्ष दीपक खण्डाते, उपाध्यक्ष दिलीप तेकाम, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र मर्सकोले, उपसचिव देवेन्द्र तेकाम, सचिव अंकित उयके, जनपद सदस्य झनकारसिंह उइके, सरपंच प्रतिनिधि रामसहाय गाडेश्वर, सचिव संतलाल पन्द्रे, वन विभाग के मोहपाल उइके, सचिव भीवराम डोंगरे, रोजगार सहायक राधेश्याम गाड़ेश्वर, चंदन टेकाम उपसरपंच, श्रीमती इंदिराबाई टेकाम पूर्व सरपंच, राजू देशकर पूर्व सरपंच, कानुसिंह खण्डाते पुलिस, मानसिंह खण्डाते, शेरसिंह खण्डाते सहित मंडई समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने की है।



# सोनपुरी मंडई में भारतीय संस्कृति और सभ्यता की दिखी झलक

## क्षेत्र की सबसे बड़ी मंडई सोनपुरी का आनंद लेने दूर शहरों से पहुंचे लोग

पद्मेश न्यूज। उकवा। आकर्षक झूले साजो समान एवं अनेक देशी वस्तुओं से सजी उकवा क्षेत्र की सबसे बड़ी मंडई जिसका इंतजार हजारों लोगों को पूरे साल भर रहता है,जिसका आनन्द लेने बड़े बड़े शहरों में निवासरत स्थानीय जन अपने परिवार के साथ एक दिन गांव पहुंच अपनी जन्मभूमि अपनी माटी को आदर प्रदान कर पूरी मस्ती और उमंग के साथ इस मंडाई का आनंद लेते है,उकवा के सोनपुरी ग्राम में आयोजित होने वाला यह अति महत्वपूर्ण और सांस्कृतिक उत्सव है। यह पूर्वजों से चलती आ रही परम्परा के अनुसार मंडई मेले का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें लोग अनेक प्रकार की देशी वस्तुओं का क्रय विक्रय करते है और अपनी संस्कृति का आनंद लेते हैं। यह मेला स्थानीय निवासियों और पर्यटकों के लिए मनोरंजन और खरीदारी का प्रमुख केंद्र होता है।



### गोवारी नृत्य प्रतियोगिता में वितरित किए गए ईनाम

बताया गया कि यह संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। विदेशी पर्यटक भी इस मेले का आनंद लेने आते हैं।लोग मिठाइयाँ, सिंघाड़े, गन्ने, बच्चों के कपड़े और खिलौने जैसी चीज़ें खरीदते हैं।बताया गया कि इसका इतिहास सदियों पुराना है और इसका उपयोग सामाजिक और सांस्कृतिक मेलजोल के लिए होता था, हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम में गोवारी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया , जिसमें अनेक टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें इस वर्ष ग्राम लोटमारा परसवाड़ा से आई टीम ने बहुत ही आकर्षक वेशभूषा में नृत्य कर सबका मन मोह लिया। जिसे समिति द्वारा प्रथम पुरस्कार प्रदान कर 5000 रु एवं आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की गई, द्वितीय पुरस्कार 3500रु एवं आकर्षक ट्रॉफी भोरवाही परसवाड़ा को प्रदान दी गई, तृतीय पुरस्कार 1500 चमचमाती ट्रॉफी विगत वर्ष की विजेता ग्राम समनापुर को प्रदान किया गया ,एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

### इनका रहा सहयोग

संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक ओमकार राहंगडाले,ग्राम सरपंच सुनील उइके, अनुराग गुलाब म?वी, मनोज चौधरी,भूमेश मात्रे, सत्यनारायण राहंगडाले, राजेन्द्र दास,सतीश उमरे आदि का सराहनीय योगदान रहा, इस भव्य और आकर्षक गावरा नृत्य प्रतियोगिता में प्रमुख अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता एवं सर्व धर्म सेवा समिति उकवा के अध्यक्ष जेम्स बारिक, बसंत कुमरे, सचिव नितिन कुमार, सूरजलाल कटरे, अर्जुन उइके (सरपंच प्रतिनिधि) शिवनंद मड़ावी, कृष्ण घुले, राधेश्याम घुले,सुखचरण खंडाते उपस्थित रहे वही संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में ग्राम के राजेन्द्र कोडोपे, बाबूलाल गजभिये, नवीन ठाकरे, कांतिलाल चौहान, संदीप गजभिये, सुजल परते, डॉ प्रभात घुले, नरेश उइके, कपिल पटले, विशाल चौधरी, सोनू सिरसाम विनय,अमन गौतम, अजय सनीचरे, अनिल ठाकरे, तपेश राहंगडाले, ग्राम सोनपुरी के समस्त ग्रामवासी आदि के पूर्ण सहयोग रहा।

## औल्याकन्हार में दिन-रात की मंडई आज

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत औल्याकन्हार में 25 अक्टूबर को दिन-रात की मंडई का आयोजन किया गया है। चर्चा में मंडई समिति अध्यक्ष धनेन्द्र पटले ने बताया कि दीपोत्सव पर्व के बाद से मंडई का दौर प्रारंभ होता है जिसमें हर ग्राम में पुरातन से मंडई का आयोजन होता हुआ आ रहा है। इसी कड़ी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 25 अक्टूबर को ग्राम औल्याकन्हार में चौथी मंडई के अवसर पर ग्रामीणजनों के रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए रात 9 बजे से दुय्यम शायरी का आयोजन किया गया है। जिसमें दबंग शायरी छत्तीसगढ़ी धमाका पार्टी घोटी (आरम्भा) शाहिर चन्द्रशेखर दमाहे गुरूजी बैशाखु नागेश्वर एंड पाटी एवं सीमा एंड पार्टी मोहगांव (ध) गायिका सीमा हिवारे साथी कलाकारों द्वारा शायरी की प्रस्तुती दी जायेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील ओपी बिसेन चैयरमेन औल्याकन्हार फिजीकल क्लब, सरपंच प्रतिनिधि औल्याकन्हार, शीतलप्रसाद हरिद्वाज, प्रमोद चौहान, जैराज भारद्वाज, छन्नूलाल कटरे, नन्दकिशोर बिसेन, आसाराम कटरे, महेंद्र चौहान, हरिलाल मराठा, भंडारी नागेश्वर, सुनील बिसेन, आशीष बिसेन, राकेश नागेश्वर, शिवप्रसाद राणा, प्रभात मेश्राम सहित ग्रामीणजनों ने की है।

# जंगली सुअरों का महाराजपुर के आसपास आतंक

## अपने खेतों में डर कर आना-जाना कर रहे महाराजपुर के किसान

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।**
वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरगांव के महाराजपुर में किसानों के लिए जंगली सूअर एक सरदर्द बनी हुई है। किसानों का खेतों में आना जाना मुश्किल बना हुआ है रोजाना जंगली सूअर खेतों में आकर उधम मचा रहे है। जहां खेतों में गड्ढे करना धूरे को तोड़ना फसल को उखाड़ना तो वहीं खेतों में कार्य कर रहे लोगों के पीछे दौड़ना। जिससे किसानों की फसल नुकसान के साथ जान माल का भी खतरा बना हुआ है। यह स्थिति बीते कुछ समय से बनी हुई है जहां लगातार ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग से जंगली सूअर पर अंकुश लगाने की मांग की जा रही है। किंतु वर्तमान तक इस पर गंभीरता से विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिसका परिणाम है कि लोगों को डर डर कर खेतों में आना जाना करना पड़ रहा है। विदित हो की इसके पहले भी जंगली सूअर के द्वारा ग्राम के कुछ लोगों को गंभीर रूप से घायल किया जा चुका है। हालांकि अभी तक सभी सुरक्षित है किंतु बड़ी दुर्घटना होने की संभावना लगी हुई है। यह स्थिति ग्राम का जंगल होने के कारण निर्मित हुई है, डोंगरगांव एक बड़ा जंगल पड़ता है जो वन विभाग के अंतर्गत आता है। जहां पर तरह तरह के वन्य प्राणी और हिंसक वन्य प्राणी निवास करते हैं। ऐसे में जंगली सूअर लगातार किसानों के खेतों तरफ आती है। तो वहीं नालों के पास में अपना निवास स्थान बनाकर झुंड के साथ रहती है जो कभी भी खेतों में पहुंच जाती है। ऐसे में नाले किनारे स्थित खेतों के किसान सामूहिक रूप से आना जाना कर रहे हैं उन्हें सबसे ज्यादा डर जंगली सूअर का लगा हुआ है। वर्तमान में किसानों का खरीफ का सीजन चल रहा है जिसमें किसानों के द्वारा धान की फसल लगाई गई है। जहां पर किसान अपनी खेती कार्यों के लिए आना जाना करते हैं। वर्तमान में कुछ किसानों के द्वारा फसल कटाई भी की जा रही है तो वहीं अधिकांश किसान फसल में हो रही बीमारी से परेशान है। इसलिए दवा छिड़काव करने के लिए जाते हैं फिर भी लोगों को डर लगा हुआ है। ऐसे में ग्राम के किसानों के द्वारा वन विभाग से व्यवस्था बनाए जाने की मांग की जा रही है।





### जंगली सूअर खेतो में मचा रहे उधम-दीनदयाल बिसेन

किसान दीनदयाल बिसेन ने बताया कि हमारी खेती नाले के पास में स्थित है वहां पर १० दिन में जंगली सुअर आते रहते हैं। उनके द्वारा खेतों में उधम मचाया जाता है जो धान कटाई होकर पुंजना रखा हुआ है उसे भी खराब कर रहे हैं। फसलों को खोद रहे हैं अभी १२ दिनों से बहुत ज्यादा स्थिति खराब हो गई है। इसके पहले जब फसल लगी थी हरा धान था तब यह बहुत ज्यादा आते थे उसके बाद अब आ रहे हैं। वन विभाग वाले दिखते तो नहीं है किंतु आना चाहिए हमारे इधर आम के पेड़ तरफ बहुत समस्या है। लोग जा नहीं पाते हैं डर.डर कर जा रहे हैं एक दिन मैं अपने खेत में बैठा था मेरे बाजू से जंगली सूअर भागी इनकी रोकथाम के लिए वन विभाग को कार्य करना चाहिए।

### जंगली सूअर से किसानों को जान का खतरा बना हुआ है-निपेन्द्र पटेल

निपेन्द्र पटेल ने बताया कि ग्राम महाराजपुर में डोंगरगांव जंगल लगा हुआ है जिस कारण से जंगली सूअर का आतंक यहां पर है। खेतों में किसानों की खड़ी फसल है उसे यह उखाड़ रहे हैं गड्ढे कर रहे हैं धुरा तोड़ रहे हैं फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कई प्रकार से किसान परेशान हो रहा है इसमें जान माल का भी खतरा हर किसी को बना हुआ है। ३ वर्ष से हम लोग बहुत ज्यादा परेशान हैं वन विभाग या शासन को सुरक्षा व्यवस्था बनानी चाहिए किसानों का जो नुकसान होता है उसका मुआवजा देना चाहिए। किसान अभी खेत जा रहे डर कर क्योंकि जान का खतरा बना हुआ है।

# पति और पत्नी पर मारपीट का अपराध दर्ज

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** नगर के वार्ड नंबर २ निवासी योगेश कुमार नंदनवार के द्वारा प्रदीप निनावे और उनकी पत्नी सविता निनावे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार योगेश कुमार नंदनवार के द्वारा शिकायत की गई थी कि मैं ग्राम सिकन्द्रा हाल मुकाम वार्ड नं.२ वारासिवनी रहता हूं। सांईकृपा फोटोकापी की दुकान चलता हूं २३ अक्टूबर की रात्रि करीबन ११.१० बजे की बात है। मैं अपने लड़के यथार्थ नंदनवार के साथ ग्राम सिकन्द्रा की मंडई में घुमने गया था। उसी समय मेरा रिस्तेदार प्रदीप निनावे और पुरानी रंजिश को लेकर मुझे गंदी गंदी गालियां देने लगा उसी समय प्रदीप निनावे ने अपनी पत्नी सविता निनावे को फोन करके बुलाया थोडी देर बाद उसकी पत्नी सविता निनावे आयी और वह भी मुझे एवं मेरे लड़के यथार्थ को गाली गलौच करने लगी। मैने गाली देने से मना किया तो प्रदीप निनावे एवं उसकी पत्नी ने मुझे एवं मेरे लड़के को हाथ मुक्को से मारपीट करने लगे । मारपीट करने से मेरे दाहिन हाथ के अंगूठे के पास चोट लगी है तथा मेरे लड़के को दाहिने हाथ की कोहनी एवं पेट में चोट लगी है। प्रदीप निनावे एवं उसकी पत्नि सविता निनावे ने मेरी प्लेजर गाडी को तोड़फोड़ करने लगे तब मैं अपनी गाड़ी छोडकर चला गया। मैं करीबन रात्रि २.३० बजे गाड़ी लेने आया तो देखा की मेरी गाड़ी प्लेजर सामने एवं पीछे से पूरी टूटी हुई थी। गाडी टूटने से करीबन ५००० रूपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर सिकंद्रा वार्ड नंबर ११ निवासी प्रदीप निनावे और सविता निनावे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा २९६, ११५ (२), ३५१ (३),३२४ (२), ३/५ के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया हैं।




# हम अपनी जिम्मेदारी का करेंगे निर्वहन-प्रदीप जायसवाल

## गर्रा ,सेलवटपार और बनियाटोला के मंडई उत्सव में हुये शामिल प्रदीप जायसवाल





**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।**
दीपावली के पश्चात ग्रामीण क्षेत्रों में मंडई उत्सव का दौर प्रारंभ हो गया है। ग्राम ग्राम में सांस्कृतिक के माध्यम से मेल मुलाकात की इस संस्कृति में पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल गत रात्रि में गर्रा , सेलवटपार, बनियाटोला में अतिथि के रूप में शामिल हुये। ग्राम गर्रा रामपायली में सांस्कृतिक लोक कला मंच की शानदार प्रस्तुति दी गई। वहीं पंचायत भवन व छिंदींटोला के कार्यक्रम में कहा की पहले हम श्रीकृष्ण की आराधना कर दशहरा में भगवान श्रीराम का आर्शीवाद लिया है। अब हमारे खेतो में लहलहाती फ सल घर में लक्ष्मी माता के आगमन का संकेत दे रही है। इस लक्ष्मी से हम अपने परिवार में बेटो की शादी से लेकर बच्चो के स्कूलो की फीस जैसे कार्यो को कुशलता से संपन्न करने जा रहे है। इसी तरह सेलवटपार में प्रदीप जायसवाल ने कहा की इस पंचायत में ग्राम सहित टोलो में भी समान रूप से विकास कार्यों को गति प्रदान की गयी है। अनेकों महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्थापना वाली आदर्श पंचायत सेलवटपार में जल्द बड़े जनप्रतिनिधियों का आगमन कराकर इसकी विशिष्ट पहचान को आगे बढाया जा रहा है। ग्राम पंचायत भवन के सामने सांस्कृतिक लोक कला मंच लांजी किरनापुर की धार्मिक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान राही पांडे सरपंच प्रतिनिधि,मुन्ना रिनायत, परमानंद तेलासे, बबलू पटले, कमला भलावे, नीलम मर्सकोले, दिनेश यादव, किरण बागड़े, कन्हैया उइके,सोहन मर्सकोले,कैलाश मेश्राम, राधेश्याम राजपाण्डे, सुखलाल बावने, तोपसिंह उइके, अनीश मिश्रा , रूपेंद्र सोनवाने , सुरेश पटले, चित्रसेन बिसेन सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# एक छोटे से कार्यकर्ता को आप लोगों ने बनाया विधायक-विवेक पटेल

## मंडई के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बोले विधायक





**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।**
कई वर्षों से यह मेला होते आ रहा है मैं भी विधायक बनने के पहले से यहां आ रहा हुं मंडई हमें एक दूसरे से मिलाता है। गाँव की पहचान मंडई मेले से होती हैं,मेला खुशी मनाने का पर्व होता है। सुख दु:ख तो हमारे जीवन में आते रहते है। इस वर्ष बारिश भी अच्छी हुई हैँ और किसानों की फसल भी अच्छी हुई है। मगर भाजपा सरकार के द्वारा इकत्तीस का वादा अभी तक पूरा नही हुआ। हमारा क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है हम फसल लगाते है और अपना जीवन यापन करते है। यह उदबोधन क्षेत्र के विधायक विवेक पटेल ने ग्राम मुरझड़, सेलोटपार, पिपरिया, बरबसपुर, मोहाड़ी में मंडई के दौरान ग्रामीणों से कही। जिसके बाद विधायक पटेल ने फीता काटकर सांस्कृतिक लोक नृत्य का शुभारंभ किया। इस दौरान खैरलाँजी जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे, ब्लाक अध्यक्ष गोकुल प्रसाद गौतम, सुभाष क्षिरसागर, राजकुमार चौधरी,आरिफ भाई सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# टवेरा की टक्कर से शिक्षक घायल

## खड़ी मोटरसाइकिल को टवेरा ने मारी टक्कर

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** नगर के कटंगी रोड़ स्थित परशुराम चौक के सामने २३ अक्टूबर की रात में करीब १० बजे खड़ी मोटरसाइकिल को टवेरा वाहन ने जबरदस्त टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार शिक्षक विष्णु कुमार पटले गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका उपचार सिविल अस्पताल एवं बालाघाट के निजी अस्पताल में करवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नंबर ६ निवासी ५५ वर्षीय विष्णु कुमार पिता हिरनलाल पटले जो शिक्षक के पद पर पदस्थ है। वह प्रतिदिन की तरह भोजन ग्रहण कर कटंगी रोड़ स्थित परशुराम चौक पर चौरड़िया गली के सामने अपने मित्रों के साथ खड़े थे। जहां उनके द्वारा आपसी चर्चा की जा रही थी इसमें विष्णु पटले अपनी मोटरसाइकिल के ऊपर बैठे हुए थे। तभी रात्रि करीब १० बजे अचानक टवेरा वाहन कटंगी की ओर से नेहरू चौक की ओर जा रहा था जिसने खड़ी मोटरसाइकिल पर सवार विष्णु पटले को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। मौके पर मोटरसाइकिल और विष्णु पटले दोनों छिटक कर दूर फेंका गये जिसमें मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त के साथ विष्णु पटले गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपस्थित मित्रों के द्वारा तत्काल उक्त टवेरा वाहन से सिविल अस्पताल में लाकर उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार कर तत्काल बालाघाट के निजी अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार कर घर ला लिया गया हैं। इस दुर्घटना में विष्णु पटले के हाथ पैर सर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में अंदरूनी और बाहरी चोट आई है।




# घोटी की मंडई में डांस करने के विवाद पर नगपुरे परिवार के तीन पर अपराध दर्ज

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** खैरलांजी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत घोटी में २३ अक्टुबर को ग्राम की मंड़ई कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान डांस करने को लेकर विवाद हो गया जिसमें पुलिस ने आदर्श दमाहे की शिकायत पर आदर्श नगपुरे ,राजकुमार नगपुरे ,उमेश नगपुरे पर मारपीट का अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में मड़ई मेले का दौर प्रारंभ हो गया है ग्राम ग्राम में मंडई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। जहां आपसी सौहार्द और मिलन कार्यक्रम से लोग एक दूसरे से मिलकर त्योहार को उत्सव के रूप में मना रहे हैं। ऐसा ही ग्राम घोटी में मंडई कार्यक्रम आयोजित किया गया था जहां पर २३ अक्टूबर की रात में ग्राम के मनोरंजन के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान नृत्य करने को लेकर कुछ युवाओं के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। जिसमें कुछ युवाओं के द्वारा आपा खोकर गाली गलौज और मारपीट कर दी गई। जिसमें आवेदक आदर्श पिता दिलीप दमाहे उम्र २५ वर्ष वार्ड नंबर १२ घोटी थाना खैरलांजी निवासी के द्वारा थाने में लिखित शिकायत दी गई। ग्राम में मंडई कार्यक्रम के दौरान सभी नृत्य कर रहे थे इसी समय आदर्श नगपुरे, राजकुमार नगपुरे ,रूपेश नगपुरे के द्वारा नाचने को लेकर विवाद प्रारंभ कर उसके साथ मारपीट कर दी गई। मामले में पुलिस के द्वारा प्रार्थी की शिकायत पर आदर्श नगपुरे ,राजकुमार नगपुरे ,उमेश नगपुरे के खिलाफ अपराध क्रमांक ३१४/२५ भारतीय न्याय संहिता की धारा २९६, ११५ (२), ३५१ (३),३२४ (२), ३/५ के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## तुमाड़ी में सार्वजनिक मंडई आज

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।**
वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम तुमाड़ी में २५ अक्टूबर को सार्वजनिक मंडई समिति के तत्वाधान में मंडई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह ग्राम तुमाड़ी के आखर चौक में मंडई चतुर्थ का रखा गया है। जिसमें मुस्कान छत्तीसगढ़ी एंड आर्केष्ट्रा रिमिक्स नाईट शो ग्राम मेहंदीवाड़ा के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मंडई कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील आयोजन समिति सहित ग्रामीणों ने की है।

# भानपुर में दो दिवसीय विशाल कबड्डी प्रतियोगिता २७ को

**पद्मेश न्यूज। आरंभा।** खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भानपुर में २७ अक्टूबर को नवयुवक समिति देवी चौक के तत्वाधान में दो दिवसीय ओपन विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है ।यह प्रतियोगिता का शुभारंभ २७ अक्टूबर को मुख्य अतिथि के आर परमिल, अध्यक्षता जे के दमाहे ,विशिष्ट अतिथि सुंदर दमाहे ,मार्कण्ड दमाहे ,रुपचंद लिल्हारे ,दिलीप दमाहे, कैलाश दमाहे ,हरिलाल दमाहे ,चोवालाल दमाहे ,हनसलाल मसखरे ,बिहारी लिल्हारे ,अशोक मसखरे ,राजकुमार मसखरे, मदन मसखरे , सोहनलाल बंबुरे ,अमर बंबुरे ,महेन्द्र दमाहे ,पितम मसखरे ,अजबलाल लिल्हारे ,रमेश दमाहे की उपस्थिति में प्रारंभ किया जाएगा । वहीं समापन २८ अक्टूबर को विधायक विवेक पटेल ,प्रियंका राहुल गांधी विचार मंच जिला अध्यक्ष जावेद अली के मुख्य आतिथ्य एवं गोकुल प्रसाद गौतम पूर्व



जिला पंचायत सदस्य की अध्यक्षता , अनिल पिपरेवार ,संदेश बिसेन ,संदीप लिल्हारे ,मिथलेश नगपुरे ,राजकुमार चौधरी ,तेजराम नगपुरे ,अशोक लिल्हारे ,मानिक भगत ,पवन चिखले ,प्रफुल नगपुरे ,अंगत बिसेन की उपस्थिति में किया जाएगा । जिसमें प्रथम इनाम दस हजार रूपये ,द्वितीय इनाम छ: हजार रूपये, तृतीय इनाम चार हजार रूपये रखा गया है। जो विजेता टीम को दिया जाएगा। इस दौरान कमलेश दमाहे बेस्ट रेडर ५०० रूपये ,सुनिल मसखरे बेस्ट केचर ५०० रूपये,रिषभ लिल्हारे मेडल वितरक, ओमप्रकाश दमाहे राष्ट्रीय खिलाड़ी ट्रॉफी दी जाएगी। वहीं दिव्या मोहारे ब्लॉक युवा समन्वयक खैरलांजी खेल एवं युवा कल्याण विभाग ओमप्रकश दमाहे राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर आयोजन समिति अध्यक्ष जय दमाहे ,देवेन्द्र लिल्हारे ,अंकेश दमाहे ,जितेश मसखरे ,महेन्द्र दमाहे ,केशराम परमिल ,जंगली उपवंशी सहित ग्रामीणों के द्वारा लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की गई है।

## संपादकीय

# अक्षम्य सुरक्षा चूक

केरल के दौरे पर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ले जा रहे वायुसेना के हेलीकाप्टर के पहिये का लैण्डिंग के समय हेलीपैड पर धंसना सुरक्षा में अक्षम्य चूक है। राष्ट्रपति बुधवार को सबरीमला स्थित भगवान अयप्पा मन्दिरमें दर्शन के लिए पहुंची थीं । पथानमथिट्टा जिले में प्रमदम स्थित राजीव गांधी इण्डोर स्टेडियम में हेलीकाप्टर लैण्डिंग के समय कंक्रीटके नवनिर्मित हेलीपैड का एक हिस्सा अचानक धंस गया जिससे हेलीकाप्टर के पहिये फंस गये। हालांकि बड़ा हादसा होने से टल गया। राष्ट्रपति मुर्मू के पम्बा के लिए सड़क मार्ग से रवाना होने के बाद मौके पर मौजूद पुलिस, फायर ब्रिगेड और सुरक्षाकर्मियों ने मिलकर हेलीकाप्टर को धक्का देकर बाहर निकाला। बड़ी बात यह है कि राष्ट्रपति का हेलीकाप्टर उतारने के लिए आखिरी समय में स्टेडियम को चुना गया था और मंगलवार को देर रात हेलीपैड बनकर तैयार हुआ। इतने कम समय में कंक्रीट पूरी तरह जमा नहीं था जो लैण्डिंग के समय चटक गया और पहिये धंस गये। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के निर्णय क्षमता और निर्माण करने वालों की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है। राष्ट्रपति देश की प्रथम नागरिक हैं और एक संवैधानिक पद पर हैं, ऐसे में इस तरह की इतनी बड़ी चूक को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। इसकी पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए। यह कोई साधारण चूक नहीं है। राष्ट्रपति का केरल का दौरा पहले से तय था, फिर अन्तिम समय में हेलीकाप्टर के उतरने का स्थान तय क्यों किया गया ? कंक्रीट के सूखने में कितना समय लगता है, इसपर भी विचार नहीं किया गया जो हद दर्जे की लापरवाही को उजागर करता है। इसके लिए जिम्मेदार अफसरों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए जिससे भविष्य में इस तरह के आसन्न हादसे को रोका जा सके।

> गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के निर्णय क्षमता और निर्माण करने वालों की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है।

# दुनिया की पहली पाठशाला

देश, समाज, परिवार यह सब हमारे जीवन की आधारशिला हैं। हम पैदा होने के बाद पलने-बढ़ने से लेकर बड़े होने और अपना जीवन जीने तक जो भी हासिल करते हैं, जो भी हमें समाज और परिवार से मिलता है, वह सब आखिरकार हमारे व्यक्तित्व को गढ़ता है। सवाल है कि इन सबके बीच कौन ऐसा चेहरा होता है, जो हमारे जीवन के हर पल को सुख और सुकून से भर देने के लिए न केवल दुनिया के सामने खड़ा हो जाता है, बल्कि अपना भी सब कुछ त्याग देने को तैयार हो जाता है। हम चारों ओर अपनी नजर घुमाएं। क्या हमें अपनी मां के सामने कोई और दिखाई देता है? दरअसल, मां एक ऐसा शब्द है, जिसे सुनते ही हमारा ह्रदय करुणा और प्रेम के साक्षात दर्शन करता है। मगर मां सिर्फ संबोधन नहीं है, बल्कि एक संपूर्ण संसार है। हमारे जीवन की आधारशिला है। गर्भ काल से लेकर हमें जन्म देने तक से बहुत आगे। जब तक मां का जीवन है, मां अपने बच्चे के लिए एक सुरक्षित आंचल प्रदान करती है। मां और बच्चे का रिश्ता ही संसार में सबसे निश्छल और ममता से भरा होता है। वह न केवल बच्चे का पालन-पोषण करती है, बल्कि वह बच्चे की प्रथम पाठशाला होती है। यों तो प्रत्येक मां अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा, नैतिकता और सुविचारों से पोषित करना चाहती है, लेकिन जमाने के साथ विचारों में भी परिवर्तन आया है। ऐसे में मां का मूल तो वही है, लेकिन पालन-पोषण के तरीके में अंतर पड़ गया है। आज इंटरनेट, मोबाइल जैसे तकनीक युग और व्यस्ततम जीवनशैली होने के कारण कामकाजी मां अपने बच्चों को उतना समय नहीं दे पाती, जितना कि वह देना चाहती है या फिर उसे देना चाहिए। यह एक मजबूरी हो सकती है, लेकिन यह मजबूरी बच्चों को नैतिकतापूर्ण आचरण, अनुशासित जीवन और अध्ययन के लिए प्रेरित करने से कहीं भी आड़े नहीं आ सकती। अगर मां अपनी इच्छाशक्ति से ऐसा करने की ठान ले। आधुनिक समय के इस उथल-पुथल से भरे दौर में मां को न केवल अपने-आप को जमाने की कदम ताल से कदम मिलाकर चलना होगा, बल्कि खुद को भी परिपक्व बनाना होगा, ताकि वह बच्चों को ठीक ढंग से आगे बढ़ा सके। इसके अलावा, बच्चों की आवश्यकता, मनोविज्ञान से भी परिवार को और उसके आसपास के सभी लोगों को परिचित होना होगा। बच्चों पर अनुशासन और नैतिकता के मापदंडों को थोपने की जगह उन्हें धीरे-धीरे अपनी और अन्य लोगों की जीवनशैली के द्वारा प्रेरित करना होगा। अगर बच्चा गलत रास्ते पर भी जा रहा हो, तो मां उसे सुधार लेती है( हमें बुनियादी तौर पर मनुष्य बनाने में हमारी माताओं का ही योगदान रहा है। मनुष्य रूप में जन्म लेना मनुष्य होना नहीं है बल्कि हमें मनुष्य होने के नाते कई गुणों को अपने व्यक्तित्व के अंदर समाहित करना पड़ता है। ऐसे में मां ही हमें अपने विचारों, संस्कारों और अनुशासन की सीख देकर मनुष्य बनाती है।

उसे सही राह दिखा सकती है। कभी प्रेम से, तो कभी डांटकर, कभी समझाइश, तो कभी रूठकर। एक मां ही भावनात्मक स्तर तक पहुंच कर बच्चे का मार्गदर्शन कर सकती है। मां के शरीर से अलग होकर भी बच्चा मां से जुड़ा ही रहता है। संकट में वह मां के आंचल को सबसे ज्यादा सुरक्षित और विश्वसनीय मानता है। इधर मां के जीवन का प्रकाश बच्चा ही होता है। वह उस पर अपना सब कुछ न्योछावर करने के लिए तैयार रहती है। बच्चे के जीवन की थोड़ी-सी भी कठिनाई मां को बहुत बड़ी लगती है। उस बच्चे के जीवन को सहारा देना एक अलग बात है, लेकिन सहारे के नाम पर कभी भी उसे स्वावलंबी बनने से नहीं रोकना चाहिए। स्वावलंबन ही जीवन में सफलता की पहली सीढ़ी है। अगर मां यह सीढ़ी खुद बनना चाहेगी और प्रेम वश उसे कुछ भी नहीं करने देगी तो बच्चा जीवन में कुछ भी नहीं सीख पाएगा। बच्चे को स्वावलंबी बनाना आमतौर पर सभी मां के जीवन का परम उद्देश्य होता है। जिस प्रकार बालपन में मां बच्चे का ध्यान रखती है, उसी प्रकार बच्चों को भी अपनी वृद्ध मां की देख-रेख खुले ह्रदय से करनी चाहिए। बच्चे मां द्वारा उनके प्रति किए गए कार्यों का कर्तव्य समझकर भूल जाते हैं। वे भूल जाते हैं कि मां ने रातों को जागकर अपने जीवन की प्रत्येक सफलता, जो उसे मिल सकती थी, उसका त्यागकर उन्हें जीवन दिया है, उनके रास्ते के कांटों को हटाया है। ऐसे में सभी बच्चों की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वे अपनी मां का पूरा खयाल रखे, जिस मां ने उन्हें चलना सिखाया, उसके बुढ़ापे की लाठी बने।

**- रितुप्रिया शर्मा**

### जन्मदिन विशेष

# आर के लक्ष्मण का आम आदमी कार्टून!!

आर. के. लक्ष्मण का जन्म 24 अक्टूबर, 1921 को मैसूर, कर्नाटक में हुआ था। उनको भारत के एक प्रमुख व्यंग-चित्रकार के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त है। उनका पूरा नाम रासीपुरम कृष्णस्वामी लक्ष्मण था। अपने कार्टूनों के ज़रिए आर. के. लक्ष्मण ने एक आम आदमी को एक व्यापक स्थान दिया और उसके जीवन की मायूसी, अँधेरे, उजाले, ख़ुशी और ग़म को



शब्दों और रेखाओं की मदद से समाज के सामने रखा। असाधारण व्यक्तित्व के धनी आर. के. लक्ष्मण ने वक़्त की नब्ज को पहचान कर देश, समाज और स्थितियों की अक्कासी की। लक्ष्मण के कार्टूनों की दुनिया व्यापक है और इसमें समाज का चेहरा तो दिखता ही है, साथ ही भारतीय राजनीति में होने वाले बदलाव भी दिखाई देते हैं।

उनके पिता स्कूल में प्रधानाध्यापक के पद पर नियुक्त थे। पिता की छः संतान थीं, जिनमें लक्ष्मण सबसे कम उम्र के थे। उनके एक बड़े भाई प्रसिद्ध साहित्यकार आर. के. नारायण का इन्हें पूरा सहयोग प्राप्त था। आर. के. लक्ष्मण ने हाईस्कूल पास करने के बाद ही यह तय कर लिया था कि वह कार्टूनिस्ट के रूप में अपना कैरियर बनाएँगे। बी.ए. के बाद उन्होंने 'मैसूर विश्वविद्यालय' में पढ़ते हुए फ्रीलांस कलाकार के रूप में 'स्वराज अख़बार' के लिए कार्टून बनाने शुरू किए, जिससे उन्हें बहुत ख्याति मिली। साथ ही एनिमेटेड फ़िल्मों में भी लक्ष्मण ने मिथकीय पात्र 'नारद' का चित्रांकन किया।

लक्ष्मण के बड़े भाई आर. के. नारायण एक कथाकार तथा उपन्यासकार थे, जिनकी रचनाएँ 'गाइड' तथा 'मालगुडी डेज़' ने प्रसिद्धि की ऊँचाइयों को छुआ था। आर. के. लक्ष्मण ने उनके लिए भी चित्र बनाए, जो 'हिंदू' समाचार पत्र में छपे। उसके बाद लक्ष्मण राजनीतिक स्थितियों पर कार्टून बनाते हुए निर्भीक तथा बेबाक पत्रकार माने जाने लगे। 'टाइम्स ऑफ़ इण्डिया' में 'यू सेड इट' आज भी लक्ष्मण के कार्टून सम्मानपूर्वक प्रकाशित करता है।

एक कार्टूनिस्ट के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त करने के साथ ही लक्ष्मण ने महत्त्वपूर्ण लेखन भी किया। उनकी आत्मकथा 'टनल टु टाइम' उनकी लेखन क्षमता का प्रमाण सामने लाती है। आर. के. लक्ष्मण के कार्टूनों में एक आम आदमी को प्रस्तुत करती एक छवि जितनी सादगी भरी है, उतनी ही पैनी भी होती है। लक्ष्मण ने जिस आम आदमी को केंद्र में रख कर सृजन किया, उस आदमी की पीड़ा को उन्होंने न सिर्फ़ महसूस किया, बल्कि उसे रेखाओं की मदद से व्यापक सरोकारों से जोड़ा। अपने समय और समाज से मुठभेड़ करते हुए लक्ष्मण ने हमेशा ही बहुत ही सलीक़े से अपनी बात हमारे सामने रखी। लक्ष्मण के कार्टूनों की एक बड़ी ख़ूबी यह भी है कि उन्होंने हर उस व्यक्ति को अपने सृजन का विषय बनाया, जो उन्हें मुनासिब लगा। व्यक्ति के पद और प्रभाव की वजह से उन्होंने कभी भी किसी तरह का समझौता नहीं किया। दरअसल यह उस आम आदमी का ही जीवट है, जो वक़्त पड़ने पर बड़े से बड़े आदमी की आँखों में आँखें डालकर तन कर बात करता है। लक्ष्मण का



यह आदमी जीवन के सुख-दुख को एक-दूसरे से बाँटता हुआ जीवन में नए रंग भी भरता है और जीने का अंदाज़ भी सिखाता है।

उनकी प्रमुख पुस्तकें-टनल टु टाइम (आत्मकथा), द बेस्ट ऑफ़ लक्ष्मण सीरीज दि एलोक्वेन्ट ब्रश, द मेसेंजर होटल रिवीयेरा, सर्वेन्ट्स ऑफ़ इंडिया, 'कॉमन मैन' कार्टून के निर्माता हैं।

अपने कार्टूनों के जरिए आर.के. लक्ष्मण ने एक आम आदमी को एक ख़ास जगह दी। हाशिये पर पड़े आम आदमी के जीवन की मायूसी, अंधेरे, उजाले, खुशी और गम को शब्द चित्रों के सहारे दुनिया के सामने रखा। लक्ष्मण के कार्टूनों की दुनिया काफ़ी व्यापक है और इसमें समाज का चेहरा तो दिखता ही है, साथ ही भारतीय राजनीति में होने वाले बदलाव भी दिखाई देते हैं। भ्रष्टाचार, अपराध, अशिक्षा, राजनीतिक पार्टियों के छलावों से जो तस्वीर निकल कर आती है वो है आर. के लक्ष्मण का आम आदमी की। आम आदमी सिर्फ जिंदगी की मुश्किलों से लड़ता है, उसे चुपचाप झेलता है, सुनता है, देखता है, पर बोलता नहीं, यही वजह है कि आर. के. लक्ष्मण का आम आदमी ताउम्र खामोश रहा।

आर. के. लक्ष्मण का आम आदमी शुरू-शुरू में बंगाली, तमिल, पंजाबी या फिर किसी और प्रांत का हुआ करता था लेकिन काफ़ी कम समय में आम आदमी की पहचान बन गया ये कार्टून टेढा चश्मा, मुड़ी-चुड़ी धोती, चारखाना कोट, सिर पर बचे चंद बाल। लक्ष्मण का आम आदमी पूरी दुनिया में ख़ास बन गया था। 1985 में लक्ष्मण ऐसे पहले भारतीय कार्टूनिस्ट बन गए जिनके कार्टून की लंदन में एकल प्रदर्शनी लगाई गई। लंदन की उसी यात्रा के दौरान वो दुनिया के जाने-माने कार्टूनिस्ट डेविड लो और इलिंगवॉर्थ से मिले- ये वो शख़्स थे जिनके कार्टून को देखकर लक्ष्मण को कार्टूनिस्ट बनने की प्रेरणा मिली थी। लक्ष्मण की काबीलीयत का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि लंदन का अखबार 'दि इवनिंग स्टैंडर्ड' ने उन्हें एक समय डेविड लो की कुर्सी संभालने का ऑफर दिया था।

लक्ष्मण के कार्टून फिल्मों में भी इस्तेमाल हुए। फ़िल्म 'मिस्टर एंड मिसेज' और तमिल फ़िल्म 'कामराज' के लिए लक्ष्मण ने कार्टून बनाए। लक्ष्मण के बड़े भाई आर. के. नारायण की कृति 'मालगुडी डेज' को जब टेलीविज़न पर दिखाया गया तो उसके लिए भी लक्ष्मण ने स्केच तैयार किये। लक्ष्मण का आम आदमी उस वक़्त फिर ख़ास हो उठा जब डेक्कन एयरलाइंस की सस्ती विमान सेवा शुरू हुई। एयरलाइंस के संस्थापक कैप्टन गोपीनाथ अपने सस्ते विमान के लिए प्रतीक चिह्न की तलाश में थे, और इसके लिए उन्हें लक्ष्मण के आम आदमी से बेहतर कुछ और नही मिल सकता था।

आर. के. लक्ष्मण को उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए कई सम्मान व पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं-उन्हें पद्म भूषण, पद्म विभूषण, रेमन मेग्सेसे पुरस्कार (1984), बी. डी. गोयनका पुरस्कार, दुर्गा रतन स्वर्ण पदक मिला।

भारत के मशहूर कार्टूनिस्ट आरके लक्ष्मण का 26 जनवरी, 2015 को 94 वर्ष की उम्र में पुणे में निधन हो गया। वे हफ़्ते भर से भी ज्यादा समय से दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती थे। अस्पताल के अधिकारियों ने उनके निधन की पुष्टि की। लक्ष्मण को संक्रमण के बाद इंटेसिव केअर यूनिट में भर्ती कराया गया था। दिल के मरीज़ लक्ष्मण के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। लक्ष्मण अपने कार्टून चरित्र 'कॉमन मैन' यानी आम आदमी के लिए मशहूर थे। यह कार्टून आम आदमी की आकांक्षाओं और उसकी सोच को तो दर्शाता है ही, राजनीतिक हस्तियों पर कटाक्ष भी करता है। यह कार्टून वर्ष 1951 से ही भारत के जाने-माने अंग्रेज़ी अख़बार 'टाइम्स ऑफ़ इंडिया' के पहले पेज पर 'यू सेड इट' शीर्षक के साथ छपता आया है।

भारत सरकार ने आरके लक्ष्मण को 2005 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया था। डाक विभाग ने 'कॉमन मैन' पर 1988 में एक डाक टिकट भी जारी किया था। पुणे में 2001 में 'कॉमन मैन' की आठ फ़ीट की एक प्रतिमा लगाई गई थी।

आरके लक्ष्मण क़रीब 60 साल तक कॉमन मैन, कॉमन सेंस और कॉमन प्रॉब्लम्स की आवाज़ बने रहे।

उनकी स्मृति को नमन !!

**-राजेश बादल,**
**जानेमाने पत्रकार भोपाल**

# बिहार में मुद्दों से दूर होती गयी राजनीति

बिहार में सभी दल अपने-अपने नारों और वादों के साथ जनताको लुभाने में जुटे हैं। भाषणों की गरमी, प्रचार रथ की दौड़ के बीच सबसे बड़ी कमी है-जनताके असली मुद्दों की आवाज। राजनीति का यह शोर विकास की असली जरूरतों को दबा रहा है। बिहारमें गरीबी, अपराध और सामाजिक पिछड़ापन विकराल रूप में मौजूद हैं।

हारमें चुनावी रणभेरी बज चुकी है। सभी दल अपने-अपने घोषणापत्र के बि साथ मैदान में हैं। लेकिन राजनीति का यह शोर विकास को असली जरूरतोंको दबा रहा है। बिहार जैसे राज्य में जहां गरीबी, बेरोजगारी, अपराध और सामाजिक पिछड़ापन अब भी विकराल रूपमें मौजूद हैं, वहां चुनावी विमर्श का इनसे विमुख होना चिन्ताजनक है। यह लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व चुनाव का विरोधाभास ही नहीं, दुर्भाग्य है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर क्यों बिहार चुनाव में कोई भी दल उन मुद्दोंको ईमानदारी से नहीं उठा रहा जो सीधे-सीधे जनता के जीवनसे जुड़े हैं। क्यों शराबबंदी, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, अपराध-माफिया शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे वास्तविक सवाल राजनीतिक एजेंडे से गायब हैं। बिहार में शराबबंदी एक बड़ा सामाजिक और राजनीतिक मुद्दा रहा है। यह मुद्दा केवल कानून का नहीं, बल्कि नैतिकता, सामाजिक सुधार और जनजीवन को स्थिरता से जुड़ा हुआ है। शराबबंदी की सफलता या विफलता को लेकर जनताके मनमें अनेक प्रश्न है, क्योंकि इस नीति ने जहां कई परिवारों को विनाशसे बचाया, वहीं भ्रष्टाचार, अवैध तस्करी और पुलिसिया मनमानी को भी जन्म दिया। दिलचस्प यह है कि इस बार के चुनावमें लगभग सभी प्रमुख दल इस मुद्देसे दूरी बनाये हुए हैं। एनडीए खेमे के नेता विधानसभा चुनाव 2020, खुलकर इसपर बोलने से बच रहे हैं। केवल प्रशांत कुमार जैसे कुछ नेता हैं जो पूर्ण शराबबंदी की पुनः स्थापनाका नारा उठा रहे हैं। यह सवाल उठता है, यदि शराबबंदी सचमुच जनता के हित में थी तो सत्तापक्ष इससे डर क्यों रहा है। क्या यह स्वीकारोक्ति है कि कानून तो बनाया गया, लेकिन उसका क्रियान्वयन असफल रहा। शराबबंदी क्यों जरूरी है, उस महिला से पूछिये, जिसकी बिछुए शराब पीने से लिये उसके पतिने बेच दी। ऐसी त्रासद घटनाएं बिहार के जन-जनमें देखनेको मिलती है। वैसे तो हर एकका जीवन अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरा रहता है। हमारा हर दिन भी कई विरोधाभासों के बीच बीतता है। आज तो हमारी सारी नीतियोंमें, हमारे सारे निर्णयों में, हमारे व्यवहार में, हमारे कथनमें विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। लेकिन बिहार चुनाव ऐसे विरोधाभास के कारण कथनी करनीके अंतर का अखाड़ा ही बनते हुए प्रतीत होते हैं। यही कारण है कि हमारे जीवन में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों का व्यवहार दोगला हो गया है। उनके द्वारा दोहरे मापदण्ड अपनाने से हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रहे हैं। चुनाव एवं चुनावी मुद्दे समस्याओं के समाधान का माध्यम बनने चाहिए, लेकिन वे समस्याओंको बढ़ाने का जरिये बनते रहे हैं। यही कारण है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, महिला-सुरक्षा, अपराध नियंत्रण की प्राथमिकताके नारे हमारे लिए स्वप्न ही बने हुए हैं। ये तो कुछ नमूने हैं जबकि स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद भी हमें अहसास नहीं हो रहा है कि हम स्वतंत्र हैं। राजनीतिक विरोधाभासों और विसंगतियों से उत्पन्न समस्याओं से हम आजाद नहीं हुए हैं। हमारे कर्णधारों के चुनावी भाषणों में आदशोंका व्याख्यान होता है और कृत्यों में भुला दिया जाता है। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि हम हर स्तरपर वैश्वीकरण एवं अपनेको बाजार बना रहे हैं। अपने को, समय को पहचानने वाला साबित कर रहे हैं। परन्तु हमने अपने आप को, अपने भारत को, अपने बिहार को, अपने पैरों के नीचे की जमीन को नहीं पहचाना। नियति भी एक विसंगति का खेल खेल रही है। पहले जेल जानेवालोंको कुर्सी मिलती थी, अब कुर्सी पानेवाले जेल जा रहे हैं। यह नियंति का व्यंग्य है या सबक। पहले नेताके लिए श्रद्धा से सिर झुकता था अब शर्म से सिर झुकता है। जिन्दा कौमें पांच वर्ष तक इन्तजार नहीं करतों, हमने 15 गुना इंतजार कर लिया है। यह विरोधाभास नहीं, दुर्भाग्य है या सहिष्णुता दिखाई देता। राजनीतिक दल जानते हैं कि इन विषयोंपर बात करना असुविधाजनक है.

बिहार की राजनीति आज भी जातीय समीकरणों और तुष्टीकरण में फंसी है। विकास और सुशासनकी बातें केवल नारों तक सीमित हैं। उम्मीदवार चयनसे लेकर प्रचारतक, हर जगह जातीय गणित प्राथमिकता में है। परिणाम यह है कि मुद्दे हाशिये पर हैं और वोट बैंक की राजनीति सर्वोच्च स्थानपर है। विकास के नाम पर मपर किये गये बड़े-बड़े दावे चुनाव बीतते ही धुंधले पड़ जाते हैं। गांवोंमें आज भी सड़कें टूटी हैं, अस्पतालों में डाक्टर नहीं हैं, स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं और प्रशासनिक तंत्र भ्रष्टाचार से ग्रस्त है। राजनीतिक दल मुद्दोंके बजाय केवल आरोप-प्रत्यारोप में व्यस्त हैं। कहें। जिसकी भी एक सीमा होती है, जो पानी की तरह गर्म होती होती 50 डिग्री सेल्सियस पर भाप की शक्ति बन जाती है। बिहार इस नियत्ति से कब मुक्त होगा यही इस चुनावों में विमर्श का सबसे बड़ा मुद्दा होना चाहिए। बिहार की सबसे बड़ी त्रासदी बेरोजगारी है। लाखों युवाओं के पास न काम है, न अवसर। हर चुनावमें इसपर वादे किये जाते हैं, लेकिन परिणाम लगभग शून्य रहते हैं। प्रदेश के नौजवान पलायन को मजबूर हैं, मजदूरी के लिए दूसरे राज्यों का रुख करते हैं। चुनावी सभाओं में नौकरियों का झांसा तो मिलता है, लेकिन ठोस योजनाएं और नीतियां कहीं दिखाई नहीं देतीं। राजनीतिक दलोंके पास न तो रोजगार सृजन की दीर्घकालिक योजना है, न शिक्षा और कौशल विकास को जोड़ने की कोई ठोस रणनीति। चुनावी भाषणों में बिहारके विकास की बातें होती हैं. लेकिन युवा भविष्य को वास्तविक चिन्ता कहीं नहीं झलकती। बिहार में महिला सुरक्षा, अपराध और माफिया तंत्रका प्रश्न भी उतना ही ज्वलंत है। हालके वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि हुई है। भूमि विवादों, रंगदारी और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अपराधियों की गतिविधियां अब भी जारी हैं। परन्तु किसी भी दल की ओर से इनपर कोई ठोस नीति या वचन नहीं है, क्योंकि यह सीधा शासन व्यवस्था की विफलता को उजागर करता है। इसलिए वे इन पर मौन साधे हुए हैं। अपराध और महिला सुरक्षापर चुप्पी बताती है कि सत्ता प्राप्ति की होड़ में संवेदनशीलता की कोई जगह नहीं बची है। बिहार को राजनीति आज भी जातीय समीकरणों और तुष्टीकरण की जकड़ में फंसी हुई है। विकास और सुशासन की बातें केवल नारोंतक सीमित हैं। उम्मीदवार चयनसे लेकर प्रचार तक, हर जगह जातीय गणित प्राथमिकता में है। परिणाम यह है कि मुद्दे हाशिये पर चले जाते हैं और वोट बैंक की राजनीति सर्वोच्च स्थान पा लेती है। विकास के नाम पर किये गये बड़े-बड़े दावे चुनाव बीतते ही धुंधले पड़ जाते हैं। गांवों में आज भी सड़कें टूटी हैं, अस्पतालों में डाक्टर नहीं हैं, स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं और प्रशासनिक तंत्र भ्रष्टाचार से ग्रस्त है। ऐसे में जब राजनीतिक दल मुद्दों पर संवाद करनेके बजाय केवल आरोप-प्रत्यारोप में व्यस्त हों तो जनता का विश्वास कमजोर पड़ना स्वाभाविक है। आज बिहार को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो चुनाव को जन-कल्याण के दृष्टिकोण से देखे, न कि कंवल सत्ताप्रातिकी दौड़ ?के रूप में। शराबबंदी, रोजगार, अपराधमुक्ति, महिला सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दे बिहार राज्य को आत्मा हैं। बिहार के भविष्य को अंधेरे में इन्हें नजरअंदाज करना, धकेलने जैसा है। विकास का अर्थ केवल सड़कें और पुल नहीं, बल्कि मानव विकास है, जहां हर व्यक्ति सुरक्षित, शिक्षित, रोजगारयुक्त और सम्मानजनक जीवन जी सके। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि जनता अब केवल नारों से नहीं, परिणामों से प्रभावित होती है। बिहार चुनाव हमें यह सोचने पर विवश करता है कि क्या राजनीति अब केवल सत्ता का खेल बनकर रह गयी है। क्या लोकतंत्र का मूल उद्देश्य जनसेवा अब खो गया है। जब जनता के असली मुद्दे, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा और सामाजिक न्याय, चुनावी भाषणों से गायब हो जायें, तब यह लोकतंत्र के क्षरणका संकेत है। जरूरत है कि राजनीतिक दल फिर से उन बुनियादी प्रश्नों पर लौटें, जिन पर बिहार का वर्तमान और भविष्य निर्भर करता है। यदि वे ऐसा नहीं करते तो बिहार की जनता का यह चुनाव एक बार फिर केवल चेहरों और गठबंधनों का उत्सव बनकर रह जायगा, जहां जनहित और जन-सरोकार फिर से पीछे छूट जायंगे। बिहार को नारों नहीं, नीतियों की राजनीति चाहिए और यह तभी संभव है, जब मुद्दों पर बात करने का साहस राजनीति में लौट आये।

**- ललित गर्ग**
**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# तेजस्वी के नाम पर मुहर, देर आए, दुरुस्त आए

बिहार की सियासत में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण पड़ाव आया है। तेजस्वी यादव अब बाकायदा महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर दिए गए हैं। बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत और बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लवरू की तेजस्वी यादव से खास मुलाकात हुई, इसमें लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी भी मौजूद थे, तभी तय हो गया था कि अब महागठबंधन में मुख्यमंत्री चेहरा घोषित कर दिया जाएगा। इस मुलाकात के बाद यह भी साफ हो गया कि महागठबंधन बिखर गया है। बीते कई दिनों से एनडीए के नेता लगातार ये बयान दिए जा रहे हैं कि जो लोग अपने गठबंधन को नहीं संभाल पाए, वो राज्य क्या संभालेंगे। दरअसल कांग्रेस, आरजेडी समेत महागठबंधन के ही तमाम लोगों ने यह मौका एनडीए को दिया कि वह उनके मामूली मतभेदों को बढ़ा-चढ़ा कर पेश करे। महागठबंधन ने सीट बंटवारे का कोई ऐलान नहीं किया, कुछ सीटों पर राजद और कांग्रेस के प्रत्याशी दोनों ही उतार दिए गए तो कुछ पर वामदलों के साथ कांग्रेस के मुकाबले की संभावनाएं बनीं। जनअधिकार पार्टी के नेता और सांसद पप्पू यादव खुलेआम कांग्रेस का साथ देते हैं और उनका दावा है कि बिहार में राहुल गांधी बनाम नरेन्द्र मोदी का चुनाव है। पप्पू यादव ने लालू प्रसाद को अभिभावक बताते हुए यह अपील भी कर दी कि जो कांग्रेस की सीटें हैं, वहां राजद के प्रत्याशी न उतारे जाएं। बेशक ऐसा ही होना चाहिए लेकिन पप्पू यादव के इस तरह सार्वजनिक तौर पर बयान देने से बनी हुई बात भी बिगड़ सकती है। कांग्रेस और राजद दोनों ही दलों को अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं को सख्त हिदायत देनी चाहिए कि पार्टी लाइन से हटकर कुछ न कहें और खासकर गठबंधन के लोगों के बारे में बिना अधिकृत हुए बयान न दें।

महागठबंधन को यह समझना चाहिए कि उसका मुकाबला केवल दूसरे गठबंधन से नहीं है। बल्कि उस एनडीए से है, जिसका नेतृत्व भाजपा कर रही है। केंद्र से लेकर राज्य की सत्ता उसके हाथ में है। संसाधनों के मामले में वह महागठबंधन से काफी ज्यादा मजबूत है। सारी केन्द्रीय एजेंसियां उसके अधीन हैं और जनसुराज पार्टी, बसपा, एआईएमआईएम जैसे दल भी किसी न किसी तरह भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए ही मैदान में उतरते हैं। ऐसे में महागठबंधन के पास अपनी भावी रुपरेखा दिखाने के अलावा और कुछ खास नहीं बचता है, जिसके आधार पर वह जनता को अपने साथ करे। जनता भी बदलाव चाहती है, लेकिन उसके लिए सामने बेहतर विकल्प होना चाहिए। अगर आपस में ही सारे दल लड़ेंगे तो फिर नुकसान ही होगा। 2019 के चुनाव इसका उदाहरण हैं, जिसमें विपक्ष की एकता कायम नहीं हो पाई। लेकिन 2024 के चुनाव में सब एक साथ टिके रहे तो हालात बेहतर हुए। झारखंड चुनाव में भी कांग्रेस और जेएमएम के साथ लड़ने का फायदा मिला, हालांकि अंदरूनी टकराव वहां भी रहा, फिर भी भाजपा हार गई। अब जेएमएम के लिए एक भी सीट न छोड़कर इंडिया गठबंधन ने उसे नाराज कर दिया है। अगर किसी घटक दल को सीट बंटवारे से बाहर रखना है, तो उसकी भरपाई कैसे हो, इसका इंतजाम इंडिया को करना चाहिए था। लेकिन यहां फिर चूक हुई।

राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने जब वोटर अधिकार यात्रा निकाली थी, तब लोगों ने जितने उत्साह से इसमें हिस्सा लिया, उससे जाहिर है कि लोगों ने इस साथ को पसंद किया। लेकिन उसके बाद राहुल गांधी बिहार के चुनावी परिदृश्य से लगभग गायब हैं। हो सकता है रणनीतिक तौर पर राहुल बिहार नहीं आ रहे, ताकि तेजस्वी यादव पर पूरा फोकस हो सके। तब भी यात्रा के दौरान जब तेजस्वी यादव ने राहुल के लिए भावी पीएम की बात कही और राहुल से तब सीएम फेस को लेकर सवाल हुआ तो वे उसे टाल गए, जबकि अगर वे कूटनीतिक तरीके से उसका जवाब दे देते, तो भाजपा के हाथों से एक बड़ा मौका निकल जाता। इस प्रसंग के बाद कई बार कांग्रेस से सवाल किए गए कि क्या तेजस्वी मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे और कांग्रेस नेता इसे टालते ही रहे। केवल अखिलेश प्रसाद या कन्हैया कुमार जैसे एक-दो नेताओं ने सीधे सवाल का सीधा जवाब दिया। कांग्रेस को इस टालमटोल का नुकसान भी हुआ, क्योंकि कहीं न कहीं बात आपसी भरोसे और सम्मान पर आ गई। जब लालू प्रसाद यादव ने अबकी बार तेजस्वी सरकार का नारा दे दिया तो महागठबंधन को इसी पर आगे बढ़ जाना चाहिए था।

**-सर्वमित्रा सुरजन**

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर ।एजेंसी।** शुक्रवार को स्थानीय सियागंज किराना बाजार में मुहूर्त के सौदे काफी अच्छे रहे। मुहूर्त कामकाज में सूखे मेवों में सुस्ती देखी गयी। वहीं, मसाला जिंसों में जीरा सहित जायफल, जावत्री बाजार मजबूत हुये। नारियलों में भी लेवाली रही। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार किराना जिंसों में सूखे मेवों में लेवाली अटकने से बाजार नरमी के रहे। वहीं, मसाला जिंसों में पूछपरख से बाजार मजबूत नज़र आये। नारियलों में उत्पादक मंडियों तरफ बरसात पानी की स्थिति से आवकें प्रभावित रही। नारियलों में आवक 2 गाड़ी की हुई। बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4220-4280, खोपरा गोला 320-380, खोपरा बूरा 4000-6100 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 211-215, ऊंझा हल्का 245-228, मीडियम 232-240, बेस्ट 251-265, हल्दी निजामाबाद 170-210, सांगली 265-270, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 101-125, बेस्ट 145-225, एस्ट्रा बेस्ट 275-350, सौंफ बारिक 95-125, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 751-781, गरबल 715-725, मटरदाना 790-801, खसखस अनक्लीन 750-950, क्लीन 1050-1250, दालचीनी 220-245, जायफल 715-785, वाद्यान फूल 375-565, शाहजीरा 425, तेजपान 90-97, पत्थर फूल 235-260, जावत्री 1650-1975, नाग केसर 885-925, सौंठ 275-450, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 725-750, बेस्ट 780-791, हींग (वनदेवी 751) 3450, पाउच 10 ग्राम 3550, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची 2850-2925, मीडियम 2975-3175, बेस्ट 3225-3375, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3551, पानबार 2700, बड़ी इलायची 1475-1575, बेस्ट1825-2050, तरबूज मगज 521-525, काजू (240) 885-925, काजू (320) 850-861, काजू एस. डब्ल्यू 835-840, काजू एस.एस. डब्ल्यू 850-860, काजू जे.एच. 810-820, टुकड़ी 785-795, बादाम मगज 840-851, कैलिफोंनिया 771-785, अखरोट 575-725, बेस्ट 815-850, अखरोट गिरी 1250-1650, जर्दालु 375-475, बेस्ट 550-650, किशमिश कंधारी 500-550, बेस्ट 625-725, इंडियन 375-391, बेस्ट 401-425, चारौली 1650-1750, बेस्ट 1850-1950, मुनक्का 350-650, बेस्ट 800-925, अंजीर 851-1075, मखाना 675-875, बेस्ट 975-1115, खारक 75-85, मीडियम 95-125, बेस्ट 175-275, पिस्ता पिशोरी 2850-2900, कंधारी 2350, नमकीन पिस्ता 875-1075, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 3800-3850, (160) 4200-4250, (200) 4500-4750, (250) 5300-5400

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर ।एजेंसी।** शुक्रवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा कम देखी गयी। दोनों कीमती धातुओं में बाजार मंदी पर रहे। भाव इस प्रकार रहे =-

चाँदी (9999) 153000, चाँदी (99) 152500, टंच 151800, सिक्का 2000, सोना 10 ग्राम 125000,

# रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई ।एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया शक्रवार को एक पैसे की बढ़त के साथ ही 87.78 पर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया नौ पैसे की बढ़त के साथ 87.79 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि विदेशी पूंजी की निकासी ने तेज बढ़त को रोक दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.78 पर खुला। फिर मामूली गिरावट के साथ 87.79 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.88 पर बंद हुआ। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 फीसदी की बढ़त के साथ 99.01 पर आ गया।

# पेट्रोल-डीजल में कुछ शहरों में राहत, कुछ में बढ़त

**मुंबई ।एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के अलग-अलग शहरों में शुक्रवार सुबह जारी हुए नए रेट के अनुसार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भिन्नता रही। नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) में पेट्रोल 6 पैसे बढ़कर 94.77 और डीजल 8 पैसे बढ़कर 87.89 रुपए प्रति लीटर हो गया। वहीं गाजियाबाद में उपभोक्ताओं को राहत मिली। यहां पेट्रोल 48 पैसे घटकर 94.41 और डीजल 56 पैसे सस्ता होकर 87.47 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। वहीं पटना में तेल की कीमतों में बढ़त देखी गई। बिहार की राजधानी में पेट्रोल 106.11 और डीजल 92.32 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया, जो पिछले दिन की तुलना में क्रमशः 88 पैसे और 83 पैसे ज्यादा है। इस वृद्धि से उपभोक्ताओं की जेब पर दबाव बढ़ सकता है। देश के चार बड़े शहरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में आज कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 और डीजल 87.62, मुंबई में पेट्रोल 103.44 और डीजल 89.97, चेन्नई में पेट्रोल 100.76 और डीजल 92.35 तथा कोलकाता में पेट्रोल 104.95 और डीजल 91.76 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर हैं। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दामों में तेजी जारी है। ब्रेंट क्रूड 85.85 डॉलर प्रति बैरल और डब्यूटीआई क्रूड 81.65 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है।

# 1 नवंबर 2025 से बैंक खातों में चार नॉमिनी रखने की होगी सुविधा

**मुंबई ।एजेंसी।** वित्त मंत्रालय ने घोषणा की है कि 1 नवंबर से बैंक खाताधारक अपने खाते में अधिकतम चार नॉमिनी नियुक्त कर सकेंगे। यह बदलाव बैंकिंग लॉ (संशोधन) अधिनियम 2025 के तहत किया गया है, जिसे 15 अप्रैल 2025 को अधिसूचित किया गया था। मंत्रालय के अनुसार इस कदम का उद्देश्य क्लेम सेटलमेंट प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और तेज बनाना है। नए नियमों के अनुसार, ग्राहक अपने बैंक खाते के लिए चार नॉमिनी चुन सकेंगे। ये नॉमिनी या तो एक साथ या क्रमवार रूप में चुने जा सकते हैं। यदि क्रमवार नॉमिनेशन चुना जाता है, तो पहले नॉमिनी के निधन के बाद दूसरा, फिर तीसरा और उसके बाद चौथा नॉमिनी क्लेम का अधिकार प्राप्त करेगा। खाताधारक नॉमिनियों का हिस्सा या प्रतिशत भी स्वयं तय कर सकेंगे, जिसका कुल योग 100 प्रतिशत होना आवश्यक होगा। वहीं, सेफ डिपॉजिट और लॉकर सुविधाओं के लिए केवल क्रमवार नॉमिनेशन की अनुमति होगी।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुंबई ।एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ । सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी रहने से बाजार गिरा है। आज बैंकिंग शेयरों में खासी गिरावट रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 344.52 अंक नीचे फिसलकर 84,211.88 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 96.25 अंक टूटकर 25,795.15 पर बंद हुआ। बाजार में बैंकिंग शेयरों के अलावा निफ्टी बैंक भी 0.65 फीसदी नीचे आया। वहीं वाहन, आईटी, पीएसयू बैंक, वित्तीय सेवाएं, दवा, एफएमसीजी, मीडिया, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा इंडेक्स गिरावट पर बंद हुए। धातु, संपत्ति, उर्जा और कमोडिटीज शेयर लाभ पर बंद हुए। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 140 अंक बढ़कर 59,231.20 और निफ्टी स्मॉलकैप 38.10 अंक टूटकर 18,253.35 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, बीईएल, सन फार्मा, आईटीसी, टाटा स्टील, एमएंडएम और ट्रेंट सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे जबकि एचयूएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी और एसबीआई के शेयरों को नुकसान हुआ। इससे पहले आज सुबह बाजार में मामूली कमजोरी देखी गई। सेंसेक्स 84,459 पर कारोबार कर रहा था, जो 97 अंक की गिरावट को दर्शाता है। वहीं, निफ्टी 50 25,879 पर कारोबार कर रहा था, जो 13 अंक नीचे था। एशियाई बाजारों की बात करें तो जापान का निक्केई 225 1.1 फीसदी अधिक और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.29 फीसदी मजबूत हुआ। ये बढ़त अमेरिकी और वैश्विक सकारात्मक खबरों से प्रेरित है। वहीं अमेरिकी शेयर बाजार में गुरुवार को तकनीकी कंपनियों के मजबूत नतीजों के बाद तेजी देखी गई। एसएंडपी 500 में 0.6 फीसदी, नेस्डेक कम्पोजिट में 0.9 फीसदी और डाउ जोंस में 0.3 फीसदी की बढ़त हुई।




# एआई-सृजित सामग्री पर अनिवार्य लेबलिंग का प्रस्ताव

**नई दिल्ली ।एजेंसी।** सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों में संशोधन का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से निर्मित हर सामग्री पर लेबलिंग और डिस्क्लेमर अनिवार्य किया जाएगा। इस कदम का उद्देश्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से फैल रही डीपफेक छवियों, ऑडियो और वीडियो जैसी भ्रामक सामग्री को नियंत्रित करना है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार बड़ी टेक कंपनियों के साथ कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं। इन कंपनियों ने सरकार को आश्वासन दिया है कि वे एआई-निर्मित सामग्री की पहचान और प्रबंधन के लिए आवश्यक तकनीकी क्षमता रखती हैं। अधिकारी ने बताया कि परामर्श अवधि के दौरान उद्योग जगत से इस प्रस्ताव पर विस्तृत प्रतिक्रिया प्राप्त की जाएगी। हालांकि, सोशल मीडिया कंपनियों और नीति विशेषज्ञों ने इस प्रस्ताव पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि केवल लेबल या डिस्क्लेमर लगाना समस्या का स्थायी समाधान नहीं है, क्योंकि कोई भी व्यक्ति कुछ ही मिनटों में इन लेबलों को मिटा या बदल सकता है। साथ ही, लेबलिंग की तकनीकी प्रक्रिया महंगी होने के कारण इससे प्लेटफॉर्म्स की अनुपालन लागत में भारी वृद्धि हो सकती है। कंपनियों का यह भी कहना है कि सरकार द्वारा प्रस्तावित नियम, जिसमें लेबल या डिस्क्लेमर सामग्री के कम से कम 10 प्रतिशत हिस्से को कवर करने की बात कही गई है, उपयोगकर्ता अनुभव को प्रभावित कर सकता है और पेज लोडिंग का समय बढ़ा सकता है।




# भारत में उतरने को तैयार इलॉन मस्क की स्टारलिंक

**नई दिल्ली ।एजेंसी।** इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक भारत में अपनी शुरुआत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी देश के नौ बड़े शहरों, जिनमें मुंबई, नोएडा, चंडीगढ़, हैदराबाद, कोलकाता और लखनऊ शामिल हैं, में ग्राउंड स्टेशन लगाने की योजना बना रही है। इन स्टेशनों के जरिए भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने की तैयारी होगी। एक अधिकारी के मुताबिक, कंपनी ने भारत में 600 गीगाबिट प्रति सेकंड की क्षमता के लिए आवेदन किया है। यह सुविधा स्टारलिंक के पहले सैटेलाइट समूह के जरिए दी जाएगी। फिलहाल सरकार ने कंपनी को सुरक्षा जांच के लिए थोड़े समय के लिए कुछ रेडियो तरंगों का इस्तेमाल करने की अनुमति दी है, ताकि सिस्टम की जांच की जा सके और यह देखा जा सके कि सब कुछ नियमों के अनुसार काम कर रहा है या नहीं। भारत में सैटेलाइट संचार को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा क्षेत्र माना जाता है। इसी वजह से सरकार ने स्टारलिंक के लिए कुछ सख्त नियम बनाए हैं। ग्राउंड स्टेशन पर केवल भारतीय नागरिक ही काम करेंगे जब तक विदेशी कर्मचारियों को सुरक्षा मंजूरी नहीं मिल जाती। परीक्षण से जुड़ा सारा डेटा भारत के भीतर ही रहेगा और इस्तेमाल किए जा रहे सभी उपकरणों की जानकारी नियमित रूप से सरकार को दी जाएगी। स्टारलिंक को फिलहाल केवल परीक्षण की अनुमति मिली है। कंपनी को व्यावसायिक उपयोग की मंजूरी नहीं दी गई है। उसे 100 सैटेलाइट टर्मिनल केवल परीक्षण के उद्देश्य से आयात करने की अनुमति दी गई है।




# आज का राशिफल



**मेष**- आज आप पूरी मेहनत व लग्न से कामों में जुटेंगे, जिससे आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे और संतान की संगति पर आप थोड़ा ज्यादा ध्यान दें। काम को लेकर बाहर आना जाना लगा रहेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोग अपने कामों पर पूरा ध्यान देंगे। पारिवारिक बिजनेस में थोड़ा नुकसान हो सकता है। आपको कोई दूसरी नौकरी का बुलावा सकता है, जिसमें आपका प्रमोशन भी होगा।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए जीवन स्तर में सुधार लेकर आएगा। ऑफिस में आपको काम को लेकर अपने जूनियर से कोई मदद लेनी पड़ सकती है। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे, लेकिन कोई पेट संबंधित समस्या आएगी। आप अपने घर किसी नए इलेक्ट्रॉनिक समान को लेकर आ सकते हैं। आपको अच्छे काम के लिए किसी सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती हैं।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है, क्योंकि आपके लाभ के रास्ते खुलेंगे और आपके मन में काम को लेकर नए-नए आइडिया आएंगे। आपको फालतू के मामले में बोलने से बचना होगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां रहेगी। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे, लेकिन किसी बात को लेकर मतभेद हो सकता है। यदि ऐसा हो, तो आप उन्हें मनाने की पूरी कोशिश करें।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। आप अपने कामों में यदि कोई बदलाव करेंगे, तो वह आपके लिए कमजोर रहेंगे। आपको अपने बढ़ते खर्चों पर कंट्रोल करने की आवश्यकता है। दोस्तों के साथ आपका अच्छा समय व्यतीत करेगें, क्योंकि वह बिजनेस को लेकर आपको कुछ टिप्स दे सकते हैं। आप ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से धन का लेनदेन करने से बचे।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए कामों में एकाग्र होकर जुटने के लिए रहेगा। आपकी कुछ निकटतम लोगों से मुलाकात होगी, लेकिन आप अपनी वाणी पर संयम रखें। घर में बड़े सदस्यों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप किसी सरकारी योजना में भी इन्वेस्टमेंट करने की प्लानिंग कर सकते हैं। आज आपको कार्यक्षेत्र में किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका काम करने में मन थोड़ा कम लगेगा।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याग्रता बढ़ेगी। दोस्तों के साथ आप किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाएंगे, जिससे आपके परिवार में किसी सदस्य से बहसबाजी होने की संभावना है। आपको अपने बिजनेस को लेकर डिसीजन थोड़ा सोच समझ कर लेने होगे।

**तुला**- आज आपके विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे और आपका कोई काम बनते बनते बिगड़ सकता है, इसलिए आप अपने कामों पर ही फोकस करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है, जिसमें परिवार के सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी और आप अपने बिजनेस की योजनाएं को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं करेंगे। आपको पुरानी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा और आप अपनी संतान को संस्कारों व परंपराओं पाठ पढ़ाएंगे।आपको कुछ नए कपड़े गैजेट आदि की खरीदारी करना भी आपके लिए अच्छा रहेगा।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए खर्चों भरा रहने वाला है। यदि आपका धन कहीं फंसा हुआ था तो उसके आपको मिलने की संभावना है और प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। माता-पिता से आपको पारिवारिक मामले को लेकर बातचीत करनी होगी। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। यदि आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे हैं, तो आपको उसमें माता-पिता से परमिशन लेकर जाना बेहतर रहेगा।

**मकर**- व्यापार कर रहे लोगों के लिए आज दिन बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, लेकिन आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है। यदि आपको पढ़ाई लिखाई तो लेकर कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। आप किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। आपको अपने निजी मामलों को भी मिल बैठकर निपटाना होगा।

**कुंभ**- आज आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसे पूरा करने में समस्या आएगी और नौकरी में भी कुछ समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। आप अपने परिवार में किसी सदस्य की ओर वादे को भी पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे। आपको अपने समय का सदुपयोग करना होगा, इसलिए आवश्यक कामो में ढील देने से बचे। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए अध्यात्म के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं को पहचानने की आवश्यकता है। आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या द्वेष की भावना न रखे। आप अपने शौक मौज की खरीददारी पर अच्छा खासा पैसा खर्च करेंगे। जीवन साथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे, इसलिए आपको उनकी भावनाओं का सम्मान करना होगा।

## शब्दजाल- 8059

शब्दजाल में प्रियादर्शन निर्देशित की १० फिल्मों के नाम ढूंढिए.नाम ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | मा | चु | प | चु | प | के | ह | क | ल |
| हा | ला | सू | ह | वि | ल | जी | स | ल | क | भा |
| हे | वी | मा | द | अं | रा | त | र | म | ल | ग |
| रा | र | दा | ल | ल | क | स | ओ | ह | सु | म |
| फे | मु | न | ष | वी | म | मी | त | ल | न | भा |
| री | मी | स्कु | स | जि | क | क | प | च | स | ग |
| के | ह | बु | रा | टी | म | ली | टे | ल | र | दा |
| न | पू | कु | द | ह | प | नी | का | ला | पा | नी |
| हं | गा | मा | सू | ह | ट | ने | ने | ल | जी | क |
| सा | त | रं | ग | के | स | प | ने | री | क | ल |
| म | ह | न | ह | ज | तु | द | न | ज | ल | ना |

चुप चुप के, भागमभाग, हलचल, हंगामा, हेराफेरी, विरासत, काला पानी, सात रंग के सपने, मालामाल वीकली, मुस्कुराहट

### शब्दजाल - 8058 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**25 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.46 ब.से |
| चंद्र | वृश्चिक में | धनु | 10.02 बजे से |
| मंगल | तुला में | मकर | 12.07 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 13.54 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 15.27 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मेष | 16.57 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 18.37 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 20.35 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 22.49 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 01.05 बजे से |
| 9.00 से 10.30 बजे तक | | कन्या | 03.17 बजे से |
| | | तुला | 05.27 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 298 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्थी 03.49 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा 07.52 बजे को समाप्त।
**योग** शोभन अहोरात्र।
**करण** वणिज 14.35 बजे तदनन्तर विष्टि 03.49 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 03.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 12° 07'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872508
**जूलियन दिन** 2460973.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उल्लावल **तारीख** 02
**विशेष** विनायक चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः निंदा और प्रशंसा

बहुत पुरानी कथा है। किसी राज्य में एक मूर्तिकार रहता था। उसकी जीवंत मूर्तियों को देख कर लोग दांतों तले उंगली दबा लेते थे। उसने अनेक राजाओं व महान हस्तियों की ऐसी मूर्तियां बनाई थीं कि वे स्वयं भी धोखा खा जाते थे कि मूर्तियों का अस्तित्व असली है या स्वयं उनका। धीरे-धीरे मूर्तिकार की ख्याति दूर-दूर तक फैलती गई। एक दिन एक साधु उसके पास आया और बोला, 'पुत्र, अब केवल तुम्हारी एक माह की आयु शेष है। तुम चाहे कोई भी युक्ति आजमाओ तुम्हें मौत के मुंह में जाने से कोई नहीं रोक सकता।' यह कहकर साधु चला गया। साधु के जाते ही मूर्तिकार सोच में पड़ गया। आखिरकार उसने मौत से बचने की एक तरकीब सोच ही ली। उसने अपनी कई मूर्तियां बनाईं। नियत दिन यमदूत के आते ही वह स्वयं उन मूर्तियों के बीच मूर्तिवत खड़ा हो गया। यमदूत हैरान रह गया। वह असली मूर्तिकार को मूर्तियों के बीच में से पहचान ही नहीं पा रहा था किंतु मूर्तिकार के प्राण तो लेने ही थे, इसलिए यमदूत ने युक्ति से काम लिया। उसने मूर्तियों के करीब जाकर उनमें दोष न होते हुए भी दोष निकालने शुरू कर दिए। वह तरह-तरह से मूर्तिकार की आलोचना करने लगा। मूर्तियों में कमियां सुनकर असली मूर्तिकार की भौंहें टेढ़ी-मेढ़ी होने लगीं। इस तरह यमदूत ने असली मूर्तिकार को पहचान लिया और इसके बाद कुछ मूर्तियों की प्रशंसा शुरू कर दी। अपनी तारीफ सुनकर मूर्तिकार के चेहरे पर चमक व प्रसन्नता के भाव आ गए। इसके बाद यमराज ने असली मूर्तिकार का हाथ पकड़ा और बोला, 'मानवीय भावों में निंदा और प्रशंसा के कारण ही इंसान मृत्यु को नहीं जीत पाता और जब तक जीवन है तब तक उसमें निंदा और प्रशंसा के भाव आते ही रहेंगे और मृत्यु का सिलसिला भी अनवरत चलता ही रहेगा।' यह कहकर यमदूत मूर्तिकार को अपने साथ लेकर चला गया।

## फिल्म वर्ग पहेली- 7003



**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय खन्ना, अमृताराव की आगामी नई फिल्म-३
२. 'करीब' में बॉबी की नायिका -२
३. कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
४. सलमान, संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'अरे बाब' गीत वाली फिल्म-३
५. 'इश्क समंदर' गीत वाली फिल्म-२
७. संजयकपूर, प्रिया गिल, सुष्मिता की 'होश ना खबर' गीत वाली फिल्म-२,२
९. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा की फिल्म-३
११. 'प्यार करना नही' गीत वाली फिल्म-३
१२. किशोरकुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'जंगल में मोर नाचा' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'आवारा' की नायिका कौन थी-३
१८. 'तुम्हें जिंदगी के' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की फिल्म-३
१९. विक्रम, लक्ष्मी की 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली फिल्म-२
२२. कमल हासन, शाहरुख, रानी की फिल्म-१,२
२४. 'पैसे बिना प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२५. मिथुन, काजल किरण की 'तेरे नाम का दिवाना' गीत वाली फिल्म-४
२७. ऋषिकपूर, माधुरी की फिल्म-३
२८. रेमो फर्नाडीस के गीत 'देखो देखो ये है जलवा' गीत वाली फिल्म-३
३०. अमिताभ, गोविंदा, किमी की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अजय देवगन, उर्मिला, महिमा की 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'प्रेमी आशिक आवारा' गीत वाली अजय देवगन, मधु की फिल्म-२,२,२
६. जिमी शेरगिल, ऋशिता की 'आँखें भी होती हैं' गीत वाली फिल्म-३
८. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१०. शत्रुघ्न सिन्हा, श्रीदेवी की 'कोई मर्द ना ऐसा' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करण नाथ, मनीषा, नतान्या की फिल्म-२
१४. सनी देओल, फराह की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'तेरी निगाहों पें मर' गीत वाली महमूद, विजयलक्ष्मी की फिल्म-४
१७. अक्षय, सुनील, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पान की फिल्म-३
२३. शशिकपूर, शर्मिला की 'वो तेरे प्यार का गम' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. फिल्म 'परिचय' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'मेरे प्यार की आवाज' गीत वाली विनोद खन्ना, नीतू सिंह की फिल्म-५
३१. 'महबूब की मेहंदी' में राजेशखन्ना के साथ नायिका कौन थी-२
३२. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 7002



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 7312

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7311 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## शब्द पहेली - 8527



**बाएँ से दाएँ**

1. पाबंदी, संयम, पाश-3
3. मनुष्य, इंसान-3
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. नलका, टूंटी
8. प्रलय, महासंकट-4
11. दही से बना खाद्य पदार्थ-3
13. निर्माण, निर्मिती-3
14. हुनर, आर्ट-2
15. उम्मीद, आशा-2
16. खाना बनाना-3
18. असफल, अनुतीर्ण-3
20. आभास, भास-3
22. वध-2
24. जी, इच्छा, चित-2
25. सब्जी का सड़ना, बर्फ का पिघलना-3
26. याद करना-3

**ऊपर से नीचे**

1. हड़ताल, स्थिर, रुका हुआ-2
2. लवण -3
3. विश्राम, राहत-3
4. मछली, मत्स्य, राशि चक्र की एक राशि-2
5. बूंद-3
7. शरमाना-3
9. दोस्त, मित्र-2
10. बहुत प्यासा होना-4
12. एकटक निहारना-3
16. शरण, आश्रय-3
17. सम्मान-2
19. चिंतन-3
20. मकान, इमारत-3
21. कमी, थोड़ा-3
23. तज देना-2
24. इंकार, मनाही-2

### शब्द पहेली -8526 का हल



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# माँ पूर्णा राइस मिल में 1.29 करोड़ का धान घोटाला

## मिल संचालक विजय मस्करे पर आपराधिक प्रकरण दर्ज

**पद्मेश न्यूज। लांजी।**
खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान शासकीय धान की कस्टम मिलिंग प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता सामने आई है। लांजी क्षेत्र के ग्राम चिचोली स्थित माँ पूर्णा राइस मिल के संचालक विजय मस्करे पर शासन की धान की सप्लाई में अफरा-तफरी कर 1 करोड़ 29 लाख 46 हजार 700 रुपए की आर्थिक क्षति पहुंचाने का आरोप लगा है। जिला प्रशासन के आदेश पर बहेला पुलिस के द्वारा आरोपी राइस मिल के संचालक विजय मस्करे के विरुद्ध अपराध क्रमांक 0065 दिनांक 23/10/2025 भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(5) बीएनएस के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है।

### जांच में खुला बड़ा भ्रष्टाचार

नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा माँ पूर्णा राइस मिल को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत शासकीय धान की कस्टम मिलिंग हेतु अनुबंध के तहत 30,743 क्विंटल धान प्रदाय किया गया था। अनुबंध की शर्तों के अनुसार मिलर को मिलिंग के उपरांत निर्धारित मात्रा में चावल शासन को वापस जमा करना था।जांच में पाया गया कि मिल संचालक ने शासन को केवल 15,730 क्विंटल चावल ही जमा किया, जबकि अनुबंध के अनुसार उसे 5,220 क्विंटल चावल और देना बाकी था।

### भौतिक सत्यापन में खुली पोल

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर गठित जांच दल ने मिल परिसर का भौतिक सत्यापन कर स्टॉक की जांच की। इस दौरान मिल में केवल 1,450 क्विंटल धान/चावल का स्टॉक ही मिला। सत्यापन में स्पष्ट हुआ कि मिल के पास वास्तविक रूप से 3,770 क्विंटल चावल, यानी लगभग 5,629 क्विंटल धान, शासन को लौटाने के लिए उपलब्ध नहीं था।जांच रिपोर्ट में कहा



गया है कि यह अंतर शासकीय संपत्ति के गबन का स्पष्ट मामला है। शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से गबन की गई कुल धान की कीमत 1 करोड़ 29 लाख 46 हजार 700 रुपए आँकी गई है।

### अपर कलेक्टर ने दिए FIR के निर्देश

अपर कलेक्टर बालाघाट द्वारा दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को जारी पत्र क्रमांक 2511/खाद्य-3/2025 के आधार पर थाना बहेला को आरोपी मिल संचालक विजय मस्करे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए गए।इस निर्देश के अनुपालन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी गेंदलाल सनोडिया द्वारा 17 अक्टूबर 2025 को विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया गया, जिसमें जांच दल का भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन, जिला प्रबंधक स्वक्स्ष्टस्ष्ट बालाघाट से प्राप्त जानकारी, मिलर का अनुबंध पत्र एवं अपर कलेक्टर के आदेश की प्रतिलिपि शामिल की गई है।

### प्रशासन हुआ सख्त, विवेचना आरंभ

प्रशासन ने इस पूरे प्रकरण को गंभीर वित्तीय अनियमितता मानते हुए तत्काल विवेचना प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित मिल परिसर का पुनः निरीक्षण भी प्रस्तावित है ताकि वास्तविक वित्तीय हानि और जिम्मेदार व्यक्तियों की पुष्टि की जा सके।अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि जांच में दोष सिद्ध होने पर मिल संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिसमें सरकारी अनुबंध रद्द करना, आर्थिक वसूली, और आपराधिक अभियोजन शामिल हैं।इस कार्रवाई से जिले के अन्य मिलर्स में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासन की धान का एक भी दाना गबन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# जनपद में आनंद विभाग एवं जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में अल्पविराम परिचय कार्यशाला

## आनंद से सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है-विधायक कर्राहे

**पद्मेश न्यूज। लांजी।**
जिला कलेक्टर मृणाल मीना के मार्गदर्शन में तथा राज्य आनंद संस्थान भोपाल (आनंद विभाग) एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड लांजी के संयुक्त तत्वावधान में 24 अक्टूबर को जनपद पंचायत लांजी के सभागार में एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का



आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ लांजी-किरनापुर क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे के मुख्य अतिथ्य में भारत माता एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर एसडीएम कमलचंद सिंहसार, जनपद पंचायत लांजी के सीईओ रामगोपाल यादव, जिला समन्वयक सुशील बर्मन, विकासखंड समन्वयक संतोष नगपुरे, राज्य आनंद संस्थान के हिपिनेस इंडेक्स के राज्य कार्यक्रम समन्वयक आकाश दुबे, मास्टर ट्रेनर बी.के. पटेल एवं हरिओम दुबे तथा परामर्शदाता संदीप कुमार रामटेककर, अशोक घरते, विजय हटीले, ज्योति शंकरपुडे और नीलेश्वर ठाकरे उपस्थित रहे।कार्यशाला में जिला समन्वयक श्री बर्मन ने अल्पविराम कार्यक्रम के उद्देश्यों से प्रतिभागियों को अवगत कराया और बताया कि किस प्रकार जीवन में आनंद और संतुलन प्राप्त किया जा सकता है। मुख्य अतिथि विधायक कर्राहे ने कहा कि आनंद विभाग एवं जन अभियान परिषद का यह प्रयास सराहनीय है, जो आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में खुशहाली और आनंद के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आनंदमय जीवन से सकारात्मक ऊर्जा और प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है।सत्र प्रशिक्षक वी.के. पटेल ने लाइफ बैलेंस शीट एवं संपर्क-सुधार-दिशा से संबंधित सत्र लिए तथा व्यवहार परिवर्तन से जीवन में आए सकारात्मक अनुभव साझा किए। मास्टर ट्रेनर हरिओम दुबे ने मुक्ति पात्र के माध्यम से आत्मचिंतन पर जोर देते हुए कहा कि जब व्यक्ति अपने भीतर के आनंद से जुड़ता है, तभी वास्तविक संतोष प्राप्त होता है।कार्यशाला में प्रतिभागियों ने आनंद प्राप्ति के लिए विविध खेलों और गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, कृषि, पुलिस, मत्स्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगर परिषद लांजी सहित विभिन्न शासकीय विभागों के कर्मचारियों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# बहेला में साईबाबा मंदिर स्थापना के 13वें वर्ष पर साईं पालकी यात्रा का आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।**
क्षेत्र के ग्राम बहेला में साईबाबा मंदिर की स्थापना के 13 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 24 अक्टूबर 2025 को श्रद्धा और भक्ति के साथ एक भव्य साईं पालकी यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को यादगार बनाया। मंदिर स्थापना दिवस के अंतर्गत दिन की शुरुआत प्रातःकाल में अभिषेक और पूजन के साथ हुई, जिसमें साईबाबा की मूर्ति का विधिवत पूजन किया गया। संध्या के समय विशेष पूजा-अर्चना के बाद साईं पालकी यात्रा निकाली गई, जो ग्राम के विभिन्न हिस्सों से होकर गुजरी।

साईं पालकी यात्रा साईं मंदिर चौक से शुरू हुई, जहां डीजे और बाजों की मधुर धुनों के साथ भक्तों का उत्साह चरम पर था। पालकी यात्रा ने ग्राम भ्रमण करते हुए बाजार चौक और गांधी चौक का दौरा किया और फिर पुनः साईं मंदिर पहुंची। इस दौरान भक्तों ने साईं भजनों और भक्ति भजनों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। पालकी यात्रा के समापन के बाद ग्रामवासियों द्वारा महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें न केवल बहेला ग्राम के लोग, बल्कि आसपास के गांवों से आए साईं भक्तों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। महाप्रसादी के आयोजन ने सामुदायिक एकता और भक्ति के भाव को और मजबूत किया।



कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और विशेष बना दिया। जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना खोंगल, देवेंद्र खोंगल, चंद्रकुमार वानखेड़े, संजय मुन्ना वानखेड़े, कोमल काड़े, अजय वानखेड़े, सरपंच श्रीमती सुनिता अशोक चौरागड़े, राजश्री वानखेड़े, सचिन मानकर, विजय मोरे, निखील मोरे, कुलदीप वानखेड़े, राजेश वानखेड़े, प्रदीप वानखेड़े, दिलीप दोने, विनोद गोतमारे, रंजित वानखेड़े, दामेश्वर वानखेड़े, प्रमोद खिरेकर, अवधेश कोसरकर, सुमन कोसरकर, मोनू ब्राम्हणकर, नरेश खिरेकर, देवेंद्र कोटांगले, रविंद्र खोंगल, शैलेंद्र खोंगल, जितेंद्र झा, प्रफुल चौधरी, बदरी, शेषराम वानखेड़े, प्रमोद काड़े, कुंवर काड़े, विनोद काड़े, सागर काड़े, अशोक माहुले, हेमंत माहुले, अरुण यूके, अरशद खान, कुलदीप वानखेड़े, मदनलाल झा, प्रमोद बारेवार, दिनेश माहुले, सुरेश खुरंगे, कैलाश सीरसागर, घनश्याम मस्के, दिलीप झा, मन्नूलाल मानकर, दिगंबर पटले, श्यामू कोटांगले सहित अनेक साईं भक्त और ग्रामवासी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

यह आयोजन न केवल साईं भक्ति का प्रतीक बना, बल्कि ग्रामवासियों के बीच सामाजिक और धार्मिक एकता को भी दर्शाता है। साईं मंदिर स्थापना दिवस का यह उत्सव हर साल की तरह इस बार भी भक्तों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। ग्रामवासियों ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर सहयोग किया, जिससे यह कार्यक्रम और भी भव्य और आनंदमय हो गया।

# अपने काम को पूर्ण निष्ठा से करना ही ''आनंद'' है

## जनपद में सम्पन्न हुई एकदिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला





**पद्मेश न्यूज। कटंगी।**
राज्य आनंद संस्थान, भोपाल (आनंद विभाग) एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कटंगी बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्टर मृणाल मीणा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में गुरुवार को एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत कटंगी के सभागार में किया गया। इस कार्यशाला में राकेश प्रजापति तहसीलदार, शांडिल्य जी नायब तहसीलदार , गायत्री सारथी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, आकाश दुबे पर्यवेक्षक आनंद विभाग भोपाल, सुशील बर्मन जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, सुरेन्द्र कुमार भगत विकासखंड समन्वयक एवं आनंद विभाग से बी.के. पटेल जिला सम्पर्क व्यक्ति एवं मास्टर ट्रेनर, कमलकांत बिठले मास्टर ट्रेनर, हंसराज भोतिक मास्टर ट्रेनर, लालबहादुर जी राहंगडाले सामाजिक कार्यकर्ता, संदीप शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता, देवी प्रसाद तिवारी सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण पूजन दीप प्रज्वलन कर किया गया। शुभारम्भ सत्र में जिला समन्वयक सुशील बर्मन द्वारा अल्पविराम कार्यक्रम के उद्धेश्य से अवगत कराया गया। सभी प्रतिभागियों को जीवन में आनंद कैसे प्राप्त हो, इस विषय पर विचार प्रकट किया गया। कार्यशाला को बढ़ाते हुए सत्र प्रशिक्षक वी के पटेल द्वारा लाइफ बैलेंस शीट एवं संपर्क-सुधार-दिशा के सत्र लिए गए एवं उनके द्वारा व्यवहार परिवर्तन से जीवन को मिली दिशा से जुड़े अनुभव साझा किए गये। मास्टर ट्रेनर कमलकांत बिठले ने मुक्ति पात्र के माध्यम से बताया कि क्या मैं जैसा बाहर से दिखाई देता हूँ वैसा भीतर से हूँ तथा लोगों से भी वैसी अपेक्षा रखता हूँ, अब मैं अपने जीवन में आनंद की अनुभूति प्राप्त कर रहा हूँ। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने भी उत्सुकता से जीवन में आनंद कैसे मिले इसके लिए अनेकानेक खेल एवं क्रियान्वयन में सहभागिता रही। अंत में सभी का आभार व्यक्त सुरेंद्र कुमार भगत विकासखंड समन्वयक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय विभाग जिनमें स्कूल शिक्षा, स्वास्थ विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पुलिस विभाग, मत्स्य विभाग पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के कर्मचारीगण सहित परामर्शदाता सुश्री अंजू डोंगरे, अरविन्द दरवडे, राजकुमार ब्यौत्रा अवलेश पारधी, शालू राऊत ने उपस्थित रहकर अपना सराहनीय योगदान दिया।

# सड़क किनारे बना गड्ढा दुर्घटनाओं का बन रहा कारण, सुधार की मांग

**पद्मेश न्यूज। लांजी।**
लांजी-बालाघाट मार्ग पर हाऊबाग के आगे बिसोनी शरहद में सड़क किनारे बना गड्ढा लगातार दुर्घटनाओं का कारण बनता जा रहा है। ताज़ा घटना में शुक्रवार 24 अक्टूबर की सुबह एक सोनालिका कंपनी का नया ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर इसी गड्ढे में जा घुसा। गनीमत रही कि ट्रैक्टर की गति धीमी होने के कारण वह पलटा नहीं, अन्यथा यह दुर्घटना गंभीर रूप ले सकती थी।जानकारी के अनुसार, लांजी नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत लांजी-बालाघाट मार्ग एवं लांजी-आमगांव मार्ग पर डिवाइडर निर्माण और सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है। ठेकेदार द्वारा इसी कार्य के अंतर्गत सड़क की पटरी की खुदाई प्रारंभ की गई थी। लगभग 3-4 ट्रैक्टर मिट्टी निकालने के बाद नगर परिषद कर्मियों ने बताया कि खुदाई का क्षेत्र बिसोनी पंचायत की सीमा में आता है, जिससे कार्य तुरंत रोक दिया गया। खुदाई के बाद पटरी की भराई नहीं की गई, जो अब दुर्घटनाओं का कारण बन रही है।यह मार्ग लोक निर्माण विभाग के अधीन आता है, परंतु विभाग



द्वारा अब तक इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस खतरनाक गड्ढे को शीघ्र भरवाया जाए ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना की संभावना न रहे।

# गोंड गोवारी समाज की नगर कार्यकारिणी गठित युवाओं को सौंपे गए अहम दायित्व

**पद्मेश न्यूज। कटंगी।** गोंड गोवारी समाज की नगर कार्यकारिणी 22 अक्टूबर को चुनाव के माध्यम से गठित की गई। स्थानीय राधा गोविंद मंदिर परिसर में हुई चुनाव प्रक्रिया में सर्वसम्मति से नगर कार्यकारिणी के लिए मोनू केकड़े अध्यक्ष, कपूर नेवारे उपाध्यक्ष, कोमल सेन्द्रे सचिव, धनंजय नेवारे कोषाध्यक्ष, नागेश मुर्खे उपाध्यक्ष, मितेश चैधरी संगठन मंत्री, किशोर मानकर सह सचिव मनोनीत किए गए। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ बी.आर. आमाडारे, अशोक कारसर्पे, गोविंद सेन्द्रे, महेश बोपचे, दागेन्द्र राउत, मनोहज राउत, धनराज राउत, महेन्द्र नेवारे, रमेश भोण्डे, हिना मानकर, लालचंद भोण्डे, सुनील नागोसे, राजा गुरबेले, त्रिलोक सेन्द्रे, बाबी वाघाड़े, महेश सेन्द्रे, मतिन भोण्डे, देवाजी नेवारे, अमन भोण्डे, गौराज राउत, राजा भाण्डारी, आर्यन वाघाड़े, गौराज वाघाड़े की प्रमुख उपस्थिति रही। गोवारी समाज संगठन की नगर कार्यकारिणी में युवाओं को नेतृत्व सौंपा गया। समाज के वरिष्ठजनों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पुष्पहार पहनाकर बधाई दी एवं नवदायित्व सौंपे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भी सौंपे गए पदीय दायित्वों को लेकर समाजजनों का आभार व्यक्त किया एवं समाज के लिए अपेक्षानुरूप कार्य करने के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की।



लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# दिल्ली पुलिस ने भोपाल से आईएसआईएस आंतकी को किया गिरफ्तार

**भोपाल (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआईएस मॉड्यूल के दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इसमें से एक की गिरफ्तारी मध्य प्रदेश के भोपाल के करोंद क्षेत्र से और दूसरे की दिल्ली के सादिक नगर से हुई है। जानकारी के मुताबिक ये दोनों ही दिल्ली में किसी भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र बड़े धमाके को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। सूत्र बताते है की अधिकारियों को इस बात की जानकारी मिली है, की पकड़े गये दोनो युवक सुसाइड अटैम्प्ट की ट्रेनिंग ले रहे थे, और उनक ट्रेनिंग आखिरी स्टेप में पहुंच चुकी थी। पकड़े गए आतंकियों अदनान उर्फ अबु मुहारिफ (20) साल को दिल्ली से और अदनान खान उर्फ अबु मोहम्मद (21) को भोपाल से दबोचा गया है। बताया जा रहा है कि दोनो ने दिल्ली के किसी भीड़भाड़ वाले इलाके में आतंकी हमले की साजिश रचते हुए उसे अंजाम देने के लिये हथियार और विस्फोटक भी जुटा लिए थे, जिन्हें जब्त कर लिया गया है।



**- भोपाल से गिरफ्तार संदिग्ध के पिता अकाउंटेंट, खुद कर रहा था सीए की तैयारी**

भोपाल के करोंद क्षेत्र में गिरफ्तार आरोपी अदनान को दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने आरोपी को दिवाली से एक दिन पहले गिरफ्तार किया था। सूत्रों की मानी जाये तो अदनान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए कट्टरपंथी समूहों से जुड़ा था। इसके बाद से ही वह आईएसआईएस के साथ संदिग्ध संबंधों को लेकर रडार पर था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक भोपाल से गिरफ्तार आतंकी पहले लखनऊ के एक व्हाट्सएप ग्रुप का सदस्य था। स्नातक की पढ़ाई कर रहा था, और सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंसी) की परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उसके पिता अकाउंटेंट हैं, और उसकी मां भी नौकरी करती हैं। अदनान को मध्य प्रदेश एटीएस की मदद से गिरफ्तार किया है।

**- दिल्ली से पकड़े गये आंतकी की जॉच के दौरान जुड़ी भोपाल की कड़ियॉ**

जानकारी के अनुसार अदनान का परिवार अशोका गार्डन इलाके में रहता था, कुछ सालो पहले ही वो करोंद में किराये के मकान में आकर रहने लगे थे। अदनान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दिल्ली में बैठे अपने साथी से जुड़ा हुआ था। दिल्ली पुलिस ने पहले एक आतंकी को पकड़ा था, जब उसके सोशल मीडिया अकाउंट खंगाले गए तो भोपाल में इसके दूसरे साथी का पता चला। दोनों के पास से संदिग्ध सामान भी बरामद किया गया है। इसके साथ ही इन आतंकियों के द्वारा आत्मघाती हमले की ट्रेनिंग लेने की जानकारी भी सामने आ रही है।

**- आईईडी धमाका करने की थी साजिश**

बताया जा रहा है की संदिग्ध युवक आईईडी से धमाका करने की योजना बना रहे थे, सूत्रो का कहना है कि इन्होंने दिल्ली में कुछ स्थानों की रेकी भी की थी। दोनों के पास से बम का टाइमर सेट करने के लिए घड़ी, लैपटाप में बम बनाने के वीडियो। आईएसआईएस का झंडा, उसकी ड्रेस भी मिली है। इसके साथ ही एक स्थान की फोटो भी मिली है, अनुमान है कि इसी जग पर ये धमाका करने की तैयारी में थे।

**- अदनान को पहले भी पकड़ चुकी है पुलिस**

जानकारी के मुताबिक भोपाल के अदनान को यूपी एटीएस पहले भी पकड़ चुकी है, उसने साल 2024 में ज्ञानवापी मामले की सुनवाई कर रहे जज को मारने की धमकी दी थी। उसका फैमिली बैकग्राउंड देख जांचकर्ताओं का मानना है, कि उसे कट्टरपंथी समूहों द्वारा ऑनलाइन ब्रेनवॉश कर उकसाते हुए कट्टरपंथी बनाया जा रहा था।

**- आईएसआई की मदद से चलाने की आंशका**

सूत्रों के मुताबिक, आईएसआईएस से प्रेरित इस मॉड्यूल को पाकिस्तान की आईएसआई की मदद से चलाये जाने की आंशका है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ चल रही है। सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां यह पता लगा रही हैं कि इन्हें किसने इस मॉड्यूल से जोड़ा, मॉड्यूल में और कौन कौन है, कहां से फंडिंग हो रही थी, या इस मॉड्यूल के द्वारा किस तरह से अंशाति फैलाने की साजिश रची गई थी।

**- भोपाल से पहले भी गिरफ्तार हो चुके हैं आतंकी संगठनो के संदिग्ध**

एमपी की राजधानी भोपाल से इसके पहले भी बांग्लादेशी आतंकी संगठन से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। ऐसे संगठन युवाओं का ब्रेनवॉश कर उन्हें भड़काते थे। प्रदेश का मालवा प्रांत सिमी का गढ़ रहा है, यहां से सबसे ज्यादा इनके सदस्यों की गिरफ्तारी भी हुई है। सितंबर में भी स्पेशल सेल ने एक बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था, जिसमें कई राज्यों से पांच संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली, झारखंड, तेलंगाना और मध्य प्रदेश से पकड़े गये सभी आरोपियो की उम्र 20 से 26 साल के बीच थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान झारखंड के बोकारो निवासी अशर दानिश (23), मुंबई के आफताब कुरैशी (25), महाराष्ट्र के मुंब्रा निवासी सूफियान अबुबकर खान (20), तेलंगाना के निजामाबाद निवासी मोहम्मद हुजैफ यमन (20) और मध्य प्रदेश के राजगढ़ निवासी कामरान कुरैशी (26) के रूप में हुई थी।

## आंखों को जलाने वाले कार्बाइड गन के खिलाफ मैदान में उतरा प्रशासन

### गन की बिक्री पर बैन, 6 लोगों पर एफआईआर दर्ज

**भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल में आंख फोड़ू कार्बाइड गन के इस्तेमाल से लोगो की आंखों की रोशनी जा रही है। 144 से अधिक मामले सामने आने के बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है, और हादसो के बाद अब नींद से जाग कर कार्रवाई करने मैदान में उतरा है। भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि दिवाली के मौके पर जिले में गन के प्रयोग से 10 बच्चों की आँख में गंभीर चोट पहुँची है,जबकि 15 लोगों की सर्जरी की जा चुकी है। शासन स्तर पर मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश अनुसार उनके इलाज का प्रबंध करवाया जा रहा है। जिला प्रशासन ने सीएमएचओ भोपाल को इलाज संबंधित निर्देश जारी किए हैं। भोपाल कलेक्टर ने बताया अभी गंभीर घायलों का इलाज जारी है, और सर्जरी वाले भी डॉक्टर की देखरेख में परामर्श ले रहे हैं। ऐसे में आगे और बेहतर इलाज की जरूरत लगती है, तो घायलों को एयर एंबुलेंस की मदद से बाहर भी भेजा जा सकता है।

**- गन की बिक्री पर बैन, 6 लोगों पर एफआईआर दर्ज**

कलेक्टर ने आगे बताया कि मामले में विस्फोटक अधिनियम के तहत 6 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। गन की बिक्री पर जिला प्रशासन ने पूर्णत प्रतिबंध लगा दिया है, आगे अगर कोई ख़रीदता बेचता पाया जाएगा तो उन सभी पर भी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि अब ई-कॉमर्स वेबसाइट पर भी नज़र रखी जा रही है,अगर वहां भी गन की कोई डिटेल्स मिलती है तो लेटर लिखकर बिक्री बंद करने के लिए निर्देश दिए जाएंगे।

**- विस्फोटक कहा से आया, जॉच जारी**

कलेक्टर ने बताया कि पुलिस इसकी जाँच कर रही है, कि शहर में विस्फोटक कहा से आया था। जिन दुकानों के लाईसेंस थे, उन पर ये गन नहीं बेची जा रही थी, शहर की चुनिंदा दुकानों पर ही गन बेची गई थी। जबकि कुछ लोगो ने सोशल मीडिया पर वीडियो देखकर स्वयं ही घर पर कार्बाइड गन तैयार की थी। घटना से पहले नौ अक्टूबर को ही कई जगहों पर से 55 गन की ज़ब्ती की गई थी। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के साथ लोगो को जागरूक करना मुख्य उद्देश्य है।



**- रात में हमीदिया हॉस्पिटल पहुंचे थे कलेक्टर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बाद भोपाल कलेक्टर कोशलेंद्र विक्रम सिंह बीती रात हमीदिया अस्पताल पहुँचकर आंखो के इलाज के लिए उपचाररत व्यक्तियों एवं बच्चों का हाल-चाल जाना था। उन्होंने डॉक्टरों से बेहतर उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए चर्चा की थी। इस दौरान उन्होंने सभी को रेड क्रॉस के माध्यम से 5 हजार रुपए प्रति व्यक्ति की आर्थिक सहायता मौके पर ही उपलब्ध कराई थी।

**- जिले में जारी हो चुका है प्रतिबंधात्मक आदेश**

कलेक्टर सिंह ने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से देव उठनी ग्यारस, नववर्ष एवं विवाह समारोहों में आतिशबाजी के दौरान कार्बाइड गन के प्रयोग पर रोक लगाने के लिए धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।साथ ही, समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर ऐसी गनों की जप्ती के निर्देश दिए गए हैं। दल ने अब तक आतिशबाजी दुकानों के निरीक्षण के दौरान आनंद नगर, निशातपुरा, छोला, बैरसिया एवं अन्य क्षेत्रों में 55 कार्बाइड गन जब्त की है, जिन पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

## गबन और करप्शन से जुड़े मामलों में रिपोर्ट तैयार करने वाले अधिकारियों को गवाह न बनाया जाये

**भोपाल (एजेंसी)।** सरकारी धन के गबन और करप्शन से जुड़े मामलों में कोर्ट और विभागीय जांच के दौरान रिपोर्ट तैयार करने वाले अधिकारियों को गवाही और बयान के लिए बुलाने पर वित्त विभाग ने आपत्ति जताई है। विभाग के अपर सचिव रोहित सिंह ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, संचालक लोक अभियोजन, विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त, कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को पत्र भेजकर आदेश जारी किए हैं, कि स्टेट फाइनेंसियल सेल और महालेखाकार कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों को किसी भी स्थिति में गवाह या अभियोजन साक्षी नहीं बनाया जाएगा। स्टेट फाइनेंसियल सेल, आयुक्त कोष और लेखा कार्यालय के अधीन काम करता है। महालेखाकार की आडिट रिपोर्ट नियमों के अनुसार ही होती है। यदि कोई आपत्ति गलत लगती है, तो उस पर सीधे महालेखाकार कार्यालय को पत्र भेजा जा सकता है। वहीं सही आपत्ति मिलने पर संबंधित विभाग को कार्रवाई करनी होगी। विभाग ने साफ कर दिया है कि एजी कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी को न्यायालय में पेश होने की आवश्यकता नहीं है। गबन और भ्रष्टाचार के मामलों में विभागीय और कानूनी कार्यवाही, जिम्मेदारी तय करना और शासन को हुई हानि की वसूली की जिम्मेदारी संबंधित विभागाध्यक्ष की होगी।



## समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार, बाजरा उपार्जन के लिए 8 लाख 53 हजार 911 किसानों ने कराया पंजीयन

### गत वर्ष 7 लाख 84 हजार 845 किसानों ने कराया था पंजीयन

**भोपाल (एजेंसी)।** समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार, बाजरा उपार्जन के लिए इस वर्ष 8 लाख 53 हजार 911 किसानों ने पंजीयन कराया है। पिछले वर्ष 7 लाख 84 हजार 845 किसानों ने पंजीयन कराया था। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि इस वर्ष विगत वर्ष की तुलना में लगभग 69 हजार अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है। धान उपार्जन के लिये 8 लाख 47 हजार 830, ज्वार के लिये 2601 और बाजरा के लिये 5 हजार 545 किसानों ने पंजीयन कराया है। उन्होंने बताया है कि धान का समर्थन मूल्य 2369 रूपये, ज्वार का 3699 और बाजरा का 2775 रूपये है।



मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर और एम.पी. किसान एप पर की गई थी।

**जिलेवार पंजीयन**

प्रदेश में हुए कुल पंजीयन में मुख्य रूप से जिला बालाघाट में 1 लाख 25 हजार 845 किसान, जबलपुर में 52 हजार 975, सिवनी में 59 हजार 590, कटनी में 61 हजार 388, मण्डला में 39 हजार 292, डिण्डोरी में 25 हजार 23, नरसिंहपुर में 16 हजार 204, छिंदवाड़ा में 3 हजार 258, रीवा में 70 हजार 115, सतना में 61 हजार 397, मैहर में 29 हजार 151, सिंगरौली में 30 हजार 189, सीधी में 28 हजार 536, मऊगंज में 22 हजार 369, शहडोल में 37 हजार 56, उमरिया में 27 हजार 271, अनूपपुर में 21 हजार 831, पन्ना में 37 हजार 207, दमोह में 22 हजार 896, सागर में 4 हजार 90, रायसेन में 16 हजार 983, सीहोर में 9 हजार 4, विदिशा में 1386, भोपाल में 88, नर्मदापुरम में 31 हजार 804, बैतूल में 9 हजार 546, हरदा में 510, भिंड में 1387, मुरैना में 4954, श्योपुर में 110, ग्वालियर में 750, शिवपुरी में 857, दतिया में 449, देवास में 255, बड़वानी में 61 और झाबुआ में 33 किसानों ने पंजीयन कराया है।

## नौकरियों में चयनित 51 हजार अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए




भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी नौकरियों में चयनित 51 हजार अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसी तारतम्य में राजधानी के समन्वय भवन में शुक्रवार को रोजगार मेला कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, विधायकद्वय रामेश्वर शर्मा व भगवानदास सबनानी आदि ने भी सहभागिता दर्ज कराते हुए अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इससे पहले सांसद शर्मा, महापौर श्रीमती राय, विधायक शर्मा व सबनानी आदि ने दीप प्रज्वलित कर रोजगार मेले के तहत नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं चयनित अभ्यार्थी मौजूद थे।

## शराब के नशे में गिरने से मौत



**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** घर में शराब के नशे में गिरने से बेहोश एक व्यक्ति की जिला अस्पताल बालाघाट लाते समय रास्ते में मौत हो गई। मृतक जगदीश पिता यशवंत राव नाकतोड़े 50 वर्ष ग्राम पीपलगांव कला थाना लांजी निवासी है। जिला जिला अस्पताल पुलिस ने इस व्यक्ति का शव जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिए हैं। जिसका पोस्टमार्टम 25 अक्टूबर को किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदीश नाकतोड़े खेती किसानी के अलावा वह मिस्त्री का काम करता था। जिसके परिवार में पत्नी सरस्वती नाकतोड़े के अलावा दो बेटे हैं। बड़ा बेटा मुंबई में काम करता है। छोटा बेटा घर में ही खेती किसानी करता है। बताया गया कि जगदीश नाकतोड़े ने 1 वर्ष से मिस्त्री का काम करना बंद कर दिया था और घर में रहता था। यह भी बताया गया है कि जगदीश नाकतोड़े शराब पीने का आदी था और रोज शराब पीते रहता था। जगदीश नाकतोड़े पिछले 3 दिन से लगातार शराब पी रहा था और घर में खाना भी नहीं खा रहा था। जिसके कारण वह कमजोर भी हो गया था। 24 अक्टूबर को सुबह जगदीश नाकतोड़े शराब पीकर घर आया और घर में सो गया था। 2.30 बजे करीब जगदीश नाकतोड़े उठा और बाथरूम तरफ गया था। जो शराब के नशे में ठीक से चल नहीं पा रहा था। जगदीश नाकतोड़े जब बाथरूम से घर के अंदर आया। तभी उसका सिर घर की दीवार से टकरा गया और वह नीचे गिरकर बेहोश हो गया था। जिसे पत्नी और उसके बेटे ने गांव के डॉक्टर को बुलाकर दिखाएं। गांव के डॉक्टर ने जगदीश नाकतोड़े को बालाघाट ले जाने की सलाह दी थी। 4 बजे करीब जगदीश नाकतोड़े परिवार के लोगों ने प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल बालाघाट लाये। जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिये। जगदीश नाकतोड़े को गॉव से जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। जिला अस्पताल पुलिस ने मृतक जगदीश का शव जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दी है। जिसका पोस्टमार्टम 25 अक्टूबर को किया जाएगा।

## आगामी 15 से 25 नवंबर तक आयोजित होगा स्वदेशी मेला



**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** आगामी 15 से 25 नवम्बर को उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के खेल मैदान में स्वदेशी मेला का आयोजन किया जाना है। इसकी तैयारियों को लेकर कलेक्टर मृणाल मीना कि अध्यक्षता में 24 अक्टूबर को कलेक्टर सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, बालाघाट एसडीएम गोपाल सोनी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में स्वदेशी मेले के दौरान सभी कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित और प्रभावी ढंग से आयोजित करने तथा मेले की सफलता के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।

## सोनपुरी के तालाब में पंडा की तालाब में डूबने की आशंका

**पद्मेश न्यूज। किरनापुर।** तहसील मुख्यालय ग्राम पंचायत किरनापुर अंतर्गत ग्राम सोनपुरी निवासी रमेश कावरे (पंडा) प्रतिदिन की तरह अपनी पत्नी के साथ रोज भैंस चराने निकल जाता था । वह ग्राम सोनपुरी के नजदीक ही भैंसों को चराकर उसे तालाब में नहला धुला कर रोज की तरह घर ले आता था किंतु दिनांक 24/10/2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 1:30 से 2:00 बजे का समय था वह भैंस को तालाब के अंदर ले जाकर धोने के बाद भैंस आगे निकाल रहा था कि अचानक वह तालाब के गहरे पानी में चला गया ऐसा उसकी पत्नी द्वारा जानकारी दी गई। किरनापुर पुलिस को इसकी सूचना ग्रामीणों ने दी तब पुलिस प्रशासन द्वारा रेस्क्यू टीम बालाघाट एसडीईआरएफ को अवगत कराते हुए तत्काल किरनापुर सोनपुरी तालाब में पहुंचाया गया । जहां एसडीईआरएफ की टीम द्वारा दोपहर से शाम होते तक काफी



खोजबीन की गई किंतु कहीं रमेश पंडा का पता नहीं लगा। शाम होने के कारण रेस्क्यू टीम द्वारा खोजबीन बंद कर दिया गया । परिवार के लोगों को समझाइश दी गई। कहा गया आप लोग घर चले जाओ कल सुबह से फिर खोजबीन चालू करेंगे ।अब देखना है यह कि क्या तालाब के पानी में अपने आप रमेश कावरे पंडा का शव ऊपर आता है। या फिर कल पुनः रेस्क्यू टीम की मदद लेनी होगी। घटना संबंधी जानकारी पत्नी कस्तूरा बाई द्वारा दी गई है उन्होंने यह भी बताया कि गहरे पानी में जाने के कारण वह हाथ ऊपर बचने के लिए करने लगे थे तब मैंने देखी और फिर कुछ लोगों द्वारा दौड़कर तालाब की ओर आकर देखा पानी में ढूंढने का भी ग्रामीणों ने मदद के तौर पर प्रयास किया गया । किंतु उनका प्रयास भी विफल रहा और रमेश कावरे का पता नहीं चल पाया है।

## सिवनीकला में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम 29 को

**पद्मेश न्यूज। सिवनीकला।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जनपद पंचायत किरनापुर के अन्तर्गत आने वाले ग्राम सिवनी कला में दिनांक 29 अक्टूबर दिन बुधवार को दिन- रात की मण्डई का आयोजन किया गया है। जहा रात्रि 9बजे से छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की गायक और गायिकाओ के द्वारा छत्तीसगढ़ी लोककला मंच एवं रीमिक्स आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील आयोजक समिति एवं ग्रामीणजनों द्वारा की गई है।

## तीसरा एकदिवसीय आज, सुबह 9 बजे शुरू होगा मैच

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप से बचने उतरेगी टीम इंडिया

सिडनी,एजेंसी। युवा कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए पहुंची भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ कंगारुओं ने 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। गुरुवार को एडिलेड में खेले गए दूसरे वनडे में 2 विकेट से हार के साथ ही भारतीय टीम सीरीज गंवा बैठी। आखिरी मुकाबला 25 अक्टूबर को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में सुबह 9 बजे से खेला जाएगा। इस मैच में जीत दर्ज कर भारतीय टीम सीरीज में क्लीन स्वीप से बचने की कोशिश करेगी। गिल की कप्तानी में फैंस को जीत की उम्मीद थी, लेकिन नतीजा उलट रहा। गिल न केवल कप्तानी में नाकाम रहे, बल्कि बल्ले से भी कोई खास योगदान नहीं दे सके।

इसका खामियाजा भारतीय टीम को सीरीज गंवाकर चुकाना पड़ा। तीसरे वनडे के लिए प्लेइंग इलेवन की बात करें तो विराट कोहली बेशक तीसरे क्रम पर खेलते हुए पहले 2 मैचों में डक पर आउट हो चुके हैं, लेकिन भारतीय टीम मैनेजमेंट उन पर भरोसा बनाए रखेगा। हालांकि, दूसरे वनडे में पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर लय में नजर आए। रोहित ने 73 और श्रेयस ने 61 रन की पारी खेली। लेकिन दूसरे बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामने सरेंडर नजर आए। भारतीय टीम में एक बदलाव नितीश रेड्डी के रूप में हो सकता है। नितीश पिछले 2 मैचों में ना तो अपनी गेंदबाजी से और ना ही बल्लेबाजी से प्रभावित कर पाए हैं। ऐसे में उन्हें हटाकर कुलदीप यादव को टीम में लाना फायदेमंद हो सकता है। इसके अलावा भारत अन्य कोई बदलाव करे उसकी संभावना कम ही नजर आती है।



### ऑस्ट्रेलियाई टीम में एडवर्ड्स और कुहनेमैन शामिल, टी-20 में ग्लेन मैक्सवेल की वापसी



ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे वनडे और आगामी टी20 सीरीज के लिए स्क्वॉड में बड़े बदलाव किए हैं। इस मैच के लिए जैक एडवर्ड्स और मैट कुहनेमैन को टीम में जगह मिली है। वहीं मार्नस लाबुशेन को बाहर का रास्ता दिखाया गया है। 29 अक्टूबर से 5 मैच की टी20 सीरीज भी खेली जानी है। इस सीरीज के लिए भी ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड में ग्लेन मैक्सवेल की वापसी हुई है। मैक्सवेल कलाई की चोट के चलते बाहर थे। उनके अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस (4-5), जोश फिलिप (सभी मैच), महली बियर्डमैन को भी टीम में शामिल किया गया है। **ऑस्ट्रेलिया टी20 टीम में बदलाव- अंदर:** ग्लेन मैक्सवेल (3-5 मैच), बेन ड्वार्शुइस (4-5 मैच), जोश फिलिप (सभी मैच), महली बियर्डमैन (3-5 मैच)। **बाहर:** जोश हेजलवुड (दूसरे मैच के बाद), सीन एबॉट (तीसरे मैच के बाद)

### गिल की कप्तानी पर भी उठे सवाल

इस सीरीज से पहले चयनकर्ताओं ने रोहित शर्मा को वनडे की कप्तानी से हटाकर शुभमन गिल पर भरोसा जताया था। गिल को वनडे से पहले टेस्ट टीम की कप्तानी भी सौंपी गई थी। ऑस्ट्रेलिया आने से पहले गिल की कप्तानी में भारत ने टेस्ट में वेस्टइंडीज को 2-0 से हराया था। लेकिन, लिमिटेड ओवर गेम में गिल न ही बल्ले से धमाल मचा पाए और न ही उनकी कप्तानी में धार दिखी। टीम इंडिया को वनडे वर्ल्डकप 2027 से पहले अब 14 मैच और खेलने है। गिल को अनुभव देने के लिए ही रोहित को कप्तानी से हटाकर उन्हें कप्तान बनाया गया था। अब ऐसे में गिल का कप्तानी में प्रदर्शन ऐसा ही रहा तो वर्ल्डकप से पहले उनकी कप्तानी भी जा सकती है।

**हेड-टू-हेड :** सिडनी के मैदान पर टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया ने अब तक कुल 19 मैच खेले है। भारत को सिर्फ 2 में और ऑस्ट्रेलिया को 16 मैच में जीत मिली।

### तीसरे वनडे के लिए दोनों टीमें

**भारत (संभावित एकादश):** रोहित शर्मा, शुभमन गिल (कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव। **ऑस्ट्रेलिया:** मिशेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, जैक एडवर्ड्स, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, मिशेल ओवेन, जोश फिलिप, मैट रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिशेल स्टार्क, एडम जम्पा

## महिला विश्व कप में आज होगा ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला

इंदौर (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीमें शनिवार को यहां महिला विश्व कप क्रिकेट में उतरेंगी। इस मैच में दोनों ही टीमों के बीच कड़ी टक्कर होने की उम्मीद है। जो भी टीम ये मैच जीतेगी वह नंबर एक पर पहुंच जाएगी। ऑस्ट्रेलियाई ने जहां अभी तक अपने सभी मैच जीते हैं और टीम अच्छी लय में है। जिससे वह जीत की प्रबल दावेदार है।

वहीं दक्षिण अफ्रीका ने इस विश्वकप में खराब शुरुआत के बाद अच्छी वापसी की है। पहले मैच में इंग्लैंड के हाथों 10 विकेट से मिली करारी हार के बाद टीम ने लगातार पांच मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनायी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम इस मैच से पहले अपनी कप्तान एलिसा हीली के फिट होने की उम्मीद कर रही है। हीली को इंग्लैंड के खिलाफ मैच से पहले अभ्यास के दौरान पिंडली में खिंचाव आ गया था। जिसके बाद से ही टीम से बाहर हैं। इसी कारण इंग्लैंड के खिलाफ मैच में ताहलिया मैक्ग्रा ने कप्तानी की थी।

ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के लिए हीली का खेलना बेहतर जरुरी है क्योंकि उसने बल्लेबाजी में लगातार शतक लगाये हैं। हीली ने भारत और बांग्लादेश के खिलाफ लगातार मैच में शतक बनाए, जिससे वह इस टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर काबिज है। इंग्लैंड के खिलाफ हीली के नहीं होने से बल्लेबाजी क्रम में काफी बदलाव करना पड़ा था। इसके बाद भी टीम मैच हार गयी थी।

ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी और गेंदबाजी काफी अच्छी है। ऐसे में जीत के लिए दक्षिण अफ्रीका को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ये जानती हैं। ऐसे में उन्हें अपनी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर मारिजाने काप से और अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। काप ने अब तक छह विकेट लेकर और दो अर्धशतक लगाकर गेंद और बल्ले से अहम भूमिका निभाई है। सलामी बल्लेबाज वोल्वार्ड्ट, ताज़्मिन ब्रिट्स और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज़ सुने लुस की तिकड़ी को अधिक से अधिक रन बनाने होंगे तभी दक्षिण अफ्रीका की टीम बड़ा स्कोर बनाकर गेंदबाजों को बचाव का अवसर दे सकती है।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**ऑस्ट्रेलिया:** एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), डार्सी ब्राउन, एशले गार्डनर, किम गर्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, ताहलिया मैक्ग्रा, सोफी मोलिनी, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

**दक्षिण अफ्रीका:** लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, तज़्मिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लर्क, एनेरी डर्कसेन, सिनालो जाफ्ता, मारिज़ैन काप, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, सुने लुस, कराबो मेसो, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुखुने, क्लोमिसो थंगारियोन।

## जडेजा सौराष्ट्र की टीम से रणजी ट्रॉफी खेलेंगे

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर में सौराष्ट्र की टीम से खेलेंगे। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एसीए) ने भी जडेजा के खेलने की बात कही है। रणजी ट्रॉफी का दूसरा दौर 25 अक्टूबर से राजकोट में शुरू होगा। जडेजा को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई एकदिवसीय टीम में जगह नहीं मिली। जिसके बाद उनके पास रणजी खेलने का ही विकल्प था। इसी कारण उन्होंने प्रथम श्रेणी मैच के लिए अपने को उपलब्ध बताया है जिससे वह अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए अपने को तैयार कर सकें। उन्हें इससे अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले लय हासिल करने का भी अवसर मिलेगा। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अगले माह दो मैचों की टेस्ट सीरीज होगी। जडेजा ने अंतिम बार पिछले सीजन में असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेला था। उन्होंने उस सत्र में दो मैच खेले थे और दिल्ली के खिलाफ अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड जीता था। जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए कुल 47 रणजी मैचों में 57.60 की औसत से 3,456 रन बनाए हैं और 21.25 की औसत से 208 विकेट लिए हैं। सत्र के अपने पहले मैच में सौराष्ट्र ने कर्नाटक को पहली पारी में हराया था।

## अश्विन की पोस्ट से विराट के संन्यास की अटकलें तेज हुई

चेन्नई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में भी शून्य पर आउट होने के बाद से ही माना जा रहा है कि उनका करियर अब समाप्त होने की ओर है। वहीं इसी बीच दिग्गज स्पिनर आर अश्विन की सोशल मीडिया में आई एक पोस्ट से विराट के संन्यास लेने की अटकलें और तेज हो गयी हैं। एडिलेड एकदिवसीय के बाद अश्विन ने एक तस्वीर साझा की है। इसमें तिरंगे के रंग में राइट का निशान लगा हुआ है। ये नाइकी के लोगो की तरह है। इस तस्वीर के साथ अश्विन ने लिखा, जस्ट लीव इट। यानी की अब छोड़ दो। अश्विन के इस पोस्ट को विराट से जोड़कर देखा जा रहा है।

## महिला विश्व कप क्रिकेट के सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय टीम

नवी मुंबई (एजेंसी)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्षा बाधित मैच को डकवर्थ लुइस नियम के तहत 5× रनों से जीत लिया। इसी के साथ ही भारतीय टीम महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी टीम बनी हैं। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। इस मैच में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 44 ओवर में ×25 रन का संशोधित लक्ष्य मिला था। इस विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम 44 ओवर में 8 विकेट पर 271 रन ही बना सकी और 5× रनों से हार गयी। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 49 ओवर में × विकेट के नुकसान पर ×40 रनों का विशाल स्कोर बनाया। बारिश के कारण इस मैच को 49



ओवर का किया गया था। प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने शतक लगाकर टीम को ठोस शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 212 रन बनाये।

मंधाना ने 109 रन जबकि प्रतिका ने 122 रन बनाये। वहीं जेमिमा रोड्रिग्स ने नाबाद 76 रन बनाए।

वहीं बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम दबाव में थी। उसके बल्लेबाजों ने इसके बाद भी प्रयास किया। अंत में ब्रूक हैलिडे ने 81 रन और इजी गेज ने 65 रन की पारी खेली पर ये जीत के लिए पर्याप्त नहीं थी। न्यूजीलैंड निर्धारित 44 ओवर में 8 विकेट पर 271 रन बना सकी और 5× रन से मैच हार गई। वहीं भारतीय टीम की ओर से रेणुका सिंह, क्रांति गौड़ ने 2-2 जबकि स्नेह राणा, एन चरणी, दीप्ति शर्मा और पत्रिका रावल ने 1-1 विकेट लिए।

## रोहित-कोहली को भारतीय टीम में लाये बदलावों के लिए भी याद किया जाएगा - चैपल

एडीलेड (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा की है। भारतीय टीम के कोच रहे चैपल ने कहा कि इन दोनो को अपनी बल्लेबाजी के साथ ही भारतीय क्रिकेट में लाये हुए बदलावों के लिए भी याद किया जाएगा। चैपल के अनुसार इन दोनो ने टीम में जो जुनून और आक्रामकता भरी है। उससे टीम को एक नया रुप मिला है। व्यक्तिगत गौरव को अधिक तवज्जो नहीं देना तथा रोहित शर्मा की विनम्रता और रोहित और कोहली करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं और चैपल को लगता है कि इस जोड़ी की विरासत आंकड़ों से कहीं आगे जाती है।



चैपल ने कहा, 'अब जैसे-जैसे क्रिकेट की दुनिया आगे बढ़ेगी तो नए नाम उभरेंगे। नए कप्तान नेतृत्व करेंगे पर कोहली-रोहित युग केवल रिकॉर्ड बुक में ही नहीं बल्कि हर उस प्रशंसक के दिलों में अंकित रहेगा जो समझता था कि वे किस लिए खड़े हैं। चैपल का मानना ??है कि कोहली को केवल महान बल्लेबाजों की श्रेणी में ही रखा नहीं जा सकता। उन्होंने लिखा, 'कोहली केवल बल्लेबाज नहीं थे। वह एक जुनून थे। उन्होंने वो दिखाया जो बहुत कम लोग कर पाते हैं - एक योद्धा जैसी मानसिकता उन्होंने टीम में भरी है।

उन्होंने भारत की एकदिवसीय टीम को एक तेज, केंद्रित और पूरी तरह से फिट टीम में बदल दिया जो घर और बाहर , जीतने के लिए खेलती थी।

चैपल ने लिखा, 'कोहली का जुनून, उनका समझौता नहीं करना, आंकड़ों से अधिक विरासत में उनका विश्वास। वहीं रोहित की विनम्रता और उनकी वापसी की कहानी सभी जानते है। उन्होंने बताया है कि क्रिकेट में और जिंदगी में टाइमिंग ही सब कुछ है। चैपल ने कहा कि कोहली अभी आंकड़ों के पीछे नहीं गये। उन्होंने लिखा, 'जो बात उन्हें अन्य लोगों से अलग करती थी वह थी व्यक्तिगत आंकड़ों को अधिक तवज्जो नहीं देना। जहां दुनिया शतकों और कुल स्कोर की वाहवाही कर रही थी, वहीं कोहली को केवल परिणाम की परवाह थी। चैपल ने लिखा, 'उन्होंने एक बार कहा था कि वह भारत के लिए खेलते हैं रिकॉर्ड के लिए नहीं'।

वहीं रोहित पारी की शुरुआत का अंदाज ऐसा था जो विरोधियों को बेहद सटीकता से ध्वस्त कर देता था। चैपल ने कहा, 'जहां कोहली का उदय तेजी से हुआ और उनके जुनून ने उन्हें परिभाषित किया तो वहीं रोहित का सफर धीमी गति से महानता की ओर बढ़ने वाला था। वर्षों तक उन्होंने सीमित ओवरों के क्रिकेट में अपनी चमक बिखेरी। उनकी टाइमिंग, संयम और प्रतिभा ने उन्हें घर-घर में जाना-पहचाना नाम बना दिया।

## महिला विश्वकप सेमीफाइनल का कार्यक्रम अभी तक तय नहीं हो पाया

इंदौर (एजेंसी)। भारतीय टीम के न्यूजीलैंड को हराकर आईसीसी महिला विश्वकप क्रिकेट के सेमीफाइनल में पहुंचते ही इसकी चारों टीमें तय हो गयी है। भारतीय टीम से पहले ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड की टीम अंतिम चार में पहुंची थी हालांकि अब तक ये तय नहीं हो पाया है कि सेमीफाइनल में किन टीमों का मुकाबला होगा।

भारतीय टीम अभी 6 मैचों में इतने ही अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। भारत का आखिरी मैच बांग्लादेश के खिलाफ है। टीम इंडिया अगर वह मैच जीत भी लेती है तो वह अधिकतम 8 अंकों तक ही पहुंच पाएगी। वहीं इंग्लैंड 9 अंक के साथ तीसरे, दक्षिण अफ्रीका 10 अंक के साथ दूसरे और ऑस्ट्रेलिया 11 अंक के साथ पहले स्थान पर है। इसका मतलब है कि भारतीय टीम चौथे नंबर पर रहकर ही सेमीफाइनल में उतरेगी

पहला सेमीफाइनल अंक तालिका में पहले और चौथे पायदान पर रहने वाली टीमों के बीच होगा, वहीं दूसरे सेमीफाइनल में दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाली टीमें उतरेंगे। इससे साफ है कि भारतीय टीम को पहले सेमीफाइनल में उतरना होगा।

सेमीफाइनल का कार्यक्रम इसलिए तय नहीं हो पाया है क्योंकि ये पता नहीं चला है कि शीर्ष दो में कौन सी टीमें हैं।

पहले तीन स्थानों पर चल रहीं ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड तीनों का अभी एक-एक मैच होना है। ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच शनिवार को होने वाले मुकाबले से तय होगा कि नंबर पर कौन ही टीम है।

## कोहली अभी संन्यास नहीं लेंगे, सिडनी में बड़ी पारी खेलेंगे - गावस्कर

सिडनी (एजेंसी)। भारतीय टीम के बल्लेबाज विराट कोहली ने जिस प्रकार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दूसरे एकदिवसीय में शून्य पर आउट होने के बाद अपना दाहिना हाथ उठाकर भीड़ की तरफ हिलाया, उससे उनके संन्यास की अटकलें शुरु हो गयीं। प्रशंसकों को ऐसा लगा जैसे वह अपने आखिरी मैच में दर्शकों का आभार जता रहे हों। वहीं महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर इससे सहमत नहीं हैं। गावस्कर के अनुसार विराट के मन में संन्यास का ख्याल नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका जेस्चर बस उस भीड़ का धन्यवाद करना था जो उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन देती आई है। गावस्कर ने कहा कि विराट सिडनी में सीरीज के तीसरे और आखिरी एकदिवसीय में भी खेलेंगे। गावस्कर ने कहा कि कोहली में अभी बहुत सारा क्रिकेट बचा हुआ है। वह बहुत कम मौकों पर विफल हुए हैं। उन्होंने कहा कि शनिवार को सिडनी में कोहली अच्छी वापसी करेंगे। उन्होंने कहा, विराट उस तरह का खिलाड़ी नहीं है जो आसानी से हार मान जाए। क्या आप वाकई सोचते हैं कि वह लगातार दो बार शून्य बनाने के बाद रिटायर हो जाएंगे ? नहीं, बिल्कुल नहीं । वह हाई नोट पर रिटायर होना चाहेंगे। सिडनी का मैच अभी बाकी है और उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज है वह 2027 के विश्व कप में रोहित के साथ होंगे। गावस्कर ने कहा, 'देखिए, उनके नाम 14000 से ज्यादा रन हैं, 52 एकदिवसीय शतक हैं और 32 टेस्ट शतक भी हैं। उन्होंने हजारों रन बनाए हैं इसलिए उनका एकाध बार असफल होना चलता है। जो कुछ हुआ उससे बहुत ज्यादा मतलब मत निकालिए। अभी उनमें बहुत क्रिकेट बचा हुआ है। आगे बहुत क्रिकेट है। हो सकता है कि सिडनी में हम उनसे कोई बड़ी पारी देखें।'



गावस्कर ने आगे कहा, 'एडिलेड निश्चित तौर पर ऑस्ट्रेलिया में उनका पसंदीदा मैदाना रहा है। उन्होंने वहां शतक बनाए हैं, इसलिए स्वाभाविक है कि हर कोई उनसे यहां कुछ बड़े स्कोर की उम्मीद कर रहा था पर वैसा नहीं हुआ।' गावस्कर ने कहा, जब वह बल्लेबाजी के लिए आए तो लोगों ने खड़े होकर उनका सम्मान किया। ज्यादातर दर्शक ऑस्ट्रेलियाई थे, इसलिए ये और भी खुशी की बात है।

## सिडनी मैदान पर बेहद खराब रहा है भारतीय टीम का रिकार्ड

सिडनी (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम अब शनिवार को यहां सिडनी के मैदान पर होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया पर जीत दर्ज कर क्लीन स्वीप से बचने उतरेगी। भारतीय टीम अब तक हुए दोनो ही एकदिवसीय मैच हारकर सीरीज गंवा चुकी है। ऐसे में उसका लक्ष्य किसी भी प्रकार सिडनी मैच जीतकर टी20 सीरीज से पहले लय हासिल करना रहेगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो इस मैदान पर भारतीय टीम का रिकार्ड बेहद खराब रहा है। यहां हुए कुल 19 मैचों में से भारतीय टीम केवल 2 में ही जीती है। वहीं 16 मैच में उसे करारी हार का सामना करना पड़ा है। वहीं यहां एक मैच का परिणाम नहीं निकल पाया। ऐसे में सिडनी में ऑस्ट्रेलियाई टीम के जीतने की संभावना अधिक है। ऐसे में भारतीय टीम का प्रयास सिडनी में जीत हासिल कर यहां चल रहे हार के सिलसिले को तोड़ना रहेगा। भारतीय टीम को सीरीज के पहले दोनो ही मैचों में बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। अब देखना है कि वह तीसरे एकदिवसीय में कितनी सफल होती है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एकदिवसीय सीरीज का पहला मैच पर्थ में जबकि दूसरा एडीलेड में खेला गया था। इन दोनो में ही भारतीय टीम को करारी हार झेलनी पड़ी थी।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम एकदिवसीय और टी20 सीरीज के लिए टीम में बदलाव किया

एडीलेड (एजेंसी)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने भारतीय टीम के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में मिली जीत के साथ ही अपनी टीम में कई बदलाव किये हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने एकदिवसीय सीरीज में 2-0 की बढ़त के साथ ही वह अपने नाम कर ली है। ऐसे में अब 25 अक्टूबर को होने वाले अंतिम एकदिवसीय सीरीज और 29 अक्टूबर से होने वाली टी-20 सीरीज के लिए टीम बदलावों के साथ नजर आयेगी।

तीसरे एकदिवसीय के लिए ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स को टीम में शामिल किया गया है। वहीं शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को एकदिवसीय टीम से बाहर कर दिया गया है।

पहले एकदिवसीय में अच्छी गेंदबाजी करने वाले मैथ्यू कुहनेमैन को तीसरे एकदिवसीय के लिए रखा गया है। स्पिनर एडम जम्पा की वापसी के कारण वह दूसरे मैच से बाहर कर दिये गये थे। ऑस्ट्रेलिया ने टी20 टीम में भी कई बदलाव किए हैं। जोश हेजलवुड और सीन एबॉट को टी20 सीरीज के अंतिम दो मैचों लिए नहीं रखा गया है। वहीं हेजलवुड भी पहले दो टी-20 मैच ही खेलेंगे।

ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल सीरीज के अंतिम तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेलेंगे। इसके अलावा बेन ड्वारशुइस को भी अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए टीम में जगह मिली है।

तीसरे एकदिवसीय के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम: मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), कूपर कोनोली, जैक एडवर्ड्स, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेट कीपर), मैथ्यू कुहनेमैन, मिचेल ओवेन, जोश फिलिप (विकेट कीपर), मैट रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क और एडम जम्पा

टी-20 टीम: मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट (केवल पहले तीन मैच), जेवियर बार्टलेट, महली बियर्डमैन (केवल आखिरी तीन मैच), टिम डेविड, बेन ड्वारशुइस (केवल आखिरी दो मैच), नाथन एलिस, जोश हेजलवुड (केवल पहले दो मैच), ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेट कीपर), मैथ्यू कुहनेमन, मिचेल ओवेन, जोश फिलिप (विकेट कीपर), मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस और एडम जम्पा

## ऑस्ट्रेलिया में किसी भी एकदिवसीय सीरीज में क्लीन स्वीप नहीं हुई भारतीय टीम

सिडनी (एजेंसी)। भारतीय टीम शनिवार को मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय में उतरेगी। ये मैच इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि आज तक भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में किसी भी एकदिवसीय सीरीज में क्लीन स्वीप नहीं हुई है। वहीं अगर भारतीय टीम इस मैच में हारती है तो उसके नाम एक शर्मनाक रिकार्ड जुड़ जाएगा। ये कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर के लिए करारा झटका होगा। मेजबान ऑस्ट्रेलिया पहले दो मैच जीतकर सीरीज में 2-0 से आगे है। वहीं अगर तीसरे और आखिरी मैच में भी भारत को हार का सामना करना पड़ता है तो मेजबान टीम इस सीरीज को 3-0 से अपने नाम कर लेगी। भारतीय टीम अंतिम बार 1984 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में एक भी मैच जीतने में विफल रही थी। 5 मैच की उस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया को 3-0 से हराया था। शुभमन के लिए, बतौर कप्तान यह पहली एकदिवसीय सीरीज है, अगर भारत यह सीरीज 3-0 से हारता है तो यह उनके करियर पर एक दाग होगा।

वहीं कोच गंभीर के लिए ये और भी नुकसान देह होगा। इससे उनके कोच के कार्यकाल प एक और दाग लगेगा। उनके कोच बनने के बाद न्यूजीलैंड ने भारत में 36 साल बाद टेस्ट सीरीज जीती। श्रीलंका के खिलाफ भारत को वनडे सीरीज में 36 साल बाद हार का सामना करना पड़ा। एक दशक बाद भारत को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं एडिलेड में 12 साल बाद भारत कोई एकदिवसीय मैच हारा।

# विधानसभा सहित अब हर चुनाव में उम्मीदवार उतारेगा पेंशनर्स एसोसिएशन

## मप्र विघुत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में किया गया एलान

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** विभिन्न शासकीय कार्यालयों से रिटायर हुए कर्मचारियों के हक अधिकारों की रक्षा करने ,उन्हें न्याय दिलाने और उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ देकर उनका जीवन आसान बनाने के प्रमुख उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए शाशन द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए विभिन्न योजनाए बनाई गई है।लेकिन विभिन्न शासकिय कार्यालयों से रिटायर हुए ऐसे कई पेंशनर्स है। जो आज भी अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर पिछले कई वर्षों से सरकार की दहलीज पर आवेदन निवेदन कर रहे हैं। लेकिन अब तक उनकी लंबित मांगे पूरी नहीं की गई है। जिसको लेकर रिटायर्ड कर्मचारी काफी परेशान है।जिनकी सुनवाई ना तो जनप्रतिधि कर रहे है, और ना उनकी सुनवाई सरकार द्वारा की जा रही है।जिसके चलते अब मप्र विघुत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन ने हर चुनाव में खुद के प्रतिनिधि उतारने का निर्णय लिया है।इसी को लेकर शुक्रवार को मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन जिला इकाई द्वारा दीपावली मिलन समारोह, एंव कैशलेश बीमा शिविर का आयोजन एक बैठक आहूत की।कमला नेहरू भवन में आयोजित इस बैठक में एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों व सदस्यों ने पेंशन की गारंटी देंने, महंगाई भत्ता बढ़ाने, अनुकंपा नियुक्ति,समय पर पेंशन सहित अपनी विभिन्न सूत्रीय मांगों को लेकर सहविस्तार चर्चा की। आयोजित इस बैठक के दौरान उन्होंने अब हर चुनाव में अपने उम्मीदवार उताकर चुनाव लड़ने और अपने प्रतिनिधि को जीतकर अपनी आवाज सदन में उठाने का एलान किया है।आयोजित इस बैठक के दौरान मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष इंजीनियर के एल गौतम, प्रांतीय उपाध्यक्ष एंव जिला सचिव ईडी पटले ,सचिव आर एस सिंह, कोषाध्यक्ष मानिकचंद ठाकरे, और इंजी.भगत सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य व अन्य पेंशनधारी कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### महंगाई भत्ता, पेंशन की गारंटी भी नहीं दे रही सरकार

आयोजित इस बैठक के दौरान मध्य प्रदेश विद्युत मंडल अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने बताया कि विद्युत मंडल के पेंशनर्स और राज्य सरकार के पेंशनर्स को अभी तक महंगाई भत्ता 4प्रति. की किस्त नहीं दी गई है। आज तक किसी भी सरकार ने महंगाई भत्ता नहीं रोका है लेकिन यह सरकार हमारा महंगाई भत्ता रोक रही है और ना ही हमें कोई आश्वासन मिल रहा है। इस तरह पेंशन की गारंटी के लिए भी हम वर्षों से गुहार लगा रहे हैं हम चाहते हैं कि सरकार एक पत्र जारी कर दे कि अमुख नियम के तहत राज्य कर्मचारियों की तरह ही मप्र विद्युत मंडल के सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन हमेशा मिलती रहेगी। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। हम आज भी उपभोक्ताओं से आने वाले पैसे और फंड के ऊपर डिपेंड है। ऐसे कई पेंशनर्स है जिनकी यह लड़ाई लड़ते हुए मौत हो गई है। लेकिन सरकार हमारी कहीं कोई सुनवाई नहीं कर रही है।

### इन बिंदुओं पर की गई चर्चा

नियमित राज्य कर्मियों के अनुरूप बकाया 4 प्रतिशत डी.ए. एवं केन्द्र के अनुरूप बकाया 30 प्रतिशत डी.ए. मय एरियर के दिये जाने, छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति समाप्त करने वाली धारा 49 के आदेश प्रसारित करने ।छठे वेतनमान का 32 माह का एवं सातवें वेतनमान का 27 माह का रिवीजन एरियर्स एवं वर्ष 2000 के पूर्व के पेंशनर का वेज रिवीजन एरियर प्रदान करने ।30 जून को सेवानिवृत्त कर्मियों को माननीय न्यायालय के आदेश के अनुरूप अतिरिक्त इकीमेंट मय एरियर दिये जाने,केन्द्र




व राज्य शासन के अनुरूप सातवें वेतनमान की विसंगति दूर कर 4400/- के ग्रेड-पे में सुधार करने,पूर्व अनुसार 25 प्रतिशत फ्री बिजली देने एवं पेंशनर्स के विद्युत देयकों में अतिरिक्त अमानत राशि नहीं लिए जाने ,सोलर प्लॉट हेतु पेंशनर्स को भी सब्सिडी देने,कैश लेस बीमा चिकित्सा सुविधा योजना में पेंशनर्स को भी जोड़े जाने,.संसदीय समिति की अनुशंसा पेंशनर्स की आयु के 65 वर्ष 70 वर्ष, 75 वर्ष, 80 वर्ष पूर्ण होने पर अतिरिक्त इंक्रीमेंट की सुवित भारत करने, कम्युटेशन एवं जीपीएफ के फाइनल भुगतान समय से करने, ग्रेजवेटी एक्ट 1972 के पात्र पेंशनर्स / फैमिली पेंशनर्स को पत्र द्वारा सूचित कर उनसे फॉर्म भरवा कर उनका भुगतान करने, प्रांतीय कार्यकारिणी में रिक्त पदों की पूर्ति करने, पेंशनर्स एसोसियेशन जबलपुर पंजीयन स. जे. जे. 4639 में आवश्यक संशोधन करने, पेंशनर्स एसोसिएशन को संगठनात्मक रूप से मजबूत करने एवं उसका प्रदेश के अन्य जिलों शहरों में विस्तार करने , राजस्थान शासन के अनुरूप म.प्र. शासन भी 2004 के बाद की भर्ती सभी कर्मियों को पूर्वानुसार पेंशन सुविधा बहाल की जाने, राज्य पेंशनर्स संघों से समन्वय कर पेंशनर्स हित मे लंबित समस्याओं के निराकरण हेतु कार्यवाही करने , और अनुकंपा नियुक्ति के लंबित सभी प्रकरणों का बिना किसी शर्त निराकरण करने सहित अध्यक्ष की अनुमति से अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

### बैलेट पेपर से जीते है चुनाव, पर नही उठा रहे हमारी आवाज, हम खुद उतारेंगे अपने उम्मीदवार- पटले

मप्र विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन प्रांतीय उपाध्यक्ष आईडी पटले ने बताया कि आज दीपावली मिलन समारोह, स्थापना दिवस और कैशलेस बीमा को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया था,लंबा संघर्ष करने के बाद हमें कैशलेस बीमा की सौगात मिली है, इसमें पेंशनर्स और उनके परिवार के सदस्यों को भी शामिल किया गया है, उन्होंने बताया कि मप्र विद्युत पेंशनर्स एसोसिएशन को पेंशन की गारंटी नहीं दी जा रही है, इसके अलावा बालाघाट में दो-दो विधायक कर्मचारियों के वोट से वैलेट पेपर के आधार पर चुनाव जीते हैं, लेकिन वे भी हमारा एहसान नहीं मान रहे हैं, हमारी आवाज को सदन में नहीं उठा रहे हैं जबकि बैहर और वारासिवनी विधायक ने हमारी आवाज को उठाना चाहिए, लेकिन वह इस पर कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। हमने आज तक जनप्रतिनिधियों के हाथ जोड़कर निवेदन किया है लेकिन अब पेंशनर्स एसोसिएशन ने आगामी विधानसभा चुनाव में खुद का उम्मीदवार मैदान में उतारने का निर्णय लिया है, आने वाले विधानसभा चुनाव सहित अन्य चुनाव में हम अपने प्रतिनिधि चुनावी मैदान में उतारकर अपनी आवाज सदन तक पहुंचाएंगे। आज तक हमारी एक भी मांग पूरी नहीं हुई है और ना ही हमारी मांगों को लेकर सरकार की तरफ से कोई जवाब आया है, इसीलिए अब हम अपनी लड़ाई खुद लड़ने के लिए तैयार है।

# 12 घंटे से लापता व्यक्ति की खेत के पेड़ में फांसी पर लटकी लाश बरामद

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** ग्रामीण थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम ओरमा के ठाकुर टोला में 12 घंटे से लापता इसी ग्राम के व्यक्ति मनोज पिता सूरज लाल टेम्भरे 36 वर्ष की खेत के पेड़ में फांसी लटकी हुई लाश बरामद की गई। इस व्यक्ति ने किस वजह से फांसी लगाकर आत्महत्या की अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। ग्रामीण पुलिस ने इस व्यक्ति की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज टेम्भरे अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। जो अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता था। जिसके परिवार में माता-पिता के अलावा पत्नी और दो बच्चे है। मनोज टेम्भरे खेती किसानी के अलावा फर्नीचर का भी काम करता था। 23 अक्टूबर को मनोज टेम्भरे अपने घर में ही था। शाम 6:00 बजे करीब मनोज टेम्भरे अपने घर से खेत जाने के लिए निकला था। किंतु रात्रि में मनोज टेम्भरे घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने गांव मोहल्ले में तलाश किया किंतु मनोज टेम्भरे नहीं मिला। 24 अक्टूबर को सुबह परिजनों के अलावा गांव मोहल्ले के लोग मनोज टेम्भरे की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान 8 बजे करीब खेत में खमेंर के पेड़ में मनोज टेम्भरे फांसी पर लटका दिखाई दिया। जिसकी मौत हो चुकी थी। मनोज टेम्भरे ने साड़ी का छोर पेड़ की शाखा में बांध कर फांसी लगा ली थी। सूचना मिलते ही मौके पर गांव वालों की भीड़ लग गई वही समनापुर पुलिस चौकी प्रभारी प्रधान आरक्षक विद्या सागर पटले अपने स्टाफ के साथ ग्राम ओरमा ठाकुर टोला पहुंचे और मृतक मनोज टेम्भरे की पेड़ में फांसी पर लटकी लाश नीचे उतरवायी और पंचनामा कार्यवाही पश्चात लाश जिला अस्पताल बालाघाट में पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिये है। बताया गया है कि कि मनोज टेम्भरे मिलनसार व्यक्ति था और जिसका गांव में किसी के साथ कोई रंजिश विवाद नहीं थी और किसी से कोई लेनदेन भी नहीं था। उसकी आर्थिक स्थिति भी ठीक थी। इस व्यक्ति ने किस वजह से फांसी लगाकर आत्महत्या की अभी पूर्ण रूप से स्पष्ट नहीं हो पाया है। समनापुर पुलिस चौकी प्रधान आरक्षक विद्या सागर पटले ने धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

# समय पर नही खुला उकवा का सीनियर बालक छात्रावास

**पद्मेश न्यूज।उकवा।** केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेकों प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है ,वही छात्र-छात्राओं के हितों के लिए लाखों रुपया खर्च कर रही है किंतु कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते शिक्षा समय पर नहीं मिलती और ना ही समय पर छात्रावास खुलते हैं। जैसा की 18 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक शासन के द्वारा दीपावली की छुट्टी घोषित की गई थी 24 अक्टूबर को छात्रावास एवं स्कूल खुल जाने थे किंतु कुछ ऐसे छात्रावास है जो 11बजे तक नहीं खुले और कुछ छात्र आकर वापस चले गए। इसी प्रकार का एक मामला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल उकवा के अंतर्गत सीनियर बालक छात्रावास उकवा में 24 अक्टूबर शुक्रवार को समाने आया।जहा छात्रावास 11 बजे तक नहीं खुला, जबकि कुछ छात्र 9 से 10 बजे के भीतर छात्रावास में रहने वाले आ चुके थे, किंतु छात्रावास नहीं खुलने के कारण वह अपने घर चले गए।

### सप्ताह में मात्र 2 दिन छात्रावास में रहते है अधीक्षक

स्थानीय लोगो की माने तो छात्रावास




अधीक्षक रामलाल पटले सप्ताह में मात्र दो दिन छात्रावास में रहता है वह भी दिन में और रात्रि में अपने घर बालाघाट चले जाते है। बाकी दिन बालाघाट में रहते है उक्त शिकायत पर जब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उकवा के प्राचार्य राजेंद्र कुमार भटेरे ने स्वयं जाकर जब देखा तो उस समय 11 बजे हुए थे एक कर्मचारी झाड़ू लगा रहा था और बाकी कमरों में ताला लगा हुआ था।प्राचार्य के द्वारा पूछा गया और निरीक्षण किया गया तो छात्रावास अधीक्षक नदारत थे, जैसे ही छात्र अधीक्षक को भनक लगी की प्राचार्य और मीडिया छात्रावास में आए हैं तो छात्रावास अधीक्षक के द्वारा अस्पताल में भर्ती होने का फोटो प्राचार्य को भेजा गया। छात्रावास अधीक्षक रामलाल पटले के द्वारा तबीयत खराब थी तो आवेदन देना था किंतु उसके द्वारा आवेदन नहीं दिया गया जबकि छात्रावास के कर्मचारी संदीप गजभिए से मोबाइल पर चर्चा हुई तो संदीप गजभिए ने बताया कि छात्र अधीक्षक बालाघाट से आ रहे हैं रास्ते में है मुझे छात्रावास अधीक्षक रामलाल पटले का फोन आया था और जैसे ही प्राचार्य निरीक्षण करने छात्रावास पहुंचे तो छात्र अधीक्षक ने अपनी हॉस्पिटल में भर्ती होने की फोटो प्राचार्य एवं मीडिया को भेजा।

### पहले भी अधीक्षक पर गिर चुकी है निलंबन की गाज

बताया गया कि अधीक्षक आए दिनो विवादों में घिरे रहये है, इसके पूर्व भी वह गोगलई छात्रावास में अधीक्षक के पद पर थे, वहां पर भी उन्हें कार्य मे लापरवाही के चलते निलंबित किया गया था।स्थानीय लोगो द्वारा ऐसे छात्रावास अधीक्षक को तत्काल निलंबित कर उसे बालाघाट में अटैच कर करने की मांग की है।ताकि पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य अंधकार ना हो सके, कुछ छात्रों ने यह भी बताया कि हमें मीनू चार्ट के आधार पर खाना नहीं मिलता, ना ही समय पर नाश्ता मिलता है, सडी गली सब्जियां खिलाई जाती है, विरोध करने पर छात्र अधीक्षक के द्वारा डराया धमकाया जाता है, छात्र अधिकारियों के सामने डरते हैं और सच्चाई को बताने के लिए भी डरते हैं।

### संबंधित अधीक्षक के खिलाफ कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा- राजकुमार

प्राचार्य राजेंद्र कुमार भटेरे ने औपचारिक चर्चा में बताया कि मैं स्वयं जाकर 11 बजे देखा तो छात्र अधीक्षक नदारत थे, एकमात्र कर्मचारी था जो झाड़ू लगा रहा था ,छात्रावास पूरा गंदा पड़ा हुआ था मैं छात्रावास अधीक्षक के खिलाफ संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने हेतु लिखूंगा।

# सेना मे हुआ युवक का चयन तो पुरे गांव ने मनाया जश्न

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। कुछ ऐसा कर गुजर की लोग सर आँखों पर बिठाये, बात जब वतन की हो तो तो फिर पूरा गांव ही जश्न मनाये... जी हाँ बालाघाट मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत बोदा मे एक और युवक मनोज नगपुरे का सेना के बीआरओ मे चयन होने के बाद जब वह अपने गृह ग्राम बोदा मे वर्दी पहनकर पंहुचा तो पुरे गांव मे खुशी का ठिकाना नहीं रहा, पुरे गांव मे दीपावली पर्व के बाद मानो दुबारा उत्साह से भरा हुआ कोई पर्व आ गया हो, गांव मे त्यौहार और गर्व का माहौल बना रहा।ज्ञात हो की ग्राम बोदा से लगभग 10 युवाओं का सेना या अन्य फोर्स मे चयन हो चूका है और अब एक और युवक मनोज पिता दिगंबर नगपुरे के द्वारा एसएससी के तहत एग्जाम निकालकर बिआरओ के लिए सिलेक्ट हुए जिसके बाद वर्दी पहनकर जब वह अपने गांव लौटा तो गांव वालों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। जहा डीजे की धुन पर मनोज को फूलमाला पहनाकर ग्रामीण युवाओं के द्वारा गांव मे लाया गया, मनोज नागपुरे को गांव का भ्रमण कराया गया,वही नाचते झूमते और उत्साह से लबरेज युवा देश भक्ति गीतों पर जमकर थिरकते दिखाई दिए। इस दौरान बिआरओ के लिए सिलेक्ट हुए मनोज को चौक चौराह पर लोग अपने कंधो पर उठाकर नाचते झूमते रहे गांव मे उत्साह के इस माहौल को देख ग्रामीण भी गर्व से फुले नहीं समाये, गांव का भ्रमण कर जब मनोज अपने घर



के सामने माता पिता के पास पंहुचा तो यंहा रास्ते मे बिछाये फूलो से चलते हुए मनोज ने पिता दिगंबर नागपुरे को गर्व से अपने सर की केप पहनाई और उनका आभार जताया एक पिता के लिए और देखने वालों के लिए यह,एक गर्व और भावुक पल था वही माँ ने अपने लाडले की आरती उतारकर उसे घर लें गई।बताया गया कि पिछले एक दशक मे ग्राम बोदा से सेना मे 10 युवा जा चुके है और उसी परंपरा को निभाते हुए मनोज ने सेना के बिआरओ मे जाकर वतन के प्रति जुझारूपन और देश सेवा मे गांव का मान बढ़ाया है।

# 1 नवंम्बर से हेलमेट होगा अनिवार्य, 12 स्थानों पर बनेंगें चेक प्वाईंट

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगर की चरमराई हुई यातायात व्यवस्था को सुधारने और वाहन चालकों को यातायात नियमों का बोध कराकर, उन्हें नियमों का पालन करने के प्रमुख उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस हमला नगर की सड़कों पर उतर चुका है।वरिष्ठ अधिकारियों से मिले निर्देशन पर पुलिस विभाग द्वारा नगर के 12 स्थान को चिन्हित कर उन स्थानों में विशेष चेकिंग पॉइंट बनाए गए हैं। जहां से गुजरने वाले वाहनों पर नजर रख, उन वाहनों की विशेष जाँच की जा रही है। इस दौरान चेकिंग पाइप से तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहनो,और मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने वालों के साथ-साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको को रोककर, विशेष चेकिंग अभियान शुरू कर दिया गया है।जिसका एक नजारा नगर के विभिन्न चौक चौराहों में शुक्रवार की देर शाम नजर आया। इस दौरान छोटे स्तर के कर्मचारियों के लेकर वरिष्ठ स्तर तक के अधिकारियों कर्मचारियों ने वाहन चालकों को रोककर यातायात नियम कानूनों की जानकारी दी। तो वही त्योहारों के सीजन में होटल संचालको को रात्रि के समय दी गई छूट भी वापस करते हुए, रात 11 बजे तक होटल का संचालन बंद किए जाने की बात कही गई है। साथ ही 1 नवंबर से हेलमेट की अनिवार्यता लागू किए जाने की बात भी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कही गई है।

### एसपी ने खुद देखी यातायात की चरमराई हुई व्यवस्था, तो फोन लगाकर बुलाया अमला

शहर की अराजक हो चुकी यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने की जिम्मेदारी अब स्वयं एसपी आदित्य मिश्रा ने ली है। शुक्रवार को देरशाम एसपी आदित्य मिश्रा, आंबेडकर चौक पहुंचे और अव्यवस्थित वाहनों के आवागमन को देखते हुए उन्होंने अमले को बुलाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के निर्देश दिए। कप्तान के निर्देश के बाद सीएसपी से लेकर आरक्षक तक का अमला, जैकेट और लाठी के साथ मैदान में उतरा। पुलिस ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए 12 पाईंट बनाए गए है, जहां वाहनों की चेकिंग की जाएगी। इसके अलावा मोबाईल पार्टी भी घूमेगी।यही नहीं बल्कि चौक-चौराहो पर यातायात स्टापर को लगाया जा रहा है, ताकि आवागमन व्यवस्थित हो सके।

# मार्शल आर्ट ट्रेनिंग तथा ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्रो का वितरण समारोह सम्पन्न

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले में पहली बार कुबोडो मार्शल आर्ट ट्रेनिंग खेल का आयोजन किया गया। यह खेल बालाघाट जिले से प्रारंभ किया जा रहा है ऑल इंडिया कुबोडो मार्शल आर्ट के जनरल सेक्रेटरी शोभित पांडेय द्वारा कानपुर से बालाघाट जिले में प्रथम कुबोडो मार्शल आर्ट प्रशिक्षण कैंप का आयोजन कर ट्रेनिंग देकर इस खेल की शुरुआत कर रहे हैं।जिससे जिले के खिलाड़ी पुणे में आयोजित होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व कर सके।यह प्रशिक्षण कैंप दिनांक 24- 25 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। जिसका आयोजन कराटे स्पोर्ट्स प्रशिक्षण एवं एजुकेशन संघ के तत्वाधान में मध्य प्रदेश कुबोडो एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी संतोष पारधी द्वारा किया गया। कार्यक्रम उद्घाटन में मुख्य अतिथि मौसम हरिनखडे सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग मध्य प्रदेश, विशिष्ट तिथि , संजय मिश्रा भारतीय जनता पार्टी उपाध्यक्ष ,कार्यक्रम प्राचार्य पीएम श्री जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय डॉ अशोक कुमार मराठे , पी ,एस ,कातुलकर एच ओ डी , कार्यक्रम अध्यक्ष चंद्रकांत पीपलेवर , सविता केवल सोनकर वार्ड नंबर 12 पार्षद सभापति नगर पालिका परिषद बालाघाट तथा ,प्रमुख अतिथि शोभित पांडे ऑल इंडिया कुबोडो मार्शल आर्ट जनरल सेक्रेटरी तथासदस्य पदाधिकारी अमर सिंह ठाकुर, शुभम मनेश्वर, साक्षी खैरकर संजू मेश्राम, नरेंद्र परिहार, राहुल जेमी, विजय धमडे रोहित लिल्हारे राहुल मर्सकोले, लक्षी लाल नागेश्वर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संस्था के पदाधिकारी द्वारा सितो ,रियों कराटे स्कूल आफ इंडिया द्वारा प्राप्त ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्रो का वितरण संस्था के दो खिलाड़ियों को किया गया। आयोजन के दौरान अतिथियों ने ईशा संतोष चौरागडे , वंश मुन्ना बर्वे एवं राज्य, राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल के पदक विजेता खिलाडियों को मेडल प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। जिसमें कराटे ,जूडो, जुजुत्सु खेल सम्मिलित है।बताया गया कि दिल्ली में आयोजित इंटर स्टेट कराटे चैंपियनशिप में अनिल सावंनकर द्वारा एक रजत पदक प्राप्त किया गया था, वही सुशांक पारधी एक स्वर्ण पदक, वंश बर्वे द्वारा एक स्वर्ण पदक उमंग जघेले द्वारा एक रजत पदक प्राप्त किया गया था।वही राज्य स्तर अलग-अलग विधाओं में दो कप प्राप्त किया तथा सहारनपुर में 12 से 15 अक्टूबर में जुजुत्सु नेशनल चैंपियनशिप में बालाघाट से दो खिलाड़ियों द्वारा सहभागिता की गई जिसमें आशीष नागपुरे, राजेंद्र नागपुरे का शमावेश था इसके अलावा राज्य स्तर पर आयोजित मध्य प्रदेश जूडो प्रतियोगिता में बालाघाट के दो



पर जबलपुर मे आयोजित के टी कप चैंपियनशिप में बालाघाट जिले की 6 छात्राओं ने भाग लेकर उक्त स्थान प्राप्त किया जिसमें सृष्टि बनवारी, ने कराते की दो अलग-अलग विधाओं में तीसरा स्थान प्राप्त कर दो कप प्राप्त किया इस प्रकार मिताली बनवारी द्वारा दूसरा स्थान प्राप्त कर एक कप प्राप्त किया, दिविता राउत द्वारा दूसरा स्थान प्राप्त कर कराते की दो अलग-अलग विधाओं में दो कप प्राप्त किया, रोशनी ठाकरे द्वारा तीसरा स्थान प्राप्त कर दो अलग-अलग विधाओं में दो कप प्राप्त किया, विनीता उइके द्वारा दूसरे स्थान प्राप्त कर दो अलग-अलग विधाओं में दो कप प्राप्त किया गया, वंदना उईके द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त कर दो खिलाड़ी हिमांशु डोंगरे, जयवर्धन तथा प्रशिक्षक शुभम मनेश्वर सहभागी रहे।इन सभी खिलाडियों को मेडल ,प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकरकर सम्मान किया गया साथी कार्यक्रम के अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।उधर कार्यक्रम के अंत मे संस्था के संरक्षक अनिल घुवारे अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी उपाध्यक्ष रविंद्र भाटिया सदस्य राजेंद्र बल्ले महाविद्यालय क्रीड़ा प्रभारी अनिल झरबडे ,जिला खेल एवं कल्याण अधिकारी एवं खेल विभाग के सभी सदस्य नगर पालिका अध्यक्ष भारतीसुरजीत सिंह ठाकुर द्वारा खिलाड़ियों को मेडल प्रमाण पत्र प्राप्त करने तथा ट्रेनिंग कैंप मैं भाग लेने के लिए शुभकामनाएं प्रदान की गई।

मान्यवर,

खुशी के इस अनुपम क्षणों में आपको आमंत्रित करते है...

बालाघाट-लालबर्रा क्षेत्र के हमारे लाड़ले भाई

# अनुराग चतुरमोहता जी



का

# जन्मदिन समारोह

मनाने जा रहे है, जिसमें आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

:: कार्यक्रम ::

25 अक्टूबर 2025, दिन शनिवार

समय शाम 07 बजे से आपके आगमन तक

स्थान - होटल गुलमोहर इन, बालाघाट (म.प्र.)

निवेदक : टीम अनुराग बालाघाट-लालबर्रा

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710, **स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शांडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. M P /HIN/2009/32311 , न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट